सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 29.1
न्यूनतम : 23.3

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-91 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025
26 रबीउलअव्वल 1447 हिजरी



हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# प्रधानमंत्री मोदी ने की नेपाल की पीएम सुशीला कार्की से बात

■ शांति बहाली में समर्थन का वादा दोहराया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने शांति और स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर ट्वीट किया, नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई दुखद जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। साथ ही मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

यह बातचीत 8 सितंबर को हिंसक झड़पों और विरोध प्रदर्शनों की वजह से संसद भंग होने के बाद सुशीला कार्की की ओर से नेपाल में अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ दिनों बाद हुई है। इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व मुख्य रूप से जेनरेशन जेड युवा कार्यकर्ताओं ने किया था। प्रदर्शन भ्रष्टाचार, जवाबदेही की कमी और राजनीतिक अभिजात वर्ग की कथित विफलता को लेकर बढ़ती निराशा से उपजे थे। आंदोलन तत्कालीन नेपाली सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के बाद शुरू हुआ था।

नेपाल की 73 वर्षीय पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद बीते शुक्रवार को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक रूप से अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में उनके नाम का समर्थन किया।

इससे पहले मंगलवार को नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सिंह दरबार स्थित सुशीला कार्की से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की थी। नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए पोस्ट के अनुसार, बैठक के दौरान राजदूत श्रीवास्तव ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में कार्की की नियुक्ति पर प्रधानमंत्री मोदी का बधाई संदेश दिया। श्रीवास्तव ने दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग के घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

**नेपाल में प्रदर्शन के बाद बदले हालात**

नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश और अब पहली महिला प्रधानमंत्री कार्की को जेनरेशन जेड के नेतृत्व वाले आंदोलन का समर्थन प्राप्त है, जिसने पिछले कुछ दिनों में राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया है। वह 5 मार्च, 2026 तक इस पद पर रहेंगी, जिसके बाद नए चुनाव होंगे।

# जीएसटी में अब तक का सबसे बड़ा रिफॉर्म : योगी

■ 22 सितंबर से लागू होंगी नई दरें, प्रदेश के लोगों को होगा फायदा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में सुधार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति आभार और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया है। उन्होंने 22 सितंबर से लागू हो रही जीएसटी के नई दरों को नेक्स्ट जेन जीएसटी का नाम देते हुए कहा कि केंद्र सरकार का आम जनता के लिए दीपावली का बड़ा उपहार है।

मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा नई जीएसटी दरों के लागू होने से सबसे अधिक फायदा होगा, क्योंकि यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है। सीएम ने कहा कि करों में जन-केंद्रित सुधार से देश की तरह यूपी की जीडीपी में भी 0.2 से 0.3 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का अनुमान है। पहली बार जब जीएसटी लागू हुआ था तो उस समय इसके करों के पांच स्लैब थे। जिसे घटाकर अब सिर्फ दो ही स्लैब (पांच और 18 प्रतिशत) कर दिए गए हैं। सिर्फ लग्जरी सामानों के लिए 40 प्रतिशत जीएसटी का स्लैब अलग है। उन्होंने कहा कि जीएसटी की नई दरों में रोजमर्रा के सामग्री शामिल किए जाने से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार होने के नाते उत्तर प्रदेश को जीएसटी सुधारों का सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले यूपी में वैट और सेल टैक्स से केवल 49000 करोड़ रुपये का राजस्व आता था। 2017 के बाद यह बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपये हो गया। यही नहीं, प्रदेश में एक्सप्रेसवे, मेट्रो और एयरपोर्ट नेटवर्क का विस्तार भी टैक्स सुधार से संभव हुआ। यूपी को खासतौर पर पिपरमेंट, फुटवियर, रेडीमेड वस्त्र और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) उद्योगों से लाभ होगा। सिंथेटिक मेंथॉल पर 18 प्रतिशत टैक्स और ऑर्गेनिक मेंथॉल पर केवल 5 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जिससे यूपी के किसान और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने ने कहा कि आगरा व कानपुर में चमड़ा उद्योग का बड़ा काम है, जीएसटी काउंसिल ने 2500 रुपये तक के जूतों पर पांच प्रतिशत की दर से कर लगाया है। इसका लाभ भी इस उद्योग को मिलेगा। 2500 रुपये तक के रेडीमेड कपड़ों पर पांच प्रतिशत टैक्स का लाभ भी प्रदेश को मिलेगा। सीएम ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले देश में अलग-अलग कर लागू था। जिनमें वैट, सेल टैक्स, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, एंट्री टैक्स और मनोरंजन कर जैसे जटिल कर उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भारी पड़ते थे।

**घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत**

मुख्यमंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि जीएसटी दरें कम होने से लोगों का पैसा बचेगा तो वे और अधिक खरीददारी करेंगे। दूध, दही, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों से जुड़े सामान पर शून्य से पांच प्रतिशत ही टैक्स लगेगा। इससे न सिर्फ रोजमर्रा के खर्च कम होंगे बल्कि उपभोक्ता की क्रय क्षमता बढ़ेगी। इससे देश की जीडीपी में दो लाख करोड़ रुपये का इजाफा होने की उम्मीद है।

# सीबीआई ने अनिल अंबानी व राणा कपूर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

■ 2,796 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में एक्शन



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ उद्योगपति समूह की कंपनियों आरसीएफएल और आरएचएफएल, यस बैंक और बैंक के पूर्व सीईओ राणा कपूर के परिवार की कंपनियों के बीच कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन को लेकर गुरुवार को आरोपपत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने बताया कि इन लेनदेन से बैंक को 2,796 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर अपने आरोपपत्र में संघीय एजेंसी ने कहा है कि अंबानी अनिल धीरूभाई अंबानी (एडीए) समूह के अध्यक्ष और रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के निदेशक हैं, जो आरसीएफएल और आरएचएफएल की होल्डिंग कंपनी है। एडीए समूह की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी उपलब्ध नहीं हो सकी।

अंबानी के अलावा, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राणा कपूर, बिंदु कपूर, राधा कपूर, रोशनी कपूर, आरसीएफएल, आरएचएफएल (अब ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड), आरएबी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, ब्लिस हाउस प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन हैबिटेट प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन रेसिडेंस प्राइवेट लिमिटेड और मॉर्गन क्रेडिट्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया है।

सीबीआई ने बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की शिकायत पर 2022 में यस बैंक के तत्कालीन प्रबंध निदेशक और सीईओ कपूर, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के खिलाफ दो मामले दर्ज किए।

# राहुल की यात्रा घुसपैठियों को बचाने के लिए थी : अमित शाह

■ लालू जी, घुसपैठियों का वोट काटा है तो आपके पेट में तेल क्यों उबल रहा है



**बेगूसराय।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बेगूसराय में कहा कि अभी-अभी राहुल बाबा यहां आए थे। एक यात्रा निकाली थी। उन्होंने जो यात्रा निकाली थी वह यात्रा घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्रा थी। मुंगेर और पटना प्रमंडल के सभी कार्यकर्ताओं से मैं पूछना चाहता हूं कि इन घुसपैठियों का हमारी मतदाता सूची में नाम होना चाहिए? घुसपैठियों को हमारे गरीबों का राशन मिलना चाहिए क्या? इन घोस्ट पत्तियां को रोजगार, घर मिलना चाहिए क्या? 5 किलो अनाज मुफ्त में मिलना चाहिए क्या? 5 लाख तक का इलाज फ्री में मिलना चाहिए क्या?

राहुल गांधी बिहार के गरीबों की बिहार के युवाओं की चिंता नहीं करते। बांग्लादेश से आए हुए घुसपैठियों की चिंता करते हैं। मैं आज बताना चाहता हूं कि बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बना दो, मोदी जी के नेतृत्व में बिहार से चुन-चुन कर घुसपैठियों को निकालने का काम होगा। मतदाताओं के गहन पुनरीक्षण से मतदाताओं की सूची को घुसपैठियों के प्रदूषण से मुक्त करने के लिए है। आप हजारों लोग यहां बैठे हैं, किसी का वोट कटा है? अरे लालू जी, घुसपैठियों का वोट काटा है तो आपके पेट में तेल क्यों उबल रहा है? क्योंकि हम सबको मालूम है कि यह घुसपैठिए लालू और राहुल के वोट बैंक हैं।

शाह ने कहा कि लालूजी क्या करना चाहते हैं? यह योजनाएं, यह लाभ, यह अधिकार घुसपैठियों में बांटना चाहते हैं। लालूजी, आप चिंता मत करो। हम भाजपा के कार्यकता संकल्प कर इस बार मैदान में उतरें कि इस बार हमारा बहुमत देख अगली बार तेजस्वी चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं कर सकें। इस जोश के साथ हमें चुनाव लड़ना है। यह 11 वर्षों पार्टी की यात्रा में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। अटल, आडवाणी से लेकर कैलाशपति मिश्र तक की चर्चा करते हुए शाह ने कहा- ऐसे ढेर सारे लोगों ने इस पार्टी के लिए जीवन दे दिया है।

हम बचपन से अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने का सपना देखते थे। राहुल बाबा मजाक उड़ाते थे कि कहते हैं मंदिर तो बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। तो देख लो, मोदी जी ने शिलान्यास भी किया और मंदिर बनाकर जय श्रीराम भी कर दिया। काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर बनाया। सोमनाथ का मंदिर सोने से बन रहा है। 800 करोड़ के खर्चे से सीतामढ़ी में माता सीता का मंदिर बनने की शुरुआत हो गई है। मोदीजी ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया। डॉ. मनमोहन सिंह ने मोदीजी को 11 नंबर का अर्थतंत्र दिया था, मोदी जी ने उसे चौथे नंबर पर ला दिया।

**कांग्रेस वालों ने तो पाकिस्तान की आदत बिगाड़ दी थी : शाह**

भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस वालों ने तो पाकिस्तान की आदत बिगाड़ दी थी। आए दिन हमला करते थे। सीमा पर आए दिन गोलाबारी होती रहती थी। अब देखो, एक बार सर्जिकल स्ट्राइक, एक बार एयर स्ट्राइक और फिर भी नहीं सुधरे तो ऑपरेशन सिंदूर कर घर में घुसकर चीथड़े उड़ा दिए। मोदी जी ने देश को सुरक्षित करने का काम किया।

# सीएम ने प्रदेश की शीर्ष नौकरशाही में किया बड़ा बदलाव

■ मुख्य सचिव एसपी गोयल के पास से सभी विभाग हटे, बदले गए 14 आईएएस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की शीर्ष नौकरशाही में बृहस्पतिवार को बड़ा बदलाव कर दिया। मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के पास से सभी विभाग हटा लिए गए हैं। माना जा रहा है कि स्वास्थ्य कारणों के चलते उन्होंने स्वयं ये दायित्व छोड़े हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार का कद बढ़ाते हुए उन्हें अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त भी बना दिया गया है। साथ ही बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार के पास से हटाकर पार्थसारथी सेन शर्मा को दे दिए गए हैं। प्रमुख सचिव पार्थसारथी के पास अभी तक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग थे।

कुल 14 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। शीर्ष नौकरशाही में हुए इस बदलाव में जहां अमित कुमार घोष, पी गुरुप्रसाद और रणवीर प्रसाद का कद बढ़ाया गया है, वहीं मुकेश कुमार मेश्राम और अमृत अभिजात को अपेक्षाकृत कम महत्व के माने जाने वाले विभाग मिले हैं। दीपक कुमार को कृषि उत्पादन आयुक्त व अपर मुख्य सचिव के साथ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा, नागरिक उड्डयन एवं समन्वय विभाग और परियोजना निदेशक यूपीडास्प का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नागरिक उड्डयन को छोड़कर ये सभी पद अभी तक मुख्य सचिव गोयल के पास थे। दीपक कुमार को माध्यमिक व बेसिक शिक्षा की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। पार्थसारथी सेन शर्मा को प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रमुख सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा बनाया गया है। अमित घोष को प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, पशुपालन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य से प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग, मुकेश कुमार मेश्राम प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य से पशुपालन, दुग्ध एवं मत्स्य विभाग, अमृत अभिजात को नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग से पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग भेजा गया है।

**संजय प्रसाद से लिया गया उड्डयन विभाग**

संजय प्रसाद को प्रमुख सचिव नागरिक उड्डयन विभाग की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है और शेष विभाग उनके पास यथावत रहेंगे। अजय चौहान को प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग के साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी उपशा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार तृतीय से पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण एवं सामान्य प्रशासन विभाग तथा निदेशक हिंदी संस्थान का प्रभार वापस से लिया गया है। उन्हें नोडल अधिकारी जीरो पावर्टी उप्र अभियान का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अन्य विभाग उनके पास पूर्ववत बने रहेंगे।

## आतंकवादियों से निपटने के गुर सीखेंगे यूपी के पुलिसकर्मी

**लखनऊ।** पुलिस के उपनिरीक्षक से लेकर एडिशनल एसपी रैंक के अधिकारी एनआईए के विशेषज्ञों से आतंकवाद से मुकाबला करने के गुर सीखेंगे। एनआईए द्वारा कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग का दो दिवसीय कोर्स एनआईए कार्यालय में होगा।

इसमें 2008 से पहले आतंकवाद के स्वरूप की जानकारी देने से लेकर वर्तमान की चुनौतियों से निपटने के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षण निदेशालय ने प्रत्येक कमिश्नरेट और जिले से पुलिसकर्मियों के नाम देने को कहा है। प्रदेश पुलिस के उन 30 पुलिसकर्मियों को ही प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जो वर्तमान में विवेचना संबंधी कार्य कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण 24 व 25 सितंबर को एनआईए कार्यालय में दिया जाएगा।

# वोट चोरों को बचा रहा चुनाव आयोग : राहुल

■ नेता विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लगाए आरोप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी नेता राहुल गांधी की महत्वपूर्ण प्रेस कान्फ्रेंस से पहले गुरुवार को चेतावनी भरा संदेश जारी कर कहा कि लोक सभा में विपक्ष के नेता बहुत बड़ा खुलासा करने वाले हैं, इसलिए अपनी कुर्सी की पेटी बांध लीजिये। कांग्रेस ने यह संदेश अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर एक पोस्ट में दी है। पार्टी ने इस पोस्ट के साथ राहुल गांधी के मतदाता सूची में गड़बड़ी का खुलासा करने वाली पिछली प्रेस कान्फ्रेंस तथा बिहार में मतदाता अधिकार रैली के दौरान उनके हाइड्रोजन बम वाले बयान के वीडियो भी पोस्ट किये हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पूरे देश में कांग्रेस को वोट देने वाले मतदाताओं के नाम जानबूझकर सूची से हटाये जा रहे हैं और यह काम स्वचलित, विकेंद्रीकृत तथा बहुत रणनीतिक रूप से पूरे देश में किया जा रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर देश के लोकतंत्र को तबाह करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया और कहा कि जब शिकायत की जाती है तो उसकी कोई सुनवाई नहीं होती।

इससे साफ है कि ज्ञानेश कुमार आरोपियों को बचा रहे हैं और वोट चोरी की कार्रवाई को संरक्षण दे रहे हैं। श्री गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रणनीति के तहत वोट काटे जा रहे हैं और कांग्रेस तथा विपक्षी दलों के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में कर्नाटक के अलंद का जिक्र किया और बताया कि वहां 6018 वोट काटे गये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन मतदाताओं के नाम काटे गये हैं, उनको पता ही नहीं है कि उनका नाम सूची से कटा है।

**सियासत** किस करवट बैठेगा ऊंट, राहुल और तेजस्वी की जोड़ी क्या हिट होगी

# बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अभी भी सबसे बड़ा चेहरा



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 18 सितंबर को बिहार के भागलपुर और सासाराम पहुंचे। मकसद बिहार में 20 जिलों के नेताओं से फीडबैक लेना। यह दौरा प्रधानमंत्री के दौरे के बाद हो रहा है। इससे पहले राहुल गांधी और तेजस्वी यादव साथ हलचल पैदा कर लौट आए हैं। तेजस्वी की जन अधिकार यात्रा चल रही है। एक बड़ा सवाल है कि इस बार बिहार का ऊंट किस करवट बैठेगा?

राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी कहते हैं कि इस बार बिहार में रोचक घमासान होगा। कांग्रेस के विधायक शकील अहमद खान के मुताबिक सब ठीक है, लेकिन बिहार में भाजपा के पास अपना कोई मुख्यमंत्री बनने और चुनाव में नेतृत्व देने लायक स्थानीय नेता नहीं है। भाजपा इस बार भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ही सहारे है और नीतीश कुमार अब पहले वाले नहीं रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का कहना है कि एनडीए फिर सत्ता में आ रहा है। जायसवाल कहते हैं कि बिहार के लोगों को महागठबंधन का मतलब बताने की जरूरत नहीं है। भाजपा ने बिहार की 243 विधानसभा सीटों के लिए 'चलो जीते हैं' के नारे के साथ 243 वाहनों को रवाना किया है।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 25 साल लगातार मुख्यमंत्री रहने के बाद अभी भी सबसे बड़ा चेहरा हैं। जदयू के कोटे से केंद्र सरकार में मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह से बिहार चुनाव और नीतीश कुमार पर सवाल पूछिए तो मुस्कराकर आगे बढ़ जाते हैं। नीतीश की सरकार के एक मंत्री कहते हैं कि अभी तो प्रचार चल रहा है। चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। होने दीजिए। धीरे-धीरे बादल हटेंगे और मतगणना के बाद हम सरकार बना लेंगे। सूत्र का दावा है कि इस चुनाव में 2020 नहीं होगा। इस बार लोजपा के चिराग पासवान एनडीए के साथ हैं। वरिष्ठ मंत्री का इशारा 2020 में चिराग के जदयू के लिए वोट कटवा की भूमिका की तरफ था। उनका दावा है कि इस बार जदयू 2010 के चुनाव परिणाम को दोहरा सकती है।

दूसरे नंबर पर वह आगामी चुनाव में नई जीत सकने वाली सीटों को वरीयता देते हैं। इसके लिए उम्मीदवार के चयन में किसी तरह की कोताही से परहेज करते हैं। कहते हैं कि उन्होंने 2020 के चुनाव में अपनी रणनीति से पासा पलट दिया था। भाजपा चुनाव परिणाम में 74 सीट के साथ दूसरे नंबर की पार्टी बनी थी। राजद 75 सीट के पहले नंबर पर आई थी। जबकि पहले नंबर पर रहने वाली जदयू तीसरे नंबर चली गई।

**भाजपा की रणनीति का हिस्सा है शाह का दौरा**

अमित शाह चुनाव में बिना होम वर्क के आगे नहीं बढ़ते। पार्टी संगठन के फीडबैक के साथ-साथ कई स्तर पर वह फीडबैक लेते हैं। शाह के बारे में आम है कि वह वैकल्पिक स्थिति को राजनीति में हमेशा तैयार रखते हैं और पन्ना प्रमुख, बूथ प्रमुख के स्तर से शुरू करके राज्य स्तर की रणनीति बनाने में भरोसा रखते हैं। माना जा रहा है कि 18 सितंबर का बिहार का दौरा इसी सिलसिले में हुआ है। शाह की पहली तैयारी पिछले चुनाव में जीती हुई सीटों पर कमजोरी दूर करके उस पर जीत तर्ज करने पर केन्द्रित रहती है।

# सेबी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़े मामले में अदाणी समूह को दी क्लीन चिट

■ हेरफेर के आरोप किए गए खारिज




**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग मामले में अदाणी समूह को शेयर बाजार नियामक सेबी से बड़ी राहत मिली है। सेबी ने गुरुवार को गौतम अदाणी और उनकी समूह कंपनियों, जिनमें अदाणी पोर्ट्स और अदाणी पावर शामिल हैं, के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से लगाए गए स्टॉक हेरफेर के आरोपों को खारिज कर दिया।

यह आदेश अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड, अदाणी पावर लिमिटेड, एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, गौतम शांतिलाल अडानी और राजेश शांतिलाल अदाणी पर लागू होता है। मामले पर विचार करने के बाद, सेबी ने कहा कि उसने बिना किसी निर्देश के नोटिस प्राप्तकर्ताओं के खिलाफ तत्काल कार्यवाही को समाप्त करने का निर्णय लिया है। अमेरिका स्थित वित्तीय अनुसंधान फर्म और शॉर्टसेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट में आरोप लगाया गयाथा कि एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड का उपयोग विभिन्न अदाणी समूह कंपनियों से सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध अदाणी पावर को वित्तपोषित करने के लिए धन भेजने के साधन के रूप में किया गया था। सेबी की ओर से क्लीन चिट मिलने के बाद अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सेबी ने इस बात की पुष्टि की है कि हिंडनबर्ग के दावे निराधार थे। पारदर्शिता और ईमानदारी हमेशा से अदाणी समूह की पहचान रही है। हम उन निवेशकों का दर्द गहराई से समझते हैं जिन्होंने इस धोखाधड़ी और प्रेरित रिपोर्ट के कारण पैसा गंवाया।

# 45 लाख रुपये की लागत से तैयार की गयी किट, जरूरत पड़ने पर और भी किट की जाएंगी तैयार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों। ये पंक्तियां योगी सरकार के लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन पर पूरी तरह से चरितार्थ होती हैं। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आपदा में जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जहां पर जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी द्वारा बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। यह किट योगी सरकार द्वारा सरकारी वित्तीय सहायता, मुआवजा और राहत किट के अतिरिक्त वितरित की जा रही है। इस किट को जिलाधिकारी की पहल पर 45 लाख रुपये की लागत से कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से तैयार किया गया। इसी के साथ खीरी पूरे प्रदेश में ऐसा पहला जिला हैं, जहां पर बाढ़ पीड़ितों के लिए सीएसआर स्पेशल किट वितरित की जा रही है। एक किट की लागत करीब 900 रुपये है। बता दें कि पिछले वर्ष भी आपदा की घड़ी में सीएम योगी के मार्गदर्शन में सीएसआर स्पेशल किट



का वितरण किया गया था जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा आपदा के समय प्रदेशवासियों के साथ खड़े रहते हैं। उनके द्वारा न केवल आपदा की घड़ी में पीड़ितों को हर संभव मदद उपलब्ध करायी जाती है बल्कि वह खुद पीड़ितों पर दर्द साझा करने के लिए उनसे मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछते रहते हैं। इसी क्रम में सीएम योगी की दूरदर्शी सोच को आत्मसात करते हुए सरकारी सहायता के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों में 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किट को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए जिले की पांच बाढ़ प्रभावित तहसीलों के सभी बाढ़ प्रभावित गांव में निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और 70 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही हर जरूरतमंद को स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को सदर तहसील में विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, सीडीओ अभिषेक कुमार, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ जरूरतमंदों को सीएसआर स्पेशल किट वितरित की। वही तहसील पलिया में विधायक रोमी साहनी के साथ एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार,धौरहरा में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, एडीएम (न्यायिक) अनिल रस्तोगी और एसडीएम शशिकांत मणि जबकि गोला में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने CSR स्पेशल किट वितरित कीडीएम ने बताया कि गुरुवार को जिले की निघासन, धौरहरा, गोला गोकर्णनाथ और पलिया तहसीलों में चिन्हित दिव्यांगजन, निराश्रित महिला एवं 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले वृद्धजनों को स्पेशल सीएसआर किट का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि फिलहाल बाढ़ पीड़ितों को पांच हजार स्पेशल किट उपलब्ध करायी जा रही है। वहीं जरूरत पड़ने पर और भी सीएसआर स्पेशल किट को बनवाया जाएगा। किट में मच्छरदानी, छाता, बैटरी सहित टॉर्च, सेनेटरी पैड (2 पैकेट) और गर्म पानी रखने के लिए 2 लीटर की थर्मस शामिल है।

# दो लोगों के तीन बैंक खातों से 57 हजार से अधिक रुपये उड़ा लिए साइबर ठगों ने




*अवधनामा संवाददाता*


**लखीमपुर-खीरी।** जिले में साइबर ठगों ने एक ही दिन दो अलग-अलग वारदातों में दो लोगों के तीन बैंक खातों से कुल 57 हजार से अधिक रुपये उड़ा लिए। पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पहला मामला मोहम्मदी क्षेत्र का है। मूलरूप से गुजरात के कारंच स्थित जिताली निवासी और फिलहाल मोहम्मदी में रह रहे चंदन कुमार ने बताया कि 8 सितंबर 2025 को अज्ञात व्यक्ति ने यूपीआई के जरिए उनके दो बैंक खातों से 52,500 रुपये निकाल लिए। इसमें आईसीआईसीआई बैंक खाते से 36 हजार रुपये और बैंक ऑफ बड़ौदा गुजरात ब्रांच से 16,500 रुपये की निकासी की गई। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। दूसरी घटना निघासन थाना क्षेत्र में हुई। गांव माझा निवासी नवजोत सिंह के मुताबिक 8 सितंबर को उनके बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा निघासन शाखा के खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 4,984 रुपये उनकी जानकारी के बिना निकाल लिए गए, जबकि खाते में कुल 5,585 रुपये ही जमा थे। दोनों पीड़ितों ने पुलिस से मामले की गहन जांच कर साइबर ठगों को पकड़ने और उनकी निकाली गई रकम वापस दिलाने की मांग की है।

## बाबू शिवदयाल चैरसिया हमेशा समाज के उत्थान एवं पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगेः अनुराग पटेल



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी विचारों के धनी स्व0 शिवदयाल चैरसिया पूर्व सांसद राज्यसभा की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी सपा पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने कहा कि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रहे बाबू शिवदयाल चैरसिया समाज के उत्थान एवं पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए उनका योगदान सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उनकी प्रेरणा हमें समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में कार्य करने की शक्ति प्रदान करती रहेगी। ऐसे समाजवादी विचार धारा के महान पुरूष को नमन करते है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राम पाल यादव अंसार महलूद, मो0 कयूम खां, जिला उपाध्यक्ष अशोक कश्यप, मिर्जा शेखू, आनन्द पटेल, अब्दुल मन्नान उस्मानी, रिजवान उस्मानी, सत्याराम वर्मा, दीपक रस्तोगी, इशरार अहमद, यदुवेन्द्र वर्मा, उमेश गिरि, अमित वर्मा, शहनवाज, रामपाल चैरसिया, अमन चैरसिया, अभिषेक चैरसिया, अशीष चैरसिया, कुनाल चैरसिया, डबलू चैरसिया, अचिन चैरसिया, जितेन्द्र वर्मा, उमेश यादव, आयुष यादव, रमन मनार, मनोज कुमार, रामनिवास सहित सैकडों कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## घटना का सफल अनावरण करते हुये वांछित 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना खीरी पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 621/25 धारा 103 (1) /109(1) /191(2) /333/118(1) /115(2)/351 (3) /352 बीएनएस व 3(1)(द)/3(1)(ध)/ 3(2) (Va)/ 3(2)(V) sc/st Act की घटना का सफल अनावरण करते हुये मुकदमा उपरोक्त में वांछित 03 नफर अभियुक्तों 1.दिनेश तिवारी पुत्र रामगोपाल तिवारी, 2.आशीष तिवारी पुत्र रामगोपाल तिवारी, 3. सुरेश तिवारी पुत्र गयाप्रसाद तिवारी निवासी गण ग्राम कदियापुर मजरा महोला थाना खीरी जिला खीरी को घटना में प्रयुक्त आला-कत्ल, 03 अदद बांका बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

## अजगर को देख ग्रामीणों के उड़ गए होश

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** दक्षिण निघासन लुधौरी वन रेंज क्षेत्र के ओरीपुरवा गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे लगी तोरई की झाड़ पर करीब 15 फीट लंबा अजगर लिपटा दिखाई दिया। विशालकाय अजगर को देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। उसे देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। रेंजर गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में वनकर्मी अक्षय, राजेंद्र वर्मा समेत टीम मौके पर पहुंची। टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उसे बोरे बंद कर लिया और दक्षिण निघासन लुधौरी वन रेंज के ब्लॉक वन क्षेत्र में ले जाकर छोड़ दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल फोन से अजगर को वीडियो भी बना लिया निघासन तहसील क्षेत्र के मंझरा पूरब गांव में मंगलवार को 15 फीट के अजगर ने आवारा कुत्ते को निगल लिया था। यह अजगर गन्ने के खेत में निकला था। गन्ने की फसल में हलचल होने पर ग्रामीणों को पता चला। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़कर दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन जंगल में सुरक्षित छोड़ा था।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना गोला पुलिस द्वारा, मु0सं0 4208/16 धारा 26/41/42 एफ एक्ट में वारण्टी अभियुक्त शारदा पुत्र मुरली नि0 नीचीभूड थाना गोला रेन्ज जिला खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

# सिंधिया गांव में 17 घर शारदा में समाए, शारदा नदी के मुहाने पर पूरा गांव

### शारदा की लहरों ने गांव की कृषि भूमि को निगल लिया

**लखीमपुर-खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के सिंधिया गांव में शारदा नदी के मुहाने पर पूरा गांव आ गया है। प्रशासन ने पीड़ितों को सुरक्षित स्थान पर बसने के निर्देश तो दिए मगर सरकारी मरहम ग्रामीणों के घाव नहीं भर पा रहा है। आंखों में बेबसी के आंसू लिए पीड़ित अपना आशियाना छोड़कर अन्य गांवों में रहने को मजबूर हैं। बुधवार तक गांव के 17 घर शारदा में समा गए। अब गांव में मात्र गिनती के 5- 6 घर बचे हैं जिन्हें शारदा की विकराल लहरों में समा जाने की आशंका है बिजुआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत जौहरा गुजारा का मजरा सिंधिया गांव शारदा की तलहटी में बसा था। यहां के लोगों की कमाई का जरिया मात्र खेती किसानी था। गांव में शारदा के कटान ने ऐसा कहर ढाया कि पूरा गांव ही समाप्त हो गया। इस गांव के ग्रामीणों की लगभग 50 एकड़ से अधिक भूमि अब तक शारदा में समाहित हो चुकी है। गांव से पलायन कर चुके लोगों में हाहाकार मचा है। शारदा नदी से कुछ दूरी पर सिंधिया गांव बसा था गांव में अमन चैन था और लोग भी खुशहाल थे। सबसे पहले शारदा की लहरों ने गांव की कृषि भूमि को निगल लिया। इसके बाद नदी की लहरों ने गांव में कहर बरपाना शुरू कर दिया। जिससे धीरे-धीरे पूरे गांव को अपनी लहरों की चपेट में ले लिया। गांव में अब मात्र पांच या छह घर ही शेष बचे हैं वह भी कटने के बिल्कुल करीब हैं।

## विधान परिषद के स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की वोटर लिस्ट का डि-नोवो पुनरीक्षण 30 सितंबर से

**लखीमपुर खीरी।** डीएम / सहा0 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, लखनऊ खण्ड शिक्षक / स्नातक निर्वाचन क्षेत्र जनपद-खीरी ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 05 खंड स्नातक (लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ व इलाहाबाद-झांसी) और 06 खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों (लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद व गोरखपुर-फैजाबाद) की निर्वाचक नामावलियों का डि-नोवो (De-Novo) पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया है। इन क्षेत्रों के निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 6 दिसंबर 2026 को समाप्त हो रहा है भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियां आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया व दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार की जाएंगी। विधि एवं न्याय मंत्रालय की 17 जून 2022 की अधिसूचना के तहत स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्धारित प्रपत्र 18 व 19 में आंशिक संशोधन किया गया था। यह नया संशोधित फार्म 1 अगस्त 2022 से लागू है। संशोधित प्रपत्र में आधार नंबर दर्ज करने का कॉलम स्वैच्छिक है। यानी आवेदक को आधार नंबर देने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

**प्रमुख तिथियां**

30 सितंबर 2025 (मंगलवार)- नियम 31(3) के तहत सार्वजनिक नोटिस जारी

15 अक्टूबर 2025 (बुधवार)- नियम 31(4) के तहत अखबारों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन

25 अक्टूबर 2025 (शनिवार)- नोटिस का द्वितीय पुनर्प्रकाशन

6 नवंबर 2025 (गुरुवार)- फार्म 18 (स्नातक) या 19 (शिक्षक) में आवेदन की अंतिम तिथि

20 नवंबर 2025 (गुरुवार)- पांडुलिपियों की तैयारी व आलेख्य नामावली का मुद्रण

25 नवंबर 2025 (मंगलवार)- निर्वाचक नामावलियों का आलेख प्रकाशन

25 नवंबर से 10 दिसंबर 2025- दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि

25 दिसंबर 2025 (गुरुवार)- दावे-आपत्तियों का निस्तारण व अनुपूरक सूची का मुद्रण

30 दिसंबर 2025 (मंगलवार)- निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन।

## किसी विशेष को लक्ष्य बनाकर नकारात्मक खबरों को प्रकाशित करने से बचें पत्रकारः डीएम

# पत्रकारों की समस्याओं का समयबद्ध कराया जायेगा निस्तारणः मनीष बंसल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि पत्रकारों को जनहित के समाचारों को भी समाचार पत्रों में स्थान देना चाहिए तथा झूठी खबरों एवं अफवाहों का खण्डन अनिवार्य रूप से करना चाहिए। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों में महत्वपूर्ण और प्रेरणायुक्त समाचारों के प्रकाशन से समाज में एक बेहतर संदेश जाता है। उन्होने कहा कि आमजनों के बीच सकारात्मक खबरों का प्रचार-प्रसार किया जाए जिसका वह अधिकतम लाभ उठा सकें। किसी विशेष को लक्ष्य बनाकर नकारात्मक खबरों को प्रकाशित करने से बचना चाहिए। मान्यता प्राप्त पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के दृष्टिगत संबंधित



एजेंसी से सूचना निदेशालय से प्राप्त पत्राचार के आधार पर वार्ता की जाएगी।

जिला चिकित्सालय में चिकित्सा अधीक्षक को सभी के साथ संवेदनशीलता बनाए रखने के लिए कहा गया है तथा पूर्व में हुए घटनाक्रम को लेकर समन्वय बैठक की जा चुकी है। उन्होने कहा कि चिकित्सक स्वास्थ्य रक्षा के लिए समाज में अग्रणी है एवं हम सभी का दायित्व है कि आमजन की स्वास्थ्य रक्षा हो सके। उन्होने पत्रकारों से अनुरोध करते हुए कहा कि मरीज की स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखकर तथा चिकित्सा अधीक्षक से जानकारी करते हुए कार्य किया जाना आवश्यक है।

मनीष बंसल ने कहा कि अनावश्यक रूप से किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने मान्यता प्राप्त पत्रकारों को टोल प्लाजा पर आने जाने की निःशुल्क सुविधा दिलाये जाने की मांग पर नियमानुसार निर्णय लेने का आश्वासन दिया। सूचना संकुल की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराये जाने के लिए जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस सम्बन्ध में भूमि चिन्हीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होने कहा कि इस संदर्भ में नगर निगम से भी वार्ता की जाएगी।

पत्रकारों में नैतिक धर्म का पालन किए जाने के प्रकरण में वरिष्ठ पत्रकार द्वारा मुद्दा उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में चिन्हित कर कार्य किया जाएगा। पत्रकारों को पेंशन संबंधी मुद्दे पर उन्होने कहा कि यह नीतिगत मामला है। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने कहा कि पत्रकारों के मामलों की जांच कर ही कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिला सूचना अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता, जिला स्तरीय स्थायी समिति के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र सिंघल, हर्ष प्रभाकर, यश प्रभाकर, आसिफ अंसारी तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य आलोक तनेजा शामिल रहे।

# साइबर जागरुकता अभियान के तहत किया गया जागरुक



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** नन्नूमल जैन विद्या मंदिर बिल्सी में यहां पढ़ने वाली छात्र-छात्राओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत जानकारियां उपलब्ध कराते हुए जागरूक किया गया।

बृहस्पतिवार को पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) गौरव उपाध्याय द्वारा बिल्सी क्षेत्र के नन्नूमल जैन विधा मंदिर इन्टर कालेज में स्कूली छात्र-छात्राओं को डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर क्राइम से बचाव हेतु अपनाये जाने वाले तौर तरीकों से अवगत कराया गया तथा साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। पुलिस ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि साझा ना करे। खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल https://cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दर्ज करें।

साइबर जागरुकता अभियान के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वैष्णवी नृत्यालय के साधकों ने दी महारास की शानदार प्रस्तुति

## प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर 75 बच्चों की सजायी गयी झांकी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनमंच मे आयोजित 'अतुल्य भारत' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर वैष्णवी नृत्यालय द्वारा 75 बच्चों की झांकी सजाते हुए मां भारती के हाथों में दीप प्रज्वलित कराकर एक अनूठे ढंग से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। उद्घाटन विभाग प्रचारक आशुतोष, महापौर डॉ. अजय कुमार, विधायक राजीव गुंबर, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, संस्था सचिव अतुल नैब तथा पार्षद व कार्यक्रम संयोजक ज्योति अग्रवाल प्रणामी द्वारा दीप प्रज्वलित व रिबन काटकर किया गया।

वैष्णवी नृत्यांलय की संचालक, अंतर्राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना रंजना नैब के निर्देशन में वैष्णवी नृत्यालय के साधकों प्रिंसी पराजेश, तेजस्वी, वसुधा, हिमांशी,



छवी सरकार, जया गुप्ता, व माधव ने कथक शास्त्रीय नृत्य में सजी गणपति वन्दना की प्रस्तुति से कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। वैस्टर्न ड्रम पर धनंजय कौशिक द्वारा गणेश और शिव स्तुति की शानदार प्रस्तुति से पूरा सभागार गूंज उठा। धनंजय तथा उक्त सभी साधकों को नटराज सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

वैष्णवी नृत्यालय का महाभारत महारास कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। सौ किलो फूलों की होली के साथ-साथ गीता उपदेश, द्रोपदी रक्षा, चौपड़ और बरसाने की होली में पूरा सभागार थिरक उठा। बजाज इण्टर नेशनल स्कूल की दुर्गा और सेंट मेरीज स्कूल की देश भक्ति की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। प्रस्तुति के लिए रंजना नैब व कार्यक्रम संयोजक ज्योति अग्रवाल ने कोरियोग्राफर कुन्जन व चंचल सैनी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा 'स्वरमयी संगीत एकेडमी' के साधकों ने प्रवेश चौधरी के निर्देशन में देशभक्ति भरी प्रस्तुति, ''ऐ वतन मेरे वतन, ऐ वतन आबाद रहे तू.....''दी तो सभागार भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।

अन्य कलाकारों को महापौर डॉ. अजय कुमार, विधायक राजीव गुंबर, उपसभापति मयंक गर्ग, मेला वाइस चेयरमैन अहमद मलिक, सुषमा बजाज व टीना नैब आदि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जबकि महेंद्र तनेजा, के एल अरोड़ा व लविश पोपली द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। उक्त के अलावा कार्यक्रम में कन्हैया गुप्ता, अश्विनी सुखीजा, विवेक गर्ग व अरुण तेजस्वी आदि शामिल रहे। संचालन प्रवेश धवन ने किया।

# शाकंभरी नदी में आयी बाढ़ ने बरपाया कहर, लोहे का पुल ध्वस्त

## दर्जनों गांवों का संपर्क तहसील व जिला मुख्यालय से कटा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाओं और शिवालिक पहाड़ियों में भारी बारिश के बाद घाड क्षेत्र की सभी बरसाती नदियों में उफान आ गया। शाकंभरी नदी में पानी का सैलाब आने से सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए बनाया गया लोहे का अस्थाई पुल ध्वस्त हो गया। इसके अलावा कई मार्गों पर आवागमन बाधित रहा और दर्जनों गांवों का संपर्क तहसील व जिला मुख्यालय से कटा रहा।

पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में बादल फटने के कारण और शिवालिक पर्वत श्रृंखलाओं में भारी बारिश के कारण तहसील बेहट क्षेत्र से गुजरने वाली बरसाती नदियों में भी उफान आ गया। सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर के सामने से गुजरने वाली बरसाती नदी में अचानक पानी आने से श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई और उन्होंने सुरक्षित स्थान पर पहुंच अपनी जान बचाई। नदी के पानी ने इस कदर रौद्र रूप दिखाया कि आगामी नवरात्र मेले को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर बनाया गया लोहे का अस्थाई पुल भी बाढ़ की भेंट चढ़ गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं के कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। नदी के पानी आने के कारण स्थानीय पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से श्रद्धालुओं को बाबा भूरादेव मंदिर पर ही रोक दिया गया। उधर, जाटोवाला के पास स्थित स्पोर्ट्स कालेज के निकट से गुजरने वाली बरसाती नदी गांगराव में भी बाढ़ आ गई और जलस्तर इतना बढ़ गया कि रपटे से टकराकर ओवरफ्लो होते हुए किसानों के खेतों में घुस गया। इसके अलावा मसखरा, चाचा राव सहित अन्य नदियों में भी बाढ़ आ गई जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क भी तहसील व जिला मुख्यालय से कटा रहा और आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर एसपी सिटी ने पुलिस बल के साथ की पैदल गश्त



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर एसपी सिटी विजयेन्द्र द्विवेदी द्वारा पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में पैदल गश्त की गई। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

बृहस्पतिवार को उन्होंने नगर क्षेत्र के कचहरी तिराहा, पुलिस लाइन चौराहा आदि जगहों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ. देवेन्द्र कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन मनोज कुमार सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

# ई-ऑफिस पर कार्य शुरु करने वाला सहारनपुर पहला स्मार्ट सिटी

## सहारनपुर स्मार्ट सिटी में भी ई-ऑफिस पर कार्य शुरु, अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ शिपू गिरि के निर्देशन में सहारनपुर स्मार्ट सिटी में भी ई-ऑफिस पर कार्य शुरु कर दिया गया है। इसके लिए स्मार्ट सिटी में नोडल ऑफिसर व ईएमडी मैनेजर मनोनीत किये गए हैं। इसके साथ ही सहारनपुर स्मार्ट सिटी देश के 100 स्मार्ट सिटी में ऐसा पहला स्मार्ट सिटी हो गया है जो ई-ऑफिस फॉरमेट में काम कर रहा है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम सहारनपुर में पहले ही ई-ऑफिस प्रणाली पर कार्य शुरु हो चुका है।

सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने ई-ऑफिस पर कार्य का शुभारंभ कराते हुए कहा कि पूरा देश डिजीटल इण्डिया की ओर बढ़ रहा है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम समय और देश के सथ चलें। ई-ऑफिस पर कार्य होने से कार्य में सरलता तो आती ही है, कार्य से सम्बंधित लोगों को भी इधर उधर



भटकना नहीं पड़ता। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं पटल सहायकों से शत-प्रतिशत कार्य ई-आफिस पर करने के लिए जोर दिया।

सहारनपुर स्मार्ट सिटी में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए स्मार्ट सिटी अधिकारियों एवं पटल सहायकों को यहां प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण आईटी ऑफिसर मोहित तलवार ने दिया । स्मार्ट सिटी के सभी अधिकारियों एवं पटल सहायकों का एक आई डी पासवर्ड बनाया गया है, जिसके माध्यम से सभी अधिकारी व लिपिक फाईल प्रोसेस कर सकेंगे। सभी अधिकारियों के पास एक कोर्ड वर्ड भी होगा। प्रशिक्षण के दौरान उक्त अधिकारियों व पटल सहायकों को डाक प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। विभाग की फाइल मूवमेंट, ड्राफ्टिंग, साइड नोटिंग आदि कैसे किया जायेगा, इस बारे में जानकारी दी गयी। आईटी अधिकारी ने बताया कि कोई भी अधिकारी या पटल सहायक जब भी किसी फाइल को आगे बढ़ायेगा तो उसके डिजीटल सिग्नेचर, दिनांक व समय उस पर अंकित हो जायेगा। स्मार्ट सिटी में ई-ऑफिस संचालन के लिए कंपनी सचिव शंकर तायल को नोडल ऑफिसर तथा आईटी ऑफिसर मोहित तलवार को ईएमडी मैनेजर मनोनीत किया गया है।

# सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने मारपीट पीड़ित विकलांग से की मुलाकात



**अस्पताल में इलाज व नाम बदलने की लापरवाही पर जताई नाराजगी**

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने बुधवार देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कबरई निवासी विकलांग भरतलाल साहू से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित का हालचाल जाना और डॉक्टरों को समुचित इलाज के निर्देश दिए। सांसद ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही और कागजों में पीड़ित का नाम बदलने जैसी गंभीर अनियमितता पर कड़ी नाराजगी जताई।

गौरतलब है कि बीते दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर भरतलाल साहू के साथ मारपीट हुई थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में आया था। गंभीर हालत के चलते पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका इलाज जारी है।

सांसद लोधी ने भरतलाल से पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने विकलांग व्यक्ति के साथ मारपीट को निंदनीय बताया और दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की। सांसद ने पीड़ित को हर संभव न्याय दिलाने और कानूनी लड़ाई में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। सांसद ने घटना को लेकर उच्च अधिकारियों से भी बातचीत की और न्याय का आश्वासन दिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीड़ित को किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचाते हुए बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में नाम बदलने जैसी अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष शोभालाल यादव, लल्लू साहू सहित कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने भी अस्पताल प्रशासन की ढिलाई पर नाराजगी व्यक्त की और पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की पीड़ित भरतलाल ने सांसद को बताया कि मारपीट से वह बुरी तरह घायल हुआ है और उसे न्याय चाहिए। इस पर सांसद ने उसे ढांढस बंधाते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक हुई



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।बैठक में डीएम नें निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में ई रिक्शा के माध्यम से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराएं साथ ही निर्मित आरआरसी सेंटर में एकत्रित कूड़े को पृथक्करण का कार्य कराएं एवं एकत्रित प्लास्टिक को विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत कमालपुरा में निर्मित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में भेजें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में निर्मित सामुदायिक शौचालय जो अभी तक हैंडओवर नहीं हुए हैं, उनको एक सप्ताह के भीतर हैंडओवर कराएं, इसके अतिरिक्त जिन ग्राम पंचायतों में केयरटेकर का भुगतान 03 माह से नहीं हुआ है उनसे संबंधित 52 सचिवों का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव, समाज कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा, जिला पंचायत राज् अधिकारी चंद्र किशोर वर्मा, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए : वन क्षेत्राधिकारी चरखारी

**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पर्व के तहत उत्तर प्रदेश में वन विभाग तालाबों और झीलों के किनारे वृक्षारोपण किया जाना है, जिसको लेकर गुरूवार को वन रेंच चरखारी में वन क्षेत्राधिकारी श्रीराम निरंजन की अध्यक्षता में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र में तालाबों व झीलों के आसपास स्वच्छता के साथ वृक्षारोपण अभियान चलाए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन अभियान कि प्रति किया गया।

वन क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सेवा पर्व अभियान के तहत जिले में पौध रोपण किया जाना है, जिसके लिए सरकार द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस लक्ष्य को सभी मिलकर पूरा करेंगे। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। गांधी जयंती तक चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वच्छता, वर्षा जल संचयन के साथ जल स्रोत का संरक्षण के लिए पर्यात्रण जाग्रयकता अभियान का भी आयोजन किया जाना है।

# डीएम की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन समिति ग्रामीण की बैठक हुई



**हसीव खान संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिला स्वच्छ भारत मिशन समिति ग्रामीण की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य वित्त आयोग में उपलब्ध धनराशि में से 97.67 प्रतिशत व 15वे वित्त आयोग में 90.28 प्रतिशत भुगतान हो गया है, जिलाधिकारी द्वारा 22 सितंबर तक पूरा भुगतान कराने के निर्देश दिये, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के मात्र 292 आवेदन लंवित है जिलाधिकारी द्वारा सभी आवेदनों का तत्काल सत्यापन कराने के निर्देश दिए,। डीपीआरओ ने बताया कि ओडीएफ प्लस घोषित गाँवो में से 97.46 प्रतिशत का सत्यापन हो गया है, कुल चयनित 580 आरआरसी में से 568 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए व संबंधित मौजूद रहे।

## स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज में आपदा से संबंधित जानकारी दी गई

**फर्रुखाबाद।** रेलवे रोड स्थित स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज में आपदा प्रबंधन टीम द्वारा आपदा से संबंधित जानकारी दी जिसमें सी0पी0आर0 , स्नेक बाइट, चोट लगे व्यक्ति को किस प्रकार ले जाना और पानी में डूबते हुए व्यक्ति को किस प्रकार बचाना सभी आपदाओं से बचने की जानकारी बच्चों को दी गई।

# कवि सुदीप चन्द्र हल्दर को भारत प्रतिभा सम्मान




**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** भारतीय साहित्य एवं विद्या क्षेत्र के उदीयमान कवि एवं चिन्तक सुदीप चन्द्र हल्दर को राष्ट्रस्तरीय विशिष्ट सम्मान भारत प्रतिभा सम्मान-2025 से अलंकृत किया गया। यह गरिमामयी एवं सौम्य समारोह प्रधानमन्त्रियों के संग्रहालय, नई दिल्ली के ऐतिहासिक प्रांगण में बुधवार को सम्पन्न हुआ।

सुदीप चंद्र हल्दर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विधि विभाग में एक शोधकर्ता के रूप में अपना कार्य कर रहा है। यह सम्मान उनके साहित्यिक एवं बौद्धिक अवदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर का आयोजन भारत प्रतिभा सम्मान परिषद् द्वारा किया गया, जिसमें अनेक विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि अनुराग ठाकुर (पूर्व केन्द्रीय मन्त्री एवं वर्तमान सांसद) द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही पद्मश्री सम्मानित प्रो.(डॉ.) कमल कुमार सेठी एवं प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना श्रीमती शोवना नारायण विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। समारोह में सम्पूर्ण राष्ट्र से 25 विशिष्ट विभूतियों को उनके- अपने क्षेत्रों में अप्रतिम योगदान हेतु सम्मानित किया गया। यह सम्मान पद्मश्री की प्रेरणा से निर्मित विशेष स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र के रूप में प्रदान किया गया। अपने उद्बोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा भारत प्रतिभा सम्मान के प्रत्येक प्राप्तकर्ता ने अपने कर्म-पथ द्वारा राष्ट्र को दिशा प्रदान की है। हमारी सरकार सच्ची प्रतिभा के सम्मान हेतु कृतसंकल्प है। उन्होंने हाल ही में दुखू माझी को पद्मश्री से सम्मानित किए जाने का उल्लेख करते हुए जनमानस के मौलिक योगदान के प्रति राष्ट्र की नवीन चेतना को रेखांकित किया। इस अवसर पर सुदीप चन्द्र हल्दर ने अवधनामा को बताया कि, भारत आगे बढ़ रहा है और निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। एक दिन भारत सचमुच में विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित होगा। आज का यह सम्मान केवल व्यक्तिगत नहीं, अपितु एक महान उत्तरदायित्व का प्रतीक है।

# योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी की रिलीज आज



**(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** त्रिशक्ति सेवा फाउंडेशन एवं हिंदू युवा वाहिनी की जिला/मंडल इकाई के सभी पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आधारित फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी की रिलीज आज शुक्रवार को आईपी मॉल सिगरा पर सुबह 8:30 बजे विशेष रूप से सम्मिलित होंगे। यह जानकारी हिंदू युवा वाहिनी के महानगर मीडिया प्रभारी अश्वनी गुप्ता 'विक्की' ने दी।

बता दे की अभिनेता परेश रावल अपनी नई फिल्म को लेकर इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जिंदगी पर आधारित बायोपिक है. रिलीज से पहले फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की तरफ से कई अड़चनों का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस फिल्म को बिना किसी कट के मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही अब यह फिल्म थिएटरों में 19 सितम्बर को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# आयुर्वेद सप्ताह के दूसरे दिन जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन

**एमजीयूजी के आयुर्वेद कॉलेज ने आयुर्वेद के महत्व की दी जानकारी**



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) द्वारा मनाए जा रहे आयुर्वेद दिवस सप्ताह समारोह के दूसरे दिन जनजागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस क्रम में गोरखनाथ मंदिर परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया एवं आसपास के क्षेत्रों में लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया गया। विश्वविद्यालय के आयुर्वेदाचार्यों और विद्यार्थियों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया तथा रोग-निवारण और स्वास्थ्य संवर्धन हेतु जड़ी-बूटियों के प्रयोग, आहार-विहार के नियमों एवं दैनिक दिनचर्या की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। चौकी माफी ग्राम में हर घर, हर दिन आयुर्वेद के उद्देश्य से तथा कृषि विज्ञान केंद्र में भी विशेष आयुर्वेद जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने सामान्य रोगों के लिए घरेलू उपचार, औषधीय पौधों के महत्व और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपायों को सरल भाषा में बताया। ग्रामीण अंचल के नागरिकों ने इन कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयुर्वेद को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय ने कहा आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की पूर्ण प्रणाली है। यदि हम अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक सिद्धांतों, आहार-विहार और औषधियों का समुचित प्रयोग करें, तो न केवल रोगों से मुक्ति पा सकते हैं बल्कि एक संतुलित, निरोग और सुखमय जीवन व्यतीत कर सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शांति भूषण ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक आयुर्वेद का संदेश पहुँचे।

## वाराणसी में ओवरलोडेड ट्रकों के खिलाफ विशेष प्रवर्तन अभियान

**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा वाराणसी में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़कों पर ओवरलोडिंग की समस्या को नियंत्रित करना तथा सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान भारी मात्रा में माल लादकर नियम विरुद्ध तरीके से चल रहे ट्रकों की गहन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई।

आज गुरुवार की कार्रवाई में कुल 12 ट्रकों का चालान किया गया तथा इनमें से 7 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया गया। इस संयुक्त प्रवर्तन अभियान में सुधांशु रंजन,सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) वाराणसी तथा अखिलेश पांडेय, यात्रीकर अधिकारी वाराणसी सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ओवरलोडिंग से न केवल सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है बल्कि सड़कों को गंभीर क्षति पहुँचती है।

# राजभाषा पखवाडा के अंतर्गत बरेका में तकनीकी गोष्ठी का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत आज गुरुवार को बनारस रेल इंजन कारखाना प्रशासन भवन के कीर्ति कक्ष में ÷जीवन शैली बीमारियां का रोकथाम व नियंत्रण÷ विषयक तकनीकी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस तकनीकी गोष्ठी में बरेका के प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.देवेश कुमार ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जीवन शैली बीमारियां एवं उनके रोकथाम व नियंत्रण से संबंधी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया।

चिकित्सा अधिकारी डा.देवेश कुमार ने विशेष रूप से कहा कि, समय के साथ प्रकृति में परिवर्तन हो रहा है,लेकिन मानव अपनी आदतों में सुधार नहीं कर रहा है, बीमारी का सबसे बड़ा कारण यही है। जीवन शैली बीमारियों के कारण सबसे ज्यादा मौतें भारत में हो रही है,खासकर महिलाओं में अधिक हो रही है। मोटापा,उच्च रक्त चाप,शुगर, लकवा, दमा, श्वांस रोग,कैंसर आदि मुख्य जीवन शैली बीमारी है। उन्होंने बताया कि जीवन शैली बीमारी का मुख्य कारण शारीरिक श्रम में कमी, दोषपूर्ण खान-पान,अधिक कैलोरी भोजन ग्रहण करना एवं कम कैलोरी व्यय करना आदि है। उन्होंने जीवन शैली बीमरियों के रोकथाम के लिए बताया कि स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन, धूम्रपान न करने के फायदों को बताया।

## वाराणसी के फूलपुर गैंगरेप केस में बड़ा फैसला, तीनों दोषियों को आजीवन कारावास

**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** फूलपुर थाना क्षेत्र की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए तीन आरोपियों-गोलू गौंड,नानक पटेल और सूरज गौंड को आजीवन करवा का सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो-द्वितीय) नितिन पांडेय की अदालत ने तीनों को 70-70 हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया। इसमें से 50 प्रतिशत राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में दी जाएगी।

19 मई 2023 को किशोरी गंगा आरती देखकर लौट रही थी। तभी बाबतपुर के पास बाइक सवार युवकों ने किशोरी को रास्ते में रोका विरोध करने पर पैर पर बाइक चढ़ाई व खेत में ले जाकर गैंगरेप किया। आरोपियों ने वारदात का वीडियो बना वायरल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों को पकड़ा। एक नाबालिग निकला, जिसकी विवेचना अलग चल रही है।

# कलैक्ट्रेट में आगरा खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**अंतिम निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 30 दिसम्बर 2025 को होगा**

**अलीगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आगरा खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के वर्ष 2026 में प्रस्तावित चुनाव को लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई।

डीईओ ने बताया कि मतदाता सूची के पुरनीक्षण के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार 30 सितम्बर को सार्वजनिक नोटिस जारी किया जाएगा। 15 अक्टूबर को समाचारपत्रों में प्रथम प्रकाशन और 25 अक्टूबर को द्वितीय प्रकाशन होगा। फार्म-18 व 19 पर आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 नवंबर है। निर्वाचक नामावलियों की तैयारियों के उपरांत 20 नवंबर को प्रारूप का प्रकाशन और 25 नवंबर से 10 दिसम्बर तक दावे-आपत्तियां दाखिल किए जा सकेंगे। 25 दिसम्बर को दावे-आपत्तियों का निराकरण करने के उपरांत अंतिम निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 30 दिसम्बर 2025 को होगा। उन्होंने बताया कि आगरा खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 74 मतदेय स्थल जबकि आगरा खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 17 मतदेय स्थल हैं। उन्होंने बताया कि स्नातक मतदाता के लिए 16 दिसम्बर, 2022 अथवा उससे पूर्व स्नातक उपाधि प्राप्त करना आवश्यक है, जबकि शिक्षक मतदाता के लिए 30 नवम्बर, 2025 तक मान्यता प्राप्त संस्थान में तीन वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण होना अनिवार्य है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने संबंधित अधिकारियों एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने और पात्र मतदाताओं को समय से अपने नाम सम्मिलित कराने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

## उप कृषि निदेशक, कृषि रक्षा, डा0 सतीश मलिक ने धान की फसल के लिए जारी की एडवाइजरी

**अवधनामा संवाददाता, अलीगढ़।** उप कृषि निदेशक, कृषि रक्षा, डा0 सतीश मलिक ने धान की फसल के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि धान की फसल में कीट-रोग सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न कीट-रोगों का प्रकोप देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि तना वेधक तनों में घुसकर मुख्य शूट को क्षति पहुँचाता है, जिससे बढ़वार की स्थिति में मृतगोभ तथा बालियॉ आने पर सफेद बाली दिखाई देती हैं, इसके बचाव हेतु क्लोरेन्ट्रालिलिप्रोल 18.5प्रति0 एस0सी0 150 मिली0/है0 अथवा आइसोसाइक्लोसीरम 18.1प्रति0 एस0सी0 300 मिली0/है0 मात्रा को 500 से 600ली0 पानी में घोलकर प्रयोग करें। ब्राउन प्लांट हापर एवं अन्य प्रकार के फुदकों का प्रकोप भी देखा गया है। जो कि पौधों का रस चूस लेते हैं जिससे हापर वर्न वन जाता है, के उपचार के लिये ट्राईफ्लूजोपाइरीन 10प्रति0स्पाइनोटोरम 12प्रति0 डब्लू0जी0 250ग्रा0/है0 अथवा पाइमैट्रोजिन 50प्रति0 डब्लू0जी0 300ग्रा0/है0 अथवा डाइनैटोफ्यूरान 20प्रति0 एस0सी0 150 से 200ग्रा0/है0 मात्रा को 500 से 600ली0 पानी में घोलकर प्रयोग करें।

## ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित होंगे डिजिटल-बाल एवं किशोर पुस्तकालय

**अलीगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी यतेन्द्र सिंह ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित किये जाने के लिए ग्राम पंचायतों में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए पाठ्य सामग्री व पुस्तकों के चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत पुस्तकें शासकीय, अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें, जिसमें स्थानीय भाषाओं के साहित्यकारों, स्थानीय प्रकाशन, स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रनायकों एवं शहीदों की जीवनी, स्थानीय व क्षेत्रीय लेखकों, प्रतिष्ठित विद्वानों की पुस्तकें, कवियों की पुस्तकें जिसमें स्थानीय इतिहास, संस्कृति साहित्य से सम्बन्धित हों, को भी शामिल किया जाना है। इसके साथ ही प्रतियोगगिता की तैयारी कर रहे छात्रों के आवश्यकतानुसार व महिलाओं एवं बाल साहित्य से सम्बन्धित ज्ञानवर्धक पुस्तकों को भी शामिल किया जाना है।

## कानूनगो, लेखपाल, प्रापर्टी डीलर सहित आठ लोगों पर कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर।** सहजनवा गीडा थाना क्षेत्र के हरैया निवासी जलालुद्दीन पुत्र लालजी का शमशेर और रामपतियाके खेत के बगल में चकमार्ग स्थित है। जिसके लिए शमशेर और रमपतिया ने पत्थर नसब के लिए एसडीएम सदर के यहां वाद दाखिल किया था। आदेश के बाद पत्थर नसब की पैमाईश हुई। सभी लोग अपने अपने हिस्से की भूमि पर काबिज हो गए थे। कुछ दिन बाद कानूनगो, लेखपाल, प्रापर्टी डीलर,तथा अन्य लोग चोरी से भूमि की पैमाईश कराकर दूसरे लोगों को कब्जा देने लगे थे। पीड़ित द्वारा जब विरोध किया गया। विपक्षी गाली गलौज, मारपीट पर आमादा हो गए। और मौके पर मौजूद लेखपाल असलहा निकाल कर धमकाने लगा था। पीड़ित ने गीडा थाने, आईजीआरएस, एसएसपी, सहित उच्चाधिकारियों से शिकायत दर्ज कराया लेकिन न्याय नहीं मिला।

# नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक भाजपा द्वारा चलाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**




**फर्रुखाबाद।** बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत बढ़पुर स्थित शहनाई गेस्ट हाउस में भाजपा द्वारा प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि शिवओम अंबर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्त के रूप में सांसद मुकेश राजपूत ने संबोधन दिया। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया कल 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक पार्टी एवं संगठन द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कर सुधार में एक ऐतिहासिक क्रांति लाने का कार्य किया है जिसके अंतर्गत जीएसटी की दरों में ऐतिहासिक कटौती करके देश के आम जनमानस को राहत देने का कार्य किया है आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने विकसित व आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार करने के लिए कर सुधार करके साहित्यिक निर्णय लिया है व्यापारियों तक प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी के लिए प्रबुद्ध वर्ग संवाद जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मुख्य वक्ता सांसद मुकेश राजपूत ने कहा देश में पहली बार जब जीएसटी लागू हुई थी तब भी केंद्र में बीजेपी सरकार ने कर सुधार में क्रांति लाने का कार्य किया था सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में फिर से एक बार बदलाव करने का कार्य किया यह बदलाव गरीब एवं आम जनमानस की भावनाओं को समर्पित है सरकार द्वारा खाद्य पदार्थ एवं रोजमर्रा के उत्पादों पर शुल्क कम करके लोक कल्याण का कार्य किया है व्यापारियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जीएसटी की दरों में सरलीकरण का कार्य किया है।

## बंदरों के आतंक से नगरवासी परेशान, दर्जन भर लोग घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** सहजनवां नगर पंचायत क्षेत्र में आए बदरों ने उत्पात बहुत बढ़ गया है, जिससे नगर वासी काफी भयभीत हैं। बंदरों के आतंक से महिलाएं छत पर कपड़ा नहीं सुखाने जा रही हैं। वहीं बच्चों में भी भय का माहौल व्याप्त है आए दिन कोई न कोई बंदरों की जद् में आ जा रहा है।

बदरों ने इस कदर उत्पात मचा रखा है कि लोग बाहर गली में निकलने से डर रहे हैं , छतों पर लगे नल व पानी की टंकी को क्षति पहूचा रहे हैं , तथा अन्य समानों को भी भारी क्षति पहुंचा रहे हैं, बदर के हमले से घायल पूर्व सभासद सुभाष चंद्र मद्धेशिया,जनार्दन सिंह, इंद्रेश के साल भर के बच्चे को, सरवन यादव के बच्चों को एवं लालचंद समेंत दर्जनों लोग घायल हैं। उक्त संदर्भ में सहजनवां नगर पंचायत की सभासद नीलम यादव ने अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र दे कर बंदरों के उत्पात से निस्तारण की मांग की है।

# बीएलओ को बदलने के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरौली में तैनात बीएलओ को बदलने के लिए करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने पंचायत भवन पर प्रदर्शन किया। और प्रधान के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी सहजनवा को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रधान महेंद्र ने कहा कि पूर्व में तैनात सफाई कर्मी द्वारा बीएलओ का कार्य पारदर्शिता से किया जा रहा था। लेकिन गांव के कुछ अराजकतत्वों ने साजिश कर इस बीएलओ को हटवा दिया गया। और वर्तमान समय में गांव की आंगनबाड़ी की तैनाती बीएलओ कार्य के लिए कर दिया गया है। जो मतदाता पुनरीक्षण कार्य को प्रभावित कर सकती है। इनका परिवार और इनके सगे संबंधी हमेशा पंचायत का चुनाव लड़ते रहे है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया है। की वर्तमान समय में बीएलओ का कार्य देख रही आंगनबाड़ी को हटा कर दूसरे की तैनाती किया जाय।

इस दौरान बीडीसी पिंटू कुमार, विंध्याचल, माया देवी, इमरती देवी, हुमेला, पानमती देवी,गुड्डू, उपेन्द्र, रामभवन, हारहंगी, घोलई, आल्हा, प्रदीप, जगलाल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र सूचना
संदर्भः– निविदा सूचना सं. 106–सिग–टेन्डर–26–2025–26 दिनांकः 09.09.2025 के लिये शुद्धिपत्र।
उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है में निम्नलिखित परिवर्तन पढ़े जाये।
IREPS पर कार्य का नाम "इंटरलॉकिंग ऑफ लेवल क्रासिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ डी.एस.टी./एल.के.ओ., डी.इस.टी./I/एल.के.ओ. एण्ड ए.डी.इस.टी./एल.के.ओ. ऑफ लखनऊ डिवीजन के स्थान पर "इंटरलॉकिंग ऑफ लेवल क्रासिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ डी.एस.टी./एल.के.ओ., डी.इस.टी./I/एल.के.ओ. एण्ड ए.डी.इस.टी./एल.के.ओ. ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज" पढ़ा जाए।
अन्य शर्ते पूर्ववत् ही रहेंगी।
नं. 106–सिग–टेन्डर–26–2025–26 शुद्धिपत्र दिनांकः 15.09.2025 2876/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मंडलीय महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन, पानी संस्थान महिला वर्ग में विजेता



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय मंडलीय महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन डाभासेमर स्टेडियम में हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन आनंद कबड्डी एकेडमी और बाल कल्याण संस्थान डाभासेमर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।प्रतियोगिता में मंडल भर की कई टीमों ने भाग लिया और दमदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग के मुकाबलों ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया।

**महिला वर्ग में पानी संस्थान ने मारी बाज़ी**

महिला वर्ग के फाइनल में पानी संस्थान और डाभा सेमर स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें पानी संस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान पर सुल्तानपुर की टीम रही, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

**मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति**

समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह, अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, और पानी संस्थान के अंबरीश सिंह उपस्थित रहे। इन विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

इस टूर्नामेंट के माध्यम से न केवल प्रतिभागियों को अपनी खेल क्षमता दिखाने का अवसर मिला, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आपस में जोड़ने और खेल भावना को बढ़ावा देने का भी संदेश गया।

पूरे टूर्नामेंट के सफल संचालन में आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा। संरक्षक आलोक तिवारी, भाजपा नेता अनुराग त्रिपाठी, प्रशिक्षक लाल शुक्ल, राकेश मौर्य समेत कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं और खेल प्रेमियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# पूराकलंदर थाने की कमान अब तेज़तर्रार इंस्पेक्टर संजीव सिंह के हाथ



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जिला पुलिस कप्तान डॉ. गौरव ग्रोवर ने एक बार फिर अपने दूरदर्शी और सटीक निर्णय का परिचय दिया है। अयोध्या कोतवाली में क्राइम इंस्पेक्टर पद पर दो वर्षों तक अपनी कार्यकुशलता का परचम लहराने वाले संजीव कुमार सिंह को अब पूराकलंदर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजीव सिंह का पुलिस कैरियर उपलब्धियों से भरा है।रामजन्मभूमि और कुमारगंज जैसे अति संवेदनशील थानों पर उनकी शानदार कार्यशैली, और कोतवाली अयोध्या में अपराध नियंत्रण की कड़ी पकड़ ने उन्हें जनता का भरोसा और विभाग की सराहना दिलाई है। सरल स्वभाव और कठोर अनुशासन से पहचाने जाने वाले संजीव सिंह अब पूराकलंदर की चुनौतियों से दो-चार होंगे।कप्तान डॉ. ग्रोवर का यह निर्णय इस बात का संकेत है कि अयोध्या में पुलिस व्यवस्था अब और सख्ती तथा पारदर्शिता की राह पर है। संजीव सिंह से न केवल जनता बल्कि पूरा पुलिस महकमा आश्वस्त है कि वे पूराकलंदर में भी अपराध और अपराधियों पर कड़ा शिकंजा कसेंगे।

## 50 बच्चों को स्वर्णप्राशन, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर जोर

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विकासपुरम स्थित द किमाया क्लिनिक में गुरुवार को विश्व आयुर्वेद परिषद के सहयोग से 50 से अधिक बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. समीक्षा ने स्वर्णप्राशन के लाभों को बताते हुए कहा कि यह बच्चों की इम्यूनिटी, स्मरण शक्ति और मानसिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि यह संस्कार जन्म से 16 वर्ष तक के बच्चों को दिया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आनंद उपाध्याय ने दीप प्रज्वलन से की, जबकि समापन डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने तुलसी पौधा भेंट कर किया। अभिभावकों ने आयोजन की सराहना की।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल सर्टिफिकेट के नाम पर छात्रा से सुविधा शुल्क की मांग, विरोध पर किया अपमानित

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की एक छात्रा से मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा में कथित तौर पर सुविधा शुल्क मांगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा द्वारा विरोध करने पर उसे अपमानित कर केंद्र से भगा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देव नगर कॉलोनी, पहाड़गंज निवासी जान्हवी मौर्या, एमबीए की छात्रा हैं। विश्वविद्यालय में मेडिकल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होने के चलते वे मसौधा स्थित स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं। जान्हवी ने पर्चा बनवाने के बाद रूम नंबर 5 में मौजूद डॉक्टर या फार्मासिस्ट से संपर्क किया, जिनके नाम की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।छात्रा का आरोप है कि संबंधित कर्मियों ने उनसे कहा कि यदि सुविधा शुल्क दिया जाए तो मेडिकल सर्टिफिकेट शीघ्रता से बना दिया जाएगा, अन्यथा अनेक प्रकार की जांच कराई जाएंगी। जान्हवी ने किसी प्रकार का शुल्क देने से इंकार करते हुए जांच कराने की सहमति जताई, जिसके पश्चात उन्हें एचआईवी और आरबीसी जैसी जांचों के लिए कहा गया जबकि मेडिकल प्रमाणपत्र के लिए ऐसी जांचें जरूरी नहीं होती। जब छात्रा ने इस पर आपत्ति जताई तो कथित रूप से डॉक्टरों ने उनके साथ अभद्रता की और कहा कि कहीं और जाकर बनवा लो, यहां से तुम्हारा सर्टिफिकेट कभी नहीं बनेगा। चाहे जहां शिकायत कर लो, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इस व्यवहार से आहत छात्रा रोते हुए घर लौटी और मानसिक रूप से व्यथित हो गई। उन्होंने जिला चिकित्सक अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले की शिकायत की है तथा उचित कार्रवाई की मांग की है।छात्रा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए उन्हें न्याय दिलाया जाए और शीघ्रता से उनका मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कराया जाए।

## AIMIM नेता के विवादित बयान पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का विरोध

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ जेपी सेन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को AIMIM के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी और एसएसपी को दिया शिकायती पत्र, पत्र में शौकत अली के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। जेपी सेन ने आरोप लगाया कि शौकत अली ने राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर को लेकर सोशल मीडिया और टीवी चैनलों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव को लुटेरा बताया, जो ऐतिहासिक तथ्यों के विरुद्ध है और करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। प्रदर्शनकारियों ने अयोध्या में पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया और कहा कि शौकत अली का बयान समाज में सांप्रदायिक तनाव फैलाने वाला है। प्रदर्शन में राम शंकर वर्मा, अजीत मौर्य, राकेश राजभर, विजय राजभर समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# भाजपा सरकार खुलेआम वोट चोरी कर जनता को उसके मताधिकार से वंचित कर रही: सुरेश यादव

## देवा के ग्राम टाईकला में आयोजित पीडीए जन चौपाल में बोले सदर विधायक

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** गुरुवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड देवां के ग्राम टाईकला में आयोजित पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने पीडीए बंधुओं से वार्ता कर भाजपा सरकार की पीडीए समाज के उत्पीड़न और की रक्षा-सुरक्षा तथा संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा हेतु समाजवादी पार्टी को मज़बूत करने की अपील की। सम्मेलन में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सभी ने मुख्य अतिथि जी को फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान लल्लू लाल, रवि यादव ने की। कार्यक्रम का संचालन सुशील यादव ने किया। पीडीए सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार खुलेआम वोट चोरी का घिनौना काम कर जनता को उसके मताधिकार से वंचित कर रही है। भाजपा समझ चुकी है कि उसे आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ेगा और अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की पीडीए सरकार बनेगी। सरकार नहीं चाहती कि देश में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। इसलिए ज्यादा से ज्यादा सरकारी स्कूलों को बन्द कर आने वाली पीढ़ी को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। सम्मेलन में मौजूद सभी कार्यकर्ता एवं मददगार बुधों ने यह संकल्प लें कि संविधान को बचाने एवं देष में न्याय के राज की स्थापना के लिए अपने-अपने बूथ पर मौजूद प्रत्येक वोटर को उसके वोट के अधिकार और अहमियत को बताने का काम करें, ताकि हम अपने प्रत्येक बूथ पर जीत दर्ज कर सकें। इस अवसर पर विनोद यादव प्रधान, रमेश यादव प्रधान, गुलशन यादव प्रधान, दीपक गुप्ता, मोहम्मद उबैद, बाबुल मिश्रा, पप्पू यादव, शिव कुमार यादव, शान? सिद्दीकी, मोहम्मद आजम मालिक, कृष्ण कुमार यादव प्रधान, अमर सिंह यादव प्रधान, विजय यादव, जय करन यादव, पूर्व प्रधान कोमल रावत, सुरेंद्र यादव, जसवंत यादव कोटेदार, राजेंद्र प्रसाद यादव, त्रिभुवन यादव, शुशील यादव, अरविंद यादव, रिंकू यादव, पूर्व प्रधान पवन यादव, दिनेश रावत, रामाकांत यादव, मुलायम सिंह यादव, कुलदीप यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# पैक्स कर्मचारियों ने मांगे न माने जाने पर चेताया, छह अक्टूबर से करेंगे कार्य बहिष्कार



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश पैक्स कर्मचारी महासंघ की कोर कमेटी की अहम बैठक 16 सितंबर को लखनऊ स्थित लोक भवन के पास होटल श्री बालाजी में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा विभाग को पूर्व में भेजे गए मांग पत्रों पर सकारात्मक कार्रवाई न होने पर गहरा असंतोष जताया गया।

प्रांतीय पदाधिकारियों ने साफ कहा कि बार-बार निवेदन के बावजूद सहकारिता विभाग की निष्क्रियता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में आंदोलनात्मक कार्यक्रम की घोषणा की गई है।महासंघ के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह और महामंत्री गिरीश सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि -12 सितंबर से सदस्यता महाभियान 2025 का कार्य आरंभ हो चुका है।एक अक्टूबर को सभी जिलों में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।6 अक्टूबर से सभी विभागीय कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा।अयोध्या जनपद इकाई की ओर से सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता को इस आशय का पत्र सौंपकर समस्त कार्यक्रमों की सूचना दे दी गई है।महासंघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार और विभाग ने शीघ्र ही उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो आंदोलन को और भी उग्र रूप दिया जाएगा।

# हरख में स्वच्छता अभियान की खुली पोल, सफाई कर्मी नदारत



**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खण्ड हरख के ग्राम पंचायत गुलरहिया में स्वच्छता अभियान की खुली पोल, कभी कभी सफाईकर्मी के आने से ग्रामीणों को अपने घर के सामने झाडू लगाने के साथ नालियों को साफ करना इनकी मजबूरी बन चुकी है। जैदपुर के बगल ग्राम पंचायत गुलरहिया में सफाई के नाम पर हो रही खानापूर्ति से ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मी के न आने से गांव में भीषण गंदगी फैली है, जिसमें भयंकर बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। जबकि नालियों की सफाई न होने से नालियों का गंदा पानी रोड़ पर बहने के साथ बजबजाती नालियां भी देखने को मिल रही है। ग्राम पंचायत में कुढा फेंकने को लिये कई जगहों पर डेस्टेबिन भी नहीं है जिससे कई जगह कूडे के ढेर लगे हुये है। वहीं ग्रामीणों सहित महिलाओं का कहना है कि शोपीस बना समुदायिक शौचालय जिसमें न तो पानी है न कोई अन्य सुविधा जिससे मजबूरन खुले में शौच हेतु जाना पड़ता है। शौचालय जाने वाले मार्ग पर बड़ी बड़ी घास फूंस लगायी है, जहां की सफाई नहीं होती है, जिससे जीव जन्तु से भयभीत लोग शौचालय की तरह मुंह तक नहीं करते हैं। कई जगह नालियां,खड़ंजे टूटे हुये विकास कार्यों की पोल खोल रहे हैं, फिर जिम्मेदार लोग अपनी मस्ती में मस्त हैं। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी आकाश कुमार से बात की गयी तो बताया गया कि लगातार सफाई हो रही है,जहां नहीं हुई है, वहां भी करवायी जायेगी, जबकि प्रधान गुलरहिया से बात करने के लिए तमाम प्रयास फोन आफ होने के चलते असफल रहे।

## अज्ञात महिला का शव रेलवे पटरी पर मिला

**मसौली बाराबंकी। ((अवधनामा संवाददाता))** गुरुवार की सुबह गोंडा लखनऊ रेलवे मार्ग पर स्थित रफीनगर रेलवे स्टेशन के निकट एक 50 वर्षीय अज्ञात महिला का क्षतविक्षत शव रेलवे पटरी पर पड़ा मिला सूचना पर पहुंची जीआरपी एव पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि गुरुवार की सुबह ग्रामीण जब खेतो की ओर गये तो देखा एक महिला का शव क्षतविक्षत पड़ा है जिसकी जानकारी मसौली पुलिस को देने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त की कोशिश की लेकिन महिला के पास कोई भी चीज न मिलने के कारण शव की शिनाख्त नही हो सकी मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सेवा पखवाड़ाः पीएम मोदी पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ

## जीवन यात्रा से लेकर 11 साल की उपलब्धियों की झलक



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिन पर भाजपा द्वारा शुरू किए गए सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन गुरुवार को पीएम मोदी पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने नगर पालिका परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया।पीएम मोदी के लाइफ टाइम अचीवमेंट्स को चित्रों के जरिए प्रदर्शनी में भव्यता के साथ दर्शाया गया है। आमजन के अवलोकन हेतु यह प्रदर्शनी 2 अक्टूबर तक लगी रहेगी।राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं करोड़ों लोगों का जीवन बदल रही हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री मोदी की जीवन यात्रा, उनके 11 वर्षों के ऐतिहासिक शासनकाल की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों को समर्पित है।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी देश के 140 करोड़ लोगों के दिलों में बसते हैं और इसीलिए यह प्रदर्शनी जनता के बीच उनके योगदान को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।प्रदर्शनी में पीएम मोदी के जीवन के विभिन्न चरणों को दर्शाया गया है, जिसमें उनके गुजरात के मुख्यमंत्रित्व काल से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर उनके नेतृत्व की कई उपलब्धियां शामिल हैं।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, एमएलसी अंगद सिंह,विधायक दिनेश रावत, ब्रजेश रावत,प्रमोद तिवारी,संदीप गुप्ता,विजय आनंद बाजपेई, नीता अवस्थी,राकेश पटेल, भुल्लन वर्मा, सुशील जायसवाल,राजा कासिम,सूरज वर्मा, सीपी गुप्ता मौजूद रहे।

**प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन 20 को**

सेवा पखवाड़ा के तहत प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन 20 सितंबर को नगर पालिका सभागार में अपराह्न 3 बजे से आयोजित होगा।भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई ने दी।

# सिकन्दर ने नवजवानों के साथ भीख मांगकर बेरोजगार दिवस के रूप अपना विरोध जताया

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुद्धवार को देश के प्रधानमंत्री के 75वें जन्म दिन को बेरोजगार दिवस के रूप में मनाकर बेरोजगार नौजवानों के साथ नगर के देवां रोड से छाया चौराहे तक नौजवानों के साथ भीख मांगकर बेरोजगार दिवस के रूप अपना विरोध जताया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सिकन्दर अब्बास रिजवी ने कहा कि देश-प्रदेश की भाजपा सरकार गौजवान किसान दलित विरोधी है। वर्तमान भाजपा सरकार में नौजवान जो डिग्री/घेजुएट होते हुए भी सड़क पर बेरोजगारों की तरह नौकरी के लिए भटकने पर मजबूर है जो बहुत ही चिन्ता विषय है किन्तु इस पर सरकार बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है जिससे पड़े लिखे बच्चे आत्महत्या या कोई गलत रास्ते जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। सारे देश के किसान प्रलयकारी बाढ़ के चलते अपनी बदनसीबी पर आंसू बहा रहे हैं। भाजपा सरकार में दलित व पिछड़ा वर्ग के लोगों का मान-सम्मान खतरे में है भाजपा सरकार बाबा साहब के बनाये गये संविधान के साथ छेड़-छाड़ के लिए वचनबद्ध है युवक कांग्रेस वोट चोर भाजपा के नापाक मंसूबों को कभी भी पूरा नहीं होने देगी। युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ जनता के बीच व्यक्त किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम, के अनुसार आज श्री रिजवी की अगुआई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 75वां जन्मदिन बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया गया युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नौकरी चोर गद्दी छोड़, वोट घोर ग?द्दी छोड़ मोदी तेरे राज में कटोरा आ गया हाथ में के गगन भेदी नारों के साथ नगर की सड़कों पर प्रदर्शन करके नौजवानों के लिए रोजगार, किसानों के लिए खाद बीज पानी तथा दलितों के तथा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के सविधान के मान-सम्मान की मांग उठाई। युवक कांग्रेस के प्रदर्शन में युवक कांग्रेस अध्यक्ष सिकन्दर अब्बास के साथ मुख्य रूप से अंकुर यादव, एडवोकेट, श्याम सुन्दर यादव, गुड्डु गौतम, अब्दुल समद, अमित कुमार गौतम, सद्दाम रसूल मिर्जा, फरहान किदवाई, शुभम बाल्मीकि, अमन खान, राज बर्मा, महफूज, मो0 रौफ, नीरज थापा अब्दुल्ला, अनिरूद्ध यादव, अनिषेक वर्मा, अंकित वर्मा, सौरभ वर्मा, अजीजुल हसन, हसनैन

# अज्ञात चोरों ने महिला के घर से नकदी व जेवरात उड़ाए

**चिऊटहा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सिंदुरिया थानाक्षेत्र के कुईयां कंचनपुर गांव में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने एक महिला के घर को निशाना बनाकर नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार गंगोत्री पत्नी इंद्रासन अपने छोटे बच्चे के साथ कमरे में सो रही थी। इस दौरान चोर घर का ताला तोड़कर भीतर घुसे और अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर करीब 20 हजार रुपये नगद तथा लगभग दो लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। चोरी गए गहनों में चांदी की पायल, सोने का मंगलसूत्र, सोने की बालियां और झूमका शामिल हैं। सुबह गंगोत्री के जागने पर चोरी की जानकारी हुई। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। गंगोत्री ने पुलिस को डायल-112 से सूचना दी। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस देर से मौके पर पहुंची और तहरीर देने पर भी आनाकानी की गई। प्रभारी निरीक्षक सिंदुरिया सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि घटना की जानकारी है और पुलिस जांच कर रही है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे दहशत का माहौल है। उन्होंने शीघ्र चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# चौक सीएचसी में 295 मरीजों का उपचार



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** नगर पंचायत चौक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। कुल 295 मरीजों की जांच की गई, जिनमें लगभग 80 प्रतिशत मरीज मौसमी बुखार, खांसी और जुकाम से पीड़ित पाए गए। डाक्टरों के अनुसार मौसम में बदलाव और लगातार हो रही बरसात की वजह से इन बीमारियों में तेजी आई है। शेष 20 प्रतिशत मरीज पेट दर्द, चर्म रोग, जोड़ों का दर्द और रक्तचाप जैसी अन्य बीमारियों से पीड़ित पाए गए।

डॉ. प्रमोद कुमार यादव और डॉ. सुखदेव ने मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इन दिनों साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, उबला हुआ पानी पिएं और पौष्टिक भोजन करें। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों से दूरी बनाए रखने और मास्क का उपयोग करने की अपील की।

ग्रामीणों ने समय पर उपचार मिलने पर संतोष व्यक्त किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे और जांच व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का शुभारम्भ

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लखनऊ द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज परिसर में लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री भारत सरकार एवं सांसद पंकज चौधरी ने फीता काटकर किया। यह प्रदर्शनी 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगी।

शुभारम्भ के बाद मंत्री ने विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह, विधायक सदर जयमंगल कनौजिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

पंकज चौधरी ने कहा कि यह प्रदर्शनी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि एक गरीब परिवार से निकलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिस तरह दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प के बल पर देश के सर्वोच्च पद तक की यात्रा तय की, वह सभी के लिए प्रेरणादायक है। प्रदर्शनी में उनके जीवन-वृतांत से लेकर उपलब्धियों तक को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर, युवा सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, कृषि, अवसंरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों की उपलब्धियों को दर्शाया गया है, जिससे भारत की शक्ति और प्रगति का एहसास होता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा श्रीकांत शुक्ल, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, ईओ नगरपालिका महराजगंज आलोक कुमार, डॉ. ए.बी. त्रिपाठी, भाजपा महिला मोर्चा की श्रीमती बंदना तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता और प्रेस प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मैरीलैंड हॉस्पिटल में निशुल्क शिविर आयोजित

**(अवधनामा संवाददाता)**

**बाराबंकी।** निःशुल्क मेडिकल कैम्प जैसे आयोजनों से समाज के गरीब और असहाय लोगों की मद्द होती है। उक्त बात गुरुवार को देवा रोड स्थित ग्राम चंदौली के औरंगाबाद मोड़ स्थित मैरीलैंड हॉस्टिपटल द्वारा आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैम्प के दौरान डा. इम्तियाज अहमद ने व्यक्त की। मेडिकल कैम्प में 300 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गयी। मैरीलैंड हॉस्पिटल के निदेशक डा. इम्तियाज अहमद ने मेडिकल कैम्प में आये मरीजों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी और स्वस्थ रहने के उपाय बताए। उन्होंने आगे कहा कि हल्का बुखार, नजला आदि होने पर स्वयं दवाई न लें, बल्कि चिकित्सक से परामर्श लेकर ही दवाई का सेवन करें। मेडिकल कैम्प में डा. फरहीन, डा. अदनान, अली किदवाई, संदीप यादव, मो. कलीम, कासिफ खान, अभिषेक बाल्मीकि, आसिफ खान आदि शामिल रहे।

# लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी अंदर करीब तीन फीट पानी

## मेस से बैरक हुए जलमग्न



*अवधनामा संवाददाता*

**ठूठीबारी (महराजगंज)।** कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी क्षेत्र में भौरहिया नदी का कहर जारी है। क्षेत्र के रहने वाले वाशिंदों का बुरा हाल है। चौकी के अंदर करीब तीन फिट पानी भरा हुआ है जिससे रसोई घर से लेकर आरक्षियों के ठहरने वाले बैरेक पूरी तरह जलमग्न हो गए वहीं मुख्य सड़क मार्ग पर करीब ढाई फीट पानी ऊपर बहने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बावजूद ग्रामीण जान जोखिम में रखकर अपने दिनचर्या को अंजाम दे रहे हैं। सबसे बुरा हाल पशु पालकों का है। चारों तरफ सीवान में पानी भर जाने से पशुओं के चारे का इंतजाम करना बेहद मुश्किल हो गया है।

चौकी इंचार्ज नवनीत नागर ने बताया कि भौरहिया नदी का पानी अचानक बढ़ जाने से क्षेत्र के चटिया, लक्ष्मीपुर खुर्द, लाल पुर, खेसरहा फार्म, मुहम्मद पुर, तुरकहिया सहित भरवलिया गांव का पूर्वी सिवान पूरी तरह जलमग्न हो गया गई। चौकी के स्टाफ समान को निकालकर महफूज स्थान पर रखे हैं। पहाड़ों पर हुई दो दिन से हुई लगातार बारिश से भारतीय क्षेत्र में तबाही की स्थिति है।

# पीएम जन्मदिन : पूर्व मंत्री सहित 75 लोगों ने किया रक्तदान

**समर्पण व लोगों की जान बचाने का प्रबन्ध कर मोदी के बताए मार्ग पर चलने का किया कार्य : मुख्य अतिथि**

एजाज़ सिद्दीक़ी/ निहाल चौधरी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में अमृत महोत्सव का आयोजन कराया था आज उनके 75 वें जन्मदिन पर अमृत महोत्सव मनाते हुए अमृत के समान 75 यूनिट रक्त के दान का कार्यक्रम कर सराहनीय कार्य किया है। डॉ द्विवेदी ने पीएम मोदी के प्रति तो समर्पण का परिचय दिया ही है लेकिन लोगों की जान बचाने का प्रबन्ध कर मोदी के बताए मार्ग पर चलने का कार्य किया है।

उक्त बातें बृहस्पतिवार को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा गोरखपुर क्षेत्र सहजानंद राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा %सेवा पखवाड़ा% के अवसर पर इटवा नगर पंचायत में रक्तदान शिविर के आयोजन में कही। जिसमे 75 लोगों के रक्तदान किया। जिसमें विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान व साकेत सिंह सोनू क्षेत्रीय संयोजक सेवा पखवाड़ा व अध्यक्षता पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी रहे।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा गोरखपुर क्षेत्र सहजानंद राय ने कहा कि मुख्य अतिथि सहजानंद राय ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है क्योंकि रक्तदान जीवनदान है। इसके लिए सभी युवाओं को आगे आना चाहिए। आज जो कार्यकर्ता रक्तदान कर रहे हैं मैं उनके प्रति मोदी और भाजपा की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ ।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने पूर्व मंत्री और इटवा विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से न सिर्फ जरूरतमंदों का जीवन बचाया जाता है बल्कि रक्त दान करने वाले के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।

इटवा विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी के नेतृत्व में 305 विधानसभा इटवा से 75 यूनिट रक्तदान का पुनीत कार्य किया है ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री डॉ द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सम्पूर्ण जीवन समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा और भारत माता को परम वैभव पर ले जाने की एक अद्भुत यात्रा है। नागरिक देवो भवः का विकास मंत्र लेकर विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान करते हुए हम सभी उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हैं। जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान ने कहा कि सड़क दुर्घटना, प्रसवकाल, ऑपरेशन या अचानक रक्तस्राव जैसी आपात स्थितियों में रक्त की सबसे अधिक जरूरत होती है। इसके अलावा थैलीसीमिया,ल्यूकेमिया और हीमोफीलिया जैसे रोगों से पीड़ित मरीजों को नियमित रक्त की आवश्यकता पड़ती है।ऐसे में पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी के नेतृत्व में इटवा विधानसभा के 75 कार्यकर्ताओं द्वारा एक साथ रक्तदान करना ऐतिहासिक कार्य है। पासवान ने कहा कि से 35 वर्ष तक के स्वस्थ युवाओं को नियमित रक्तदान करना चाहिए। किसी की जीवन रक्षा को सबसे बड़ा पुण्य कार्य बताते हुए उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने की अपील की ।

इसके पूर्व, पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष बिस्कोहर अजय गुप्ता और नगर पंचायत अध्यक्ष विकास जायसवाल ने रक्तदान किया तत्पश्चात बारी- बारी 75 भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भविष्य में रक्तदान करने हेतु पंजीकरण कराया ।

कार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक विपिन सिंह, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, सहकारिता निदेशक दिलीप चतुर्वेदी, सहकारी बैंक अध्यक्ष विक्रम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता गुड्डू त्रिपाठी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा, जिला मंत्री द्वय अजय उपाध्याय, कृष्णा मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष गण दीप नारायण तिवारी, श्रवण गिरि, रामसूरत चौरसिया और राजेश कुमार पाण्डेय, धर्मेन्द्र मौर्य, गुड्डू यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# प्रधानमंत्री के जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद ने किया उद्घाटन

**मोदी का संपूर्ण जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र भक्ति का आदर्श उदाहरण : सहजानंद**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर नरेंद्र मोदी के जीवन पर केंद्रित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने शामिल होकर फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया एंव उसका अवलोकन किया।

मुख्य अतिथि ने कहा यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री मोदी की जीवन यात्रा, उनके 11 वर्षों के शासनकाल की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों को समर्पित है। प्रधानमंत्री मोदी जी का सम्पूर्ण जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र भक्ति का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने भारतीय संस्कृति, विचारधारा और मूल्यों को वैश्विक मंच पर गौरव दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है।

विगत 11 वर्षों में उनके नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है और विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है। विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह ने कहा कि पीएम मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने 11 वर्षों की उपलब्धियों को %भारत की नई ऊंचाइयों% बताते हुए कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं आज करोड़ों लोगों का जीवन बदल रही हैं। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का यह अभियान निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्षगण लाल जी त्रिपाठी, रामकुमार कुंवर,अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक कुंवर विक्रम सिंह, सहकारिता डायरेक्टर दिलीप चतुर्वेदी, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, संतोष शुक्ला एवं मंडल अध्यक्ष गण आदि लोग उपस्थित रहें।

# सेवा पखवाड़े अंतर्गत सांसद व पालिकाध्यक्ष ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत कृष्णा नगर हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में सांसद जगदंबिका पाल की अगुवाई में व सदर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव की उपस्थिति में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और अपने आस-पास सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा स्वच्छता का संदेश देने व सुंदर स्वच्छ नगर, शहर, गांव रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाए है, जिसके क्रम में बृहस्पतिवार को मुख्यालय के श्री हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कुछ सफाई कर्मी को सांसद के द्वारा साड़ी के रूप में अंगवस्त्र भी प्रदान किया गया।

उन्होंने महिला सफाई कर्मियों से समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहने को भी कहा गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, सभासद व भाजपा नेता फतेबहादुर सिंह, रिंकु पल, मनोज बाबा, रुद्र यादव, सभासद बाल्मीकि नगर, सभासद सतीश रस्तोगी, दीपक गौड़, राजेश जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिन पर टांडा सीएचसी पर सर्जन ने किया सफ़ल आपरेशन

**टांडा अंबेडकरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर टांडा सीएचसी पर पर तैनात वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर वसी अब्बास ने बड़ी उपलब्धि हासिल की उन्होंने पीएम के जन्मदिन पर नगर के अलहदादपुर का रहने वाला 16 वर्षीय रूमान खान पुत्र नफ़ीस अहमद नामक युवक का लाईपोमा से जो पिछले दो वर्षो से पीड़ित था जिसका डाक्टर श्री अब्बास ने सफ़ल आपरेशन कर पीड़ित को एक नया जीवन दिया दूसरे दिन आपरेशन के युवक बहुत आराम महसूस कर रहा था।

युवक का कहना था कि रात्रि के समय सोने में दिक्कत होती थी साथ ही साथ आगे चलकर कैंसर का डर भी उसे सताता था सफ़ल आपरेशन के बाद टांडा सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि सर्जन डॉक्टर वसी अब्बास ने युवक का सफ़ल आपरेशन किया जिस कार्य से वह बहुत ही उत्तम कार्य है।

# छात्र छात्राओं को सांसद ने दिया स्मार्टफोन, टैबलेट

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ में स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह कार्यक्रम हुआ सम्पन्न। शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ में स्मार्ट फोन/ टैबलेट का वितरण डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह कार्यक्रम शुभारंभ किया । और 120 छात्र-छात्राओं को मिला डिजिटल उपहार द्य सांसद जगदंबिका पाल का स्वागत महाविद्यालय के प्रबंधक राजा योगेन्द्र प्रताप सिंह,प्राचार्य प्रो अरविंद कुमार सिंह,एवं कुंवर धनुर्धर सिंह ने माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर किया गया।मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट टैबलेट वितरित करते हुए इसके सदुपयोग की प्रेरणा दी और कहा कि ÷डिजिटल युग में तकनीक ही शिक्षा का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है।÷ उन्होंने भारत सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं जैसे डिजिटल इंडिया,स्टार्टअप इंडिया एवं नेशनल एजुकेशन मिशन का उल्लेख करते हुए युवाओं को इनसे जुड़ने का आह्वान किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविन्द कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस समारोह में कुल 120 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरित किए गए, जिससे महाविद्यालय में डिजिटल शिक्षा को नई गति मिलेगी। यह आयोजन न केवल तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल थी, बल्कि यह महाविद्यालय की नवाचारी सोच, छात्र कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता, एवं शिक्षा को समावेशी और सुलभ बनाने के प्रयासों का प्रतीक भी बना। छात्रों ने इस अवसर को एक नई शुरुआत के रूप में देखा जहां वे ऑनलाइन कक्षाओं, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म,शैक्षिक ऐप्स और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में तकनीक का भरपूर उपयोग कर सकें। टैबलेट प्राप्त करते ही छात्र छात्रों के चेहरे पर उत्साह व आत्म विश्वास और कृतज्ञता की झलक स्पष्ट दिखाई देने लगा। छात्रों ने डिजिटल उपकरणों के माध्यम से शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया,जिससे यह कार्यक्रम शैक्षिक उन्नयन और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणास्पद उदाहरण बन गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए.के. सिंह ने किया ।शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ में स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय वातावरण में हुआ सम्पन्न। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल,प्रबंधक राजा योगेन्द्र प्रताप सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर अरविन्द कुमार सिंह, कुंवर धनुर्धर प्रताप सिंह नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, नगर व्यवसाई अशोक बोरा, स्मार्टफोन वितरण के नोडल अधिकारी राजू प्रजापति, डॉ0 एम.एन. सिंह, प्रो0 मुकेश कुमार, डॉ0 राम किशोर सिंह, डॉ0 प्रवीण कुमार, डॉ0 अजय कुमार सिंह, शशि शेखर, पंकज कुमार सिंह, रत्नेश सोनी, अश्वनी सिंह सहित अनेक छात्र- छात्राएं अनमोल रौनियार, अनमोल अग्रहरि, पार्वती कन्नौजिया, पूजा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जिविसे प्राधिकरण के सचिव ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश अनुपालन क्रम में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के निर्देश की कड़ी में गुरुवार को राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (बालक) पचपेड़िया मार्ग, बस्ती का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेन्द्र नाथ ने किया।

निरीक्षण के दौरान सम्प्रेक्षण गृह , बस्ती में जनपद सिद्धार्थनगर के कुल 20 किशोर अपचारी निरूद्ध मिलें। निरीक्षण की कड़ी में साफ सफाई समुचित पायी गयी। किशोर अपचारियों की शिक्षा हेतु 4 सहायक अध्यापक व 1 शिक्षा मिश्र तैनात हैं जो मौके पर उपस्थित मिले। प्रतिदिन किशोर अपचारियों को योग कराया जाता है तथा आउटडोर व इनडोर गेम का समुचित प्रबंध है। ऐसा किशोर अपचारियों द्वारा बताया गया। सम्प्रेक्षण गृह में सुरक्षा हेतु कुल 12 सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है तथा 5 होमगार्ड उपस्थित पाये गये। गौरतलब है कि निरीक्षण के दौरान सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित बाल अपचारियों से उनके रहने, खाने व उनके अधिवक्तागण के विषय में पूछा गया। निरीक्षण के दौरान अरविन्द राय प्रभारी अधीक्षक, अमरेन्द्र चौधरी प्रशिक्षित नर्स, पवन कुमार बरनवाल अन्वेषक, कृष्ण चन्द्र चौधरी केयर टेकर, दिवाकर रावत चतुर्थ श्रेणी, जितेन्द्र प्रसाद चतुर्थ श्रेणी आदि कर्मी उपस्थित पाये गये।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र किया गया वितरित

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक कारीगरों के सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत घनश्याम मिश्र, माननीय विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, माननीय विधायक गौरा प्रभात वर्मा, तथा माननीय सदस्य विधान परिषद (गोंडा/बलरामपुर) अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने की। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों के अधिकारीगण, लाभार्थी एवं जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सशस्त्र सीमा बल द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** गुरूवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर के सीमा चौकी खुनुवा के कार्यक्षेत्र में वाइब्रेंट गाँव मदरहना जनूबी में पशु चिकित्सा शिविर लगाकर निःशुल्क पशु चिकित्सा प्रदान किया गया।43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर द्वारा भारत- नेपाल सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती गाँवो मे बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम जैसे ओ.पी.डी. के माध्यम से निःशुल्क मानव और पशु चिकित्सा शिविर, ग्रामीणों को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार प्राप्त कराने, ग्रामीणों के मुलभुत सुविधाओं को मुहैया कराने, खेल-कूद के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने जैसे कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है।

43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत मदरहना जनूबी गाँव में डॉ0 सूर्यपाल सिंह, चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्सालय शोहरतगढ़ के सहयोग से पशु चिकित्सा शिविर लगाकर निःशुल्क पशु चिकित्सा प्रदान किया गया जिसके दौरान सीमावर्ती क्षेत्र के मदरहना जनूबी, महला, अर्जुनपुर और साधूनगर गाँव के 42 पशु मालिको के 190 पशुओं का स्वास्थ्य परिक्षण कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया। डॉ0 सूर्यपाल सिंह, चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्सालय शोहरतगढ़ के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए मौजूदा मौसम में पशुओं की देखभाल और उनके खान- पान के बारे में जानकारी दिया गया। उपरोक्त आयोजन के दौरान 43वीं वाहिनी सीमा चौकी खुनुवा से समवाय कमांडर के. रणवीर सिंह, सहायक कमांडेंट, निरीक्षक नीलाक्ष भुइया तथा अन्य कार्मिकों के साथ साथ ग्राम प्रधान गंगा राम पासवान व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 36वें प्रान्तीय खेलकूद समारोह का शुभारम्भ आज

**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** विद्या भारती शिशु शिक्षा समिति, गोरक्ष प्रांत द्वारा आयोजित 36वें प्रान्तीय खेलकूद समारोह का शुभारम्भ शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 अपरान्ह रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार, सिद्धार्थनगर के बालिका परिसर में होगा। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता 21 सितम्बर को सम्पन्न होगी। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव व बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती उमा सिंह ने संयुक्त रूप से दी है।

## जिला पंचायत चुनाव लड़ने को लेकर हुई बैठक



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** विकासखंड जलालपुर क्षेत्र के हजपुरा गांव में गुरुवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सर्वेंद्र राजभर प्रदेश उपाध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि लालता प्रसाद राजभर रहे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष राजभर ने किया और अध्यक्षता बंशीलाल राजभर ने किया। इस पंचायत में जिला पंचायत का चुनाव लड़ने की अपील की गई, जिसमें सर्वेंद्र राजभर को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया गया। बैठक में संदीप कुमार राजभर, सुरेश कुमार, गौतम, लालता राजभर, सुभाष,बंसीलाल, धर्मेंद्र, दूधनाथ, सेवाराम, राजेश, शिवम व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सरकारी ज़मीन पर हो रहे कब्जे की हुई शिकायत

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के बरियावन बाजार में कबीर मंदिर के पास सरकारी भूमि पर शांतिलाल गुप्ता एवं राजू गुप्ता के द्वारा कब्जा कर, किया जा रहा अवैध निर्माण, मामला राजस्व विभाग की जानकारी में होने के बावजूद नहीं थम रहा अवैध निर्माण, क्षेत्रीय लेखपाल रोहित कुमार ने भी माना सरकारी भूमि पर हो रहा निर्माण अवैध है।

## ड्रोन कैमरे की अफ़वाह फैलाने पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** क्षेत्र में ड्रोन कैमरे की अफवाह फैलाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भाऊ कुआं गांव निवासी कपिल देव पुत्र श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा ड्रोन कैमरे को लेकर भ्रामक सूचना प्रसारित की गई थी। इस मामले में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अफवाह फैलाना दंडनीय अपराध है, जिससे समाज में भ्रम और अनावश्यक भय फैलता है। इसी को ध्यान में रखते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मोटरसाइकिल पर बैठ कर टाका कटाने अस्पताल जा रही महिला की गिरने से मौत

**अवधनामा संवाददाता, लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदहमरवा निवासिनी अफसर जहां पत्नी अब्दुल सलाम उम्र 30 वर्ष की मोटर साइकिल से गिर कर मौके पर ही मौत हो गयी। घटना गुरुवार दोपहर बारह बजे की है। मृतक अफसर जहां गर्भवती थी। जिसकी सिद्धार्थनगर के अलसहारा हास्पिटल में पन्द्रह दिन पहले आपरेशन द्वारा बच्ची पैदा हई थी । पति के बाहर रहने के कारण परिवार के ही जहरुल हसन बाईक से अफसर जहां का टांका कटवाने अल सहारा हास्पिटल ले जा रहा था कि लोटन -सोहास रोड़ स्थित सेमरहना चौराहे के पास पीछे से महिला बाईक से गिर गयी।गिरने के बाद महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। गनीमत रही कि पैदा हुई बच्ची बच गयी । घटना के बाद जहरुल ने तुरन्त सूचना परिवार वालों को दी मौके पर परिजन पहुंच कर शव को घर गदहमरवा लाकर दफना दिये।

# सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत गुरुवार को भाजपा डुमरियागंज कार्यालय पर विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अतिथि गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने की। इस दौरान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान और पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप मौजूद रहे।

बैठक में भाजपा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में अभूतपूर्व योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुँचाना ही कार्यकर्ताओं की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संगठन की जड़ों को मजबूत करने का अवसर है। यदि कार्यकर्ता अभी से पूरी निष्ठा और एकजुटता के साथ जुट जाएं, तो भाजपा हर स्तर पर विजय हासिल करेगी। बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह समाज सेवा का वास्तविक संकल्प है। गरीबों की सेवा, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्य जनता का दिल जीतने का माध्यम हैं। भाजपा कार्यकर्ता हमेशा जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं।

पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की ताकत बूथ पर खड़े कार्यकर्ता हैं। यदि हर बूथ मजबूत होगा तो जीत अपने आप सुनिश्चित हो जाएगी। हर कार्यकर्ता को यह संकल्प लेना होगा कि उसका बूथ ही पार्टी की जीत की कुंजी बने। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। संगठन को सुदृढ़ बनाने, योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुँचाने और विपक्षी दलों के भ्रमजाल को तोड़ने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर मधुसूदन अग्रहरि, विपिन सिंह, अजय उपाध्याय, दिलीप चतुर्वेदी, गुड्डू त्रिपाठी, निशांत पाण्डेय, मंगल चौरसिया, डा. दशरथ चौधरी, लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, अमरेंद्र त्रिपाठी, रमेशधर द्विवेदी, विनय पाठक, राजकुमार चौधरी, अवधेश चौधरी, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, राजन अग्रहरि, डंपू पांडे आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा।** नगरपालिका मैरिज हाल, नवाबगंज, गोंडा में स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान तथा आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य में भव्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों में पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का संचालन किया गया।

स्वास्थ्य शिविर के मुख्य अतिथि माननीय सांसद गोंडा एवं केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह जी रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय विधायक मनकापुर श्री रमापति शास्त्री जी, जिलाधिकारी गोंडा श्रीमती प्रियंका निरंजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा तथा उपजिलाधिकारी तरबगंज, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीआईओ एनआईसी सहित अन्य प्रशासनिक व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# धान क्रय केंद्र बनाने में भ्रष्टाचार दागी समितियों पर केन्द्र खोले गए

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** इस बार की धान खरीद व्यवस्था में पारदर्शिता के सरकारी दावे धूल चाट रहे हैं। अम्बेडकरनगर जिले में ए.आर. कोऑपरेटिव राघवेंद्र प्रताप शुक्ला द्वारा शासनादेशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए उन समितियों पर धान क्रय केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं, जहां पहले से ही एफआईआर दर्ज हैं। आश्चर्यजनक रूप से, गबन के आरोपी सचिवों को भी क्रय प्रभारी बना दिया गया है, जिससे किसानों में आक्रोश है।

यह घोटाला न केवल किसानों का भरोसा तोड़ रहा है, बल्कि खरीफ विपणन व्यवस्था की नींव को ही हिला रहा है। जिला के सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, शासनादेश में साफ तौर पर कहा गया है कि क्रय केंद्रों का संचालन केवल उन नियमित कर्मचारियों से कराया जाए, जिनकी सेवा अवधि कम से कम दो वर्ष शेष हो। लेकिन हकीकत इसके उलट है। कई समितियों में बिना किसी स्थाई कर्मचारी के क्रय केंद्र चला रहे हैं हैं। कुछ ऐसे लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिनका कार्यकाल दो वर्ष से कम बचा है, जबकि कुछ सचिव तो कभी समिति के स्थाई सदस्य ही नहीं रहे। यह तो खुला लूट का खेल है, एक वरिष्ठ नागरिक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा किसान संगठनों का आरोप है कि यह सारा घपला ए.आर. कोऑपरेटिव राघवेंद्र शुक्ला की सांठगांठ से रचा गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि कई ऐसी समितियां, जहां न तो कोई एफआईआर थी और न ही गबन का कोई आरोप, उन्हें अचानक बंद कर दिया गया। वहीं, दागदार रिकॉर्ड वाली समितियों पर धड़ल्ले से केंद्र खोल दिए गए। आलम यह है कि ईमानदार समितियों के कर्मचारी बेकार बैठे हैं, जबकि आरोपी तत्व मुनाफा कमा रहे हैं।जिले के किसान इस अन्याय से बेहद नाराज किसान ने कहा, हमारी मेहनत की कमाई पर डाका डाला जा रहा है।

## विकास का दिशाभ्रम

फटते बादलों, निरंतर बारिश का तांडव और जल निकासी की लाचारी में हिमाचल की बदहवासी का वर्णन अब उद्घाटन के पत्थर भी बयान कर रहे हैं। सोन खड्ड ने फिर बता दिया कि हमारे विकास का दिशाभ्रम आखिर है क्या। भले ही बारिश की कोई तय कहानी नहीं है, जहां मेघ कातिल हैं, वहां जिंदगी की कोई निशानी नहीं है, लेकिन धर्मपुर का बस अड्डा अपने जन्म से ही अपनी मौत के फरमान जारी किए हुए है। दरअसल अड्डा सोन खड्ड के वजूद को चुनौती देकर बनता रहा, क्योंकि हुजूर का हुकम था कि उनके विकास के मीलपत्थर वहीं सलामत रहने चाहिएं जहां उनको दिशाभ्रम था। एक ही बस अड्डे की बार-बार मौत का जिम्मेदार आखिर है तो ऐसा ही विकास जो बिना किसी भौगोलिक अध्ययन या वैज्ञानिक आधार को पुख्ता करे। हमने विकास फॉल्ट लाइन्स खुद विकसित की हैं। गौर करें यह बार-बार शिमला की पंथाघाटी, मंडी या किसी अन्य पर्वतीय शहर के नए क्षेत्रों, हाइडल प्रोजेक्ट्स के नजदीक, नई आबादियों या सडक़ों के किनारे घाटियों की तरफ उगते ऊंचे भवन क्यों चर्चा में आते हैं। सोन खड्ड ने पहली बार धर्मपुर को 1960 में चुनौती देते हुए उस वक्त के बाजार को लाल झंडी दिखाई थी, लेकिन हमारे विकास के मॉडल ने सूई में कंक्रीट पिरोने की कोशिश करते हुए, बस स्टैंड के बैनर टांग दिए। दस वर्ष पूर्व सोन खड्ड ने बताया था कि उसकी हद में आया निर्माण स्वीकार नहीं है। तब भी बसों के ढेर लगे थे और पुनः बरसात के पत्थरों ने उद्घाटन के सारे पत्थर तोड़ डाले। यहां विकास के दृष्टिपटल पर सोन खड्ड ने लिख दिया है कि गलत विकास, सरकारी धन का दुरुपयोग व कबाडख़ाने का विकल्प है यह।

हिमाचल की बढ़ती आवासीय मांग को देखते हुए दो-चार जंगल काटने की अनुमति चाहिए, वरना निजी जमीन की पैमाइश अब जिन क्षेत्रों में बची है, वे प्रायः असुरक्षित हैं या जल निकासी के पारंपरिक रास्तों के नजदीक हैं। हिमाचल के हर विभाग को राज्यस्तरीय नक्शे पर अपनी योजनाओं को उकेरना होगा। सरकारी, गैरसरकारी व जंगल की बंजर तथा समतल जमीन की अदला-बदली में लैंड पूलिंग आवश्यक है। इसके लिए टीसीपी कानून में परिभाषित हर अपेक्षा को पूरा करना होगा। पूरे हिमाचल का नियोजन करने की जरूरत है और इसके लिए टीसीपी के तहत समूचे प्रदेश के विकास का एक खाका बनाना होगा। भविष्य की आवश्यकताओं को जल, जंगल और जमीन के तहत एक नई साझेदारी विकसित करनी होगी। दूसरी ओर पर्वतीय राज्यों के विकास का एक सुनिश्चित खाका बनाने के लिए केंद्र सरकार को इनके आर्थिक अधिकार तथा विकास के मानदंड सुनिश्चित करने पड़ेंगे। यहां हिमाचल की राजनीति को सत्ता की सोहबत में अहंकार छोडऩे पड़ेंगे। नदी, नालों, खड्डों को बरसात के निकास का मुख्य जरिया बनाने के लिए चैनलाइजेशन, बांधों की डीसिल्टिंग तथा कम्युनिटी वाटर हार्वेस्टिंग का मॉडल तैयार करना पड़ेगा।

## चौबीसों घंटे वीज़ा सहायता, अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से सशक्त

जितेन व्यास

व्यवसाय विकास, वीएफ़एस ग्लोबल लोगों का सीमाओं के पार आना-जाना एक बुनियादी बदलाव से गुज़र रहा है। यात्रा आज केवल अवकाश या काम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा, व्यापार और पारिवारिक संबंधों के लिए भी जीवनरेखा बन चुकी है। लोगों का ये मुसलसल सफ़र, आना जाना सरकारों के लिए अवसर, जिम्मेदारी और बड़े पैमाने पर विश्वास का प्रश्न है। वहीं यात्रियों के लिए यह भरोसे की बात है कि उनकी यात्रा सुगम, सुरक्षित और पूर्वानुमेय हो। यह दोहरी ज़िम्मेदारी वीज़ा सेवाओं की रूपरेखा और डिलीवरी को नए सिरे से तरतीब दे रही है। प्रौद्योगिकी इन उम्मीदों और अपेक्षाओं को पूरा करने में केंद्रीय भूमिका निभा रही है और अब यह केवल एड-ऑन नहीं रही, बल्कि आधुनिक गतिशीलता की आधारशिला बन चुकी है। बुद्धिमान स्वचालन, उन्नत विश्लेषण और उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल प्लेटफॉर्म अब अनिवार्य हैं। स्काईस्कैनर की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 84 फीसदी यात्री पहले से ही यात्रा की योजना बनाने और टिकट बुक करने के लिए एआई टूल्स का उपयोग करने में आत्मविश्वास महसूस करते हैं -यह इस ओर इशारा है कि वे अपने वीज़ा अनुभव में भी इस तब्दीली को अपनाने के लिए तैयार हैं। तेज़ निर्णय-प्रक्रिया से लेकर बेहतर सहूलियत और धोखाधड़ी की रोकथाम तक, एआई वीज़ा सेवाओं से संबंधित अपेक्षाओं को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है

**बुद्धिमान और सुरक्षित वर्कफ़्लो का उदय :** परंपरागत वीज़ा आवेदन प्रक्रिया लंबे समय तक मैनुअल जाँच, दस्तावेज़ जमा करने और प्रत्यक्ष सत्यापन का मिश्रण रही है। आज, एआई आधारित दस्तावेज़ पहचान, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और भविष्यवाणी विश्लेषण इन प्रक्रियाओं को अभूतपूर्व स्तर तक सरल बना रहे हैं। ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR) और मशीन लर्निंग की मदद से अब पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों से डेटा को कुछ सेकंड में निकाला और सत्यापित किया जा सकता है। वहीं कंप्यूटर विज़न सिस्टम मानव आंख की तुलना में विसंगतियों और संभावित छेड़छाड़ को कहीं अधिक सटीकता से पहचान सकते हैं। यह केवल रफ़्तार की बात नहीं है, बल्कि सुरक्षा और अनुकूलन क्षमता की भी बात है। उदाहरण के लिए, स्वचालित जोखिम स्कोरिंग मॉडल वास्तविक समय में बदलते भू-राजनीतिक जोखिमों या आवेदनों की अचानक बढ़ती संख्या के आधार पर खुद को समायोजित कर सकते हैं। सरकारों के लिए यह बेहतर नियंत्रण और निगरानी का साधन है, और आवेदकों के लिए तेज़ और पारदर्शी परिणाम। यह संकेत है कि वीज़ा प्रक्रिया अब एक स्थिर, रेखीय मार्ग न रहकर एक विकसित और उत्तरदायी इकोसिस्टम बन रही है।

**मानव-केंद्रित डिजिटल रूपांतरण :** उन्नत स्वचालन के बावजूद, मानवीय अनुभव इस बदलाव के केंद्र में है। वीज़ा प्रक्रिया अक्सर आवेदक के जीवन के अहम क्षणों से जुड़ी होती है-जैसे परिवार से मिलना, शिक्षा प्राप्त करना या व्यापारिक अवसर। इसलिए आवश्यक है कि तकनीक केवल लोगों के लिए काम न करे, बल्कि उनके साथ मिलकर काम करे। कन्वर्सेशनल एआई इंटरफेस आवेदन मार्गदर्शन को सहज बना रहे हैं, सरल भाषा में प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं और उपयोगकर्ता की ज़रूरत के मुताबिक़ ढल रहे हैं। मोबाइल-फर्स्ट प्लेटफ़ॉर्म यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि शहरी और दूरदराज़ दोनों क्षेत्रों के आवेदक बिना किसी ढांचे की बाधा के सेवाओं तक पहुँच सकें। VFS Global ने इन क्षमताओं को अपनाने में शुरुआती कदम उठाए हैं, जैसे-रिमोट बायोमेट्रिक एनरोलमेंट, डोरस्टेप वीज़ा आवेदन प्रसंस्करण, और उद्योग का पहला एआई संचालित जिम्मेदार वर्चुअल असिस्टेंट, जबकि वीज़ा पर अंतिम निर्णय लेने का कार्य पूरी तरह से सरकार का होता है। ये नवाचार केवल सुविधा जोड़ने भर नहीं हैं, बल्कि समावेशिता की दिशा में बुनियादी बदलाव हैं, जो उन आबादियों तक सुरक्षित और अनुपालन सेवाएँ पहुंचाते हैं जो पहले केंद्रीकृत आवेदन केंद्रों से वंचित थीं।

**अगला पड़ाव : पूर्वानुमानित और निर्बाध गतिशीलता-** आगामी बदलाव मौजूदा चरणों को डिजिटाइज करने से आगे बढ़कर उन्हें पूर्वानुमानित और स्वतः पूर्ण करने की दिशा में होगा। कल्पना कीजिए कि एक ऐसा इकोसिस्टम हो जहां यात्रा से पहले की अनुमति, सुरक्षा जांच और यहां तक कि व्यक्तिगत यात्रा परामर्श भी टिकट बुक करने से पहले पृष्ठभूमि में ही पूरे हो जाएं। इसके लिए सीमा प्राधिकरणों, एयरलाइनों और वीज़ा सेवा प्रदाताओं के बीच और अधिक समन्वय की आवश्यकता होगी, जिसका केंद्र सुरक्षित डेटा-साझाकरण ढांचा होगा। ब्लॉकचेन आधारित पहचान प्रमाणपत्र यात्रियों को यह सुविधा दे सकते हैं कि वे सत्यापित जानकारी को कई देशों के साथ सुरक्षित रूप से साझा कर सकें, बिना बार-बार फ़ॉर्म भरने की आवश्यकता के।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**आंकड़े सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों के थे, जबकि म्यांमार, नेपाल और अन्य देशों से भी अवैध तरीके से लोग भारत में घुसते रहे हैं। अब 2025 में ये तमाम आंकड़े काफी ज्यादा बढ़ चुके होंगे! बुनियादी आंकड़ा 2 करोड़ भी मान लेते हैं, तो उस अनुपात में घुसपैठियों को देश के बाहर खदेड़ा क्यों नहीं जा रहा है? यदि उनके भी मानवाधिकार की चिंता करें, तो 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद, हर साल, घुसपैठियों को उनके मूल देश भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार के सामने बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की राह में कई रोड़े हैं।**

# घुसपैठियों की विकराल होती समस्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वतंत्रता दिवस' पर लालकिले की प्राचीर से 'राष्ट्रीय डेमोग्राफी मिशन' की घोषणा की थी। बीते अगस्त को कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, तृणमूल कांग्रेस अपनी 'सत्ता की भूख' मिटाने के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। यह देश अब घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता। हम उन्हें भारत में रहने नहीं देंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि घुसपैठिये बंगाल और देश छोड़कर चले जाएं, तृणमूल सरकार को जाना होगा। केवल आपका वोट ही घुसपैठियों को देश से बाहर खदेड़ना सुनिश्चित कर सकता है। ये लोग बंगाल की डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी) बदल रहे हैं। मुझे आश्चर्य है कि तृणमूल और कांग्रेस समेत कुछ राजनीतिक दल तुष्टीकरण की राजनीति के आगे झुक गए हैं। सत्ता की भूख में ये दल घुसपैठ को बढ़ावा दे रहे हैं।



डॉ. ओपी त्रिपाठी

अब सवाल यह है कि क्या बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई और घुसपैठ रोकने की राह आसान है? देश के अन्य राज्यों में घुसपैठियों पर हो रही कार्रवाई को बांग्लाभाषियों के खिलाफ उत्पीड़न बताकर जिस तरह की राजनीति हो रही है, यह भी एक गंभीर मुद्दा है। 2016 में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद को बताया था कि भारत में लगभग 2 करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। यह ऑस्ट्रेलिया की पूरी आबादी के बराबर है। 2004 में तत्कालीन यूपीए सरकार के गृह राज्यमंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने खुलासा किया था कि देश के 17 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में कुल 1 करोड़ 20 लाख 53,950 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी मौजूद हैं।

ये आंकड़े सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों के थे, जबकि म्यांमार, नेपाल और अन्य देशों से भी अवैध तरीके से लोग भारत में घुसते रहे हैं। अब 2025 में ये तमाम आंकड़े काफी ज्यादा बढ़ चुके होंगे! बुनियादी आंकड़ा 2 करोड़ भी मान लेते हैं, तो उस अनुपात में घुसपैठियों को देश के बाहर खदेड़ा क्यों नहीं जा रहा है? यदि उनके भी मानवाधिकार की चिंता करें, तो 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद, हर साल, घुसपैठियों को उनके मूल देश भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार के सामने बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफकार्रवाई की राह में कई रोड़े हैं, जिन्हें हटाकर ही इस गंभीर समस्या से निपटना संभव हो सकेगा। जिस तरह से सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी बदली जा रही है, वह बंगाल में सामाजिक संकट पैदा कर रहा है। खासतौर पर किसानों से धोखाधड़ी करके उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। आदिवासियों को गुमराह करके उनकी जमीन हड़पी जा रही है। देश यह सहन नहीं कर सकता। इसे रोकना ही होगा, इसलिए इस बार लाल किले से मैंने घुसपैठ के खिलाफविशेष डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। पीएम मोदी ने जो बातें कही हैं, इसमें उनकी चिंता झलक रही है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के नेता घुसपैठ को केंद्रीय गृह मंत्रालय की नाकामी बताकर केंद्र सरकार को जिस तरह से कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में हैं, वह यह बताने को काफी है कि इस मुद्दे पर उनका सोच क्या है। इस समय राज्य में तृणमूल की ओर से भाषा आंदोलन चलाया जा रहा है। यह आंदोलन कथित तौर पर भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों को उत्पीड़ित किए जाने के खिलाफ है। दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र व ओडिशा जैसे राज्यों में बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।




उसमें पकड़े गए कुछ बंगाल के प्रवासी श्रमिक भी थे, जिन्हें बांग्लादेश भेज दिया गया था। उसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल के बांग्लाभाषियों का उत्पीड़न व अपमान बताकर बंगाली अस्मिता का कार्ड खेलना शुरू कर दिया है। इन परिस्थितियों में बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई कैसे शुरू हो सकेगी? अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की बात शुरू हुई ही है तो तृणमूल समेत कांग्रेस व वामपंथी दल विरोध में खड़े हो गए हैं। घुसपैठियों से निपटने के साथ-साथ केंद्र सरकार को बंगाल में घुसपैठ रोकने के लिए भी पुख्ता प्रबंध करने होंगे।

असम और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं। बिहार में तो दो माह में ही चुनाव संपन्न हो जाएंगे। लिहाजा घुसपैठियों के खिलाफहुंकारें समझ में आती हैं। बेशक देश के सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकी संतुलन कई जगह बिगड़ चुका है। कई जगह मुसलमान बहुमत में आ चुके हैं और हिंदू अल्पसंख्यक होते जा रहे हैं। असम में 50 लाख से अधिक और बंगाल में 57 लाख से अधिक बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के कारण ये समीकरण बदल रहे हैं। नतीजतन सांप्रदायिक दंगों के हालात भी बनते रहे हैं। बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा में जो हिंदू-विरोधी उत्पात मचाए गए, हिंसक प्रहार किए गए, घर उजाड़ दिए गए, उस परिदृश्य पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का फैसला पढ़ा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी इस जनसांख्यिकी परिवर्तन को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संवेदनशील खतरा मानते हैं। हमारे युवाओं के हिस्से के संसाधन और रोजगार छिन रहे हैं। महिलाओं की इज्जत के साथ छल-कपट, खिलवाड़ किए जा रहे हैं। यकीनन यह विकराल राष्ट्रीय समस्या लगती है। बंगाल से सटी बांग्लादेश की 569 किमी सीमा ऐसी है, जहां फेंसिंग (बाड़) नहीं लग सकी है। बंगाल में बांग्लादेश से लगी कितनी सीमा पर फेंसिंग नहीं हुई है, इसकी वजह क्या है, पिछले तीन वर्षों में कितने घुसपैठिए पकड़े गए हैं, इन सवालों पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जवाब दिया था कि बंगाल से लगती बांग्लादेश की सीमा की कुल लंबाई 2216 किमी है, जिसमें से 1648 किमी पर फेंसिंग हो चुकी है। बाकी 569 किमी में फेंसिंग नहीं हुई है। इसमें भी 112 किमी सीमा ऐसी है, जहां पर नदी-नाले व जंगल हैं। वहां बाड़ लगाना संभव नहीं है। अब तक पूरी तरह से बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग क्यों नहीं हो सकी है? इसकी मुख्य वजह केंद्र की ओर से राज्य सरकार द्वारा समय पर जमीन का बंदोबस्त नहीं करना बताया जा रहा है। अब जमीन मिलने की बात कही जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, बांग्लादेश से 2023 में 1,547, 2024 में 1,694 और 2025 में अब तक 723 लोग घुसपैठ करते पकड़े गए हैं। ये आंकड़े बता रहे हैं कि घुसपैठ कितनी बड़ी समस्या है। ऐसी ही स्थिति रही तो बंगाल में मौजूद घुसपैठियों पर कार्रवाई करना कितना मुश्किल है, यह समझा जा सकता है। एक तरफ राज्य सरकार की ओर से घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई में सहयोग नहीं मिलने के पूरे-पूरे आसार हैं क्योंकि पहले वामपंथी दलों पर घुसपैठियों का वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप खुद ममता सड़क से संसद तक में लगाती थीं, लेकिन 2011 में सत्ता में आने के बाद अब उनपर ही इन घुसपैठियों को प्रश्रय देने का आरोप लग रहा है। इसकी वजह भी है। जिस तरह से ममता संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), संशोधित वक्फ कानून और अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) से जोड़कर मुखर हो रही हैं, यह काफी कुछ बता रहा है।

# टेक्नोलॉजी के चैंपियन हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

यह बदलाव यूं ही नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया। मुंबई का एक रेहड़ी-पटरी वाला वाला भी वही यूपीआई पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है, जो एक बड़ी कंपनी का अधिकारी करता है। उनकी सोच में तकनीक पद के अनुरूप किसी ऊंच-नीच को नहीं मानती।

यह बदलाव उनकी मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है- यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है कि तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।



अश्विनी वैष्णव

**गुजरातः जहां से शुरुआत हुई-** मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के ज़रिए गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक का उपयोग किया गया। इससे ग्रामीण उद्योगों को 24×7 बिजली मिली और तय समय पर खेतों को बिजली मिलने से ज़मीन के नीचे का पानी कम गति से घटने लगा।

महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले-फूले, जिससे गाँव से शहर की ओर पलायन घटा। एक अध्ययन के अनुसार, इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिर्फ़ ढाई साल में हो गई।

2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफ़ी थी। साथ ही, नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी।

एक ही पहल से कई समस्याओं का समाधान निकालना मोदी जी की तकनीक दृष्टि को दर्शाता है। स्वच्छ ऊर्जा बनाना और पानी बचाना, दोनों साथ-साथ। यह दक्षता और प्रभाव का उदाहरण था, जो साधारण समाधानों से कहीं अधिक था।

इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मज़बूत करता है।

ई-धरा प्रणाली से ज़मीन के कागज़ात डिजिटल हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। ऑनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी।

इन पहलों से भ्रष्टाचार घटा और सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई। लोगों का शासन पर भरोसा लौटा, जिसका असर गुजरात में लगातार मिलती बड़ी चुनावी सफलताओं में दिखा।

**राष्ट्रीय परिदृश्य-** 2014 में उन्होंने गुजरात का अनुभव और सीख को दिल्ली तक पहुंचाया। लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था।

उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक ने जो आकार लिया, वह दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर उभरा है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गई।जन धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। जो लोग अब तक आर्थिक रूप से बाहर थे, वे पहली बार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने।



ठेले वाले, दिहाड़ी मज़दूर और ग्रामीण परिवार, जो केवल नकद पर निर्भर रहते थे, अब बैंक खातों से जुड़े। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से क़र्ज़ प्राप्त करने का अवसर मिला।

आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी। अब तक 142 करोड़ से ज़्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हुई, जहां पहले कई दस्तावेज़ों की जांच की ज़रूरत पड़ती थी।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है। पहले ग्राहक की पहचान (केवाईसी) की प्रक्रिया कठिन थी। इसमें कागज़ी दस्तावेज़ों की जांच, मैनुअल प्रक्रिया और कई बार की भाग-दौड़ शामिल होती थी। इससे सेवा प्रदाताओं को हर वेरिफ़िकेशन पर काफी खर्च करना पड़ता था। आधार-आधारित ई-केवाईसी ने इस खर्च को घटाकर मात्र 5 रुपये में कर दिया। अब छोटे से छोटे लेन-देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं।

यूपीआई ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। अब तक 55 करोड़ से ज़्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर चुके हैं। सिर्फ़ अगस्त 2025 में ही 20 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही।

अब पैसे भेजना बैंक में घंटों की परेशानी नहीं, बल्कि मोबाइल पर 2 सेकंड से भी कम का काम है। बैंक जाने, लाइन लगाने और कागज़ी प्रक्रिया की जगह अब क्यूआर कोड स्कैन से तुरंत भुगतान हो जाता है।

आज भारत दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। दस साल पहले भारत ज़्यादातर नकद पर निर्भर था। प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआई ढांचे को अंतिम रूप दिया।

जब कोविड आया और उन्होंने डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया, तो यह पूरा सिस्टम कामयाब साबित हुआ। नतीजा यह है कि आज यूपीआई, वैश्विक स्तर पर वीज़ा से भी अधिक लेन-देन करता है। एक साधारण मोबाइल फ़ोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर... सब कुछ बन गया है। प्रगति ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। यह प्लेटफ़ॉर्म प्रधानमंत्री को सीधे प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग से जोड़ता है, जहां हर महीने वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के ज़रिए समीक्षा होती है। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है। जैसे किसी राजमार्ग परियोजना में देरी हो रही हो, तो प्रगति समीक्षा के दौरान तुरंत उस पर ध्यान दिया जाता है और अधिकारियों को देरी का कारण बताना पड़ता है। इससे तुरंत सुधार होता है और आखिरकार जनता को सीधा लाभ मिलता है।


**सबके लिए तकनीक-** तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। हरियाणा के किसान जगदेव सिंह अब फ़सल से जुड़े फैसले लेने के लिए एआई ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डेटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के ज़रिए 11 करोड़ किसानों को सीधी आय सहायता डिजिटल माध्यम से पहुंचाई जाती है।

डिजी-लॉकर के अब 57 करोड़ से ज़्यादा उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 967 करोड़ दस्तावेज़ डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आपका ड्राइविंग लाइसेंस, डिग्री सर्टिफ़िकेट, आधार और अन्य सरकारी दस्तावेज़ अब आपके फ़ोन में सुरक्षित रहते हैं। सड़क पर पुलिस चेकिंग के दौरान अब कागज़ ढूंढने की ज़रूरत नहीं। बस डिजी-लॉकर से डिजिटल लाइसेंस दिखा दीजिए। आधार ऑथेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है। जहां पहले ढेर सारे दस्तावेज़ों की फ़ाइलें साथ ले जानी पड़ती थीं, अब सब कुछ आपकी जेब में मोबाइल पर समा गया है।

**अंतरिक्ष और नवाचार-** भारत ने वह कर दिखाया जो असंभव सा लगता था। मंगल तक पहली कोशिश में पहुंचना और वह भी इतने कम खर्चे में, जितना एक हॉलीवुड फ़िल्म पर भी नहीं लगता। मंगलयान मिशन केवल 450 करोड़ में पूरा हुआ, जिसने साबित किया कि भारतीय इंजीनियरिंग विश्वस्तरीय नतीजे दे सकती है। चंद्रयान-3 ने भारत को चाँद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनाया और चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश।

# क्यों लड़कियों को ही स्कूल पहुँचने में चुनौतियां आती हैं?

शिक्षा हर किसी के लिए जरूरी है। लेकिन लड़कियों और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों के लिए शिक्षा प्राप्त करना सबसे बड़ी चुनौती होती है। उनके लिए सबसे बड़ा सवाल सिर्फ पढ़ाई नहीं बल्कि सुरक्षित और सहज शिक्षा तक पहुँच का होता है। यह सफ़र उनके लिए बहुत आसान नहीं होता है, क्योंकि गाँवों में शिक्षा से जुड़ी कई समस्याएं हैं जिनसे हर रोज़ उन्हें गुजरना पड़ता है। यह समस्या मुख्य रूप से स्कूल तक पहुँचने का लंबा रास्ता, परिवहन की कमी, कभी बारिश तो कभी तेज धूप जैसी प्राकृतिक मुश्किलें लड़कियों के लिए बड़ी रुकावट बन जाती हैं।



जशोदा

ऐसी चुनौतियां देश के किसी एक राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की नहीं है, बल्कि सभी जगह ऐसी ही स्थिति देखने को मिल जाती है। राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों भी लड़कियों को इन्हीं तरह की चुनौतियों से हर दिन गुजरना पड़ता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि केंद्र और राज्य सरकार के प्रयास से राजस्थान में स्कूल जाने वाली लड़कियों की संख्या पिछले एक दशक में बढ़ी है, लेकिन अभी भी चैलेंजेज़ बहुत गहरी हैं। राष्ट्रीय शिक्षा सर्वेक्षण (यू-डायस प्लस, 2021-22) के अनुसार, राजस्थान में माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का नामांकन अनुपात लगभग 78 फीसदी है, जबकि उच्च माध्यमिक स्तर पर यह घटकर 53 फीसदी रह जाता है। यह गिरावट साफ दिखाती है कि पढ़ाई की राह में सामाजिक और

**आंकड़ा केवल बुनियादी सुविधा की कमी नहीं, बल्कि शिक्षा से लड़कियों को दूर धकेलने वाला एक मौन कारण भी है। इस मुद्दे को यदि मानवीय दृष्टिकोण से देखें तो यह समस्या सिर्फ अधूरी इमारतों या सुविधाओं की नहीं है, बल्कि यह लड़कियों के आत्मसम्मान, उनकी गरिमा और उनके सपनों से जुड़ी है। जब एक किशोरी को अपनी पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ती है, तो वह केवल किताबें ही नहीं छोड़ती, बल्कि अपने भविष्य की संभावनाओं का भी एक हिस्सा पीछे छोड़ देती है।**

भौतिक दोनों तरह की बाधाएं मौजूद हैं। बात अगर बीकानेर जिला की करें तो आँकड़े इस सच्चाई को और स्पष्ट करते हैं। वर्ष 2022 की जिला वार्षिक शैक्षिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, बीकानेर के ग्रामीण इलाकों में लगभग 12 फीसदी लड़कियां आठवीं कक्षा तक पहुँचने के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं। मुख्य कारण घर से स्कूल की दूरी, परिवहन का अभाव और परिवार की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ बताई जाती हैं। इन परिस्थितियों में शिक्षा का अर्थ सिर्फ किताबों और कक्षाओं तक सीमित नहीं रह जाती है, बल्कि यह सवाल बन जाता है कि एक लड़की कितनी स्वतंत्रता और समानता के साथ आगे बढ़ सकती है?

जब किशोरियाँ रोज़ अपने गाँव से स्कूल तक जाती हैं तो वह सिर्फ किताबों का बोझ ही नहीं उठाती हैं, बल्कि सुरक्षा, सुविधा और सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ भी उठाती हैं। राजस्थान के शिक्षा विभाग की 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट बताती है कि राज्य के 35त्न सरकारी स्कूलों में अभी भी शौचालय की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति खासकर लड़कियों की उपस्थिति पर गहरा असर डालती है। बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूलों में लड़कियां केवल शौचालय न होने के कारण पीरियड्स के दिनों में स्कूल नहीं जातीं हैं।



यह आंकड़ा केवल बुनियादी सुविधा की कमी नहीं, बल्कि शिक्षा से लड़कियों को दूर धकेलने वाला एक मौन कारण भी है। इस मुद्दे को यदि मानवीय दृष्टिकोण से देखें तो यह समस्या सिर्फ अधूरी इमारतों या सुविधाओं की नहीं है, बल्कि यह लड़कियों के आत्मसम्मान, उनकी गरिमा और उनके सपनों से जुड़ी है। जब एक किशोरी को अपनी पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ती है, तो वह केवल किताबें ही नहीं छोड़ती, बल्कि अपने भविष्य की संभावनाओं का भी एक हिस्सा पीछे छोड़ देती है। उसका सपना डॉक्टर, टीचर या अधिकारी बनने का अधूरा रह जाता है और उसकी दुनिया फिर से घरेलू जिम्मेदारियों में सीमित हो जाती है। हकीकत यह है कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है बल्कि समानता की दिशा में पहला कदम है। जब लड़कियाँ स्कूल तक नहीं पहुंच पाती, तो यह लैंगिक असमानता को और गहरा करता है। आँकड़े भी यही बताते हैं। राजस्थान की साक्षरता दर 2011 की जनगणना के अनुसार 66.1 फीसदी थी, जिसमें पुरुषों की साक्षरता दर 80.5 फीसदी और महिलाओं की मात्र 52.1 फीसदी थी। बीकानेर जिले में भी यही असमानता दिखती है, जहाँ पुरुष साक्षरता दर 75.9 फीसदीऔर महिला साक्षरता दर सिर्फ 49.4 फीसदी है। यह अंतर इस बात का प्रमाण है कि लड़कियों की शिक्षा को लेकर आज भी समाज और व्यवस्था दोनों स्तरों पर पर्याप्त जागरूकता नहीं आई है।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि केवल स्कूलों का निर्माण कर देने से समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं हो जाता है। जब तक बुनियादी ढांचा, सुरक्षित परिवहन, और सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव नहीं आएगा, तब तक ग्रामीण किशोरियाँ शिक्षा के सपनों तक नहीं पहुँच पाएँगी। यहाँ एक और पहलू सामने आता है और वह है आर्थिक स्थिति। बीकानेर के लूणकरणसर ब्लॉक के कई गाँवों में, जहाँ खेतों में काम करना ही परिवार की आय का मुख्य साधन है, वहाँ लड़कियों की पढ़ाई अक्सर रुक जाती है। परिवार सोचता है कि जल्दी शादी कर देना ही समाधान है। लेकिन यह सोच उनके भविष्य को सीमित कर देती है। अब सवाल है कि इसका समाधान कैसे हो? इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले सरकार को शिक्षा पर निवेश और बढ़ाना होगा। राजस्थान में 2023-24 के बजट में शिक्षा पर कुल खर्च राज्य की जीडीपी का लगभग 2.8 फीसदी रहा है, जो कि अभी भी पर्याप्त नहीं माना जा सकता है। ग्रामीण इलाकों में खासकर लड़कियों के लिए सुरक्षित परिवहन, साइकिल योजना और स्कूलों में शौचालय जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता देनी होगी। दूसरे, समाज को यह समझना होगा कि शिक्षा सिर्फ लड़कों के लिए नहीं, बल्कि लड़कियों के लिए भी उतनी ही जरूरी है। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर सामुदायिक रूप से पहल करनी होगी। जिसमें पंचायत स्तर पर निगरानी, इस दिशा में बड़ा योगदान दे सकती हैं। जब समाज खुद यह जिम्मेदारी लेगा कि गांव की हर लड़की स्कूल जाएगी, तभी वास्तविक बदलाव आएगा। तीसरे, स्कूलों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। शिक्षकों को संवेदनशील और लैंगिक समानता के प्रति जागरूक बनाना जरूरी है। कई बार लड़कियाँ स्कूल इसलिए भी छोड़ देती हैं क्योंकि वहाँ उन्हें प्रोत्साहन और समर्थन नहीं मिलता है। यदि शिक्षक लड़कियों को बराबरी का माहौल देंगे, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। समाधान केवल नीतियों या योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सोच में बदलाव का सवाल है। जब हम यह मान लेंगे कि शिक्षा लड़कियों का भी उतना ही अधिकार है जितना लड़कों का, तभी इस समस्या का हल निकलेगा और यह बदलाव केवल सरकार या किसी संस्था से नहीं आएगा, बल्कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी से संभव होगा।

# अनुशासित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सौंपी जाय जिम्मेदारी : धर्मपाल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना ही निश्चित विजय का फार्मूला है। शक्ति केन्द्र ही मंडल और बूथ के बीच मजबूत सेतु है। शक्ति केन्द्र की जिम्मेदारी अनुशासित, परिश्रमी, ऊर्जावान और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सौंपी जाय। हर कार्यकर्ता को काम और काम की समीक्षा से जबाबदेही का कल्चर विकसित होगा। भाजपा का संगठन सबसे मजबूत और आदर्श हो उसके लिए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि तथ्य के साथ सत्य को लेकर हर घर तक पहुंचना है और विपक्ष के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ व भ्रम का सफाया करना है। धर्मपाल सिंह ने प्रयागराज महानगर, गंगापार, यमुनापार में जिलो के शक्ति केन्द्र संयोजको की बैठक को सम्बोधित किया। इसके साथ ही अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारियों से संवाद किया। विभिन्न अभियान तथा कार्यक्रमों के संयोजको व सहसंयोजको के साथ ही जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चो के जिलाध्यक्षो की बैठक को भी सम्बोधित किया। उन्होंने सेवा पखवाड़े के तहत सेवा कार्यो के सभी कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर प्रभावी रूप में आयोजित करने के लिए बैठक में चर्चा की। धर्मपाल सिंह बैठक से पूर्व प्रयागराज महानगर के भारद्वाज पार्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से प्रारम्भ हुए सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुए तथा स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया।

■ कहा, तथ्य के साथ सत्य को लेकर हर घर तक पहुंचाएं

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिश्रमी, अनुशासित तथा वैचारिक रूप से समृद्ध कार्यकर्ताओं का संगठन है। भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी सौंपने का काम करना है, जो ऊर्जावान है और अनुशासित है। संगठन में सतत नेतृत्व विकसित करने की नीति पर काम करते हुए युवाओं व महिलाओं को कार्यक्रमों व अभियानों में भागीदारी देकर उन्हें सक्रिय करना है। अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों से संवाद करते हुए धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धान्त पर चल रही है। मोदी सरकार की नीति में अनुसूचित जाति वर्ग का आर्थिक व सामाजिक विकास तथा राजनैतिक भागीदारी निहित है और भाजपा सरकार की हर योजना में यह परिलक्षित भी होता है। भाजपा सरकारों के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित कार्यो को लेकर बार-बार, हर बार जनता के बीच चर्चा करने का स्वभाव विकसित करना होगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केन्द्र तथा बूथ के बीच मजबूत तंत्र विकसित करने से पार्टी के सभी अभियान व कार्यक्रमों के साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का कार्य सहजता से जो जाएगा।

## पोषण माह : छोटे बच्चों की स्क्रीनिंग का अभियान चलाया

**मथुरा।** पोषण माह के अंतर्गत,दूसरे दिवस को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सैम और मैम बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सभी सैम और मैंम बच्चों का डेटा पोषण ट्रैकर एप पर हर महीने दर्ज किया जाता है लेकिन राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान आज विशेष रूप से यह अभियान चलाया गया ।जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी सैम बच्चा एप पर अंकित होने से ना छूटे ।इसी प्रकार यदि कोई बच्चा पूर्व में पोषण ट्रैकर अति कुपोषित के रूप में पंजीकृत था लेकिन वर्तमान में उसकी स्थिति में सुधार हो गया है तो उसे उसके अनुरूप अद्यतन किया जा सके जिससे बच्चे के स्वास्थ्य में हुआ सुधार ऐप पर परिलक्षित हो सके ।आज सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर यह कार्य किया गया । जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से प्रतिमाह सभी परियोजना से 10 ऐसे केंद्रों का चयन किया जाएगा जहाँ सैम बच्चों अथवा नाटेपन से ग्रसित बच्चों का डाटा सर्वाधिक दर्ज किया गया हो ,ऐसे केंद्रों पर डेटा को सही कराना।

# निर्वाचक नामावलियों के मैपिंग का कार्य 20 तक पूर्ण कर लिया जाये : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कल साएं कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष-2003 की निर्वाचक नामावली से 2025 की निर्वाचक नामावली की मैपिंग कराया जाए। उन्होंने बताया कि 2003 की निर्वाचक नामावली की प्रति सभी तहसील को उपलब्ध करा दी गयी है। 2025 की निर्वाचक नामावली अन्तिम प्रकाशन के समय उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने बताया कि मैपिंग का प्रारूप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये पी0पी0टी0 में उपलब्ध है, जिसकी प्रति एस0एस0आर0 ग्रुप में भेजी गयी है। जिलाधिकारी ने समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मैपिंग का कार्य 20 सितम्बर, 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि जुलाई 2026 से पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले बी0एल0ओ0 की सूची तैयार कर बदले जाने की कार्यवाही की जाय। बी0एल0ओ0 की नियुक्ति संबंधी आयोग के निर्देश में प्रस्तावित बी0एल0ओ0 जिसकी आयोग से अनुमति प्राप्त होनी थी, आयोग की अनुमति प्राप्त हो गयी है, उन बी0एल0ओ0 के ईपिक नम्बर ई0आर0ओ0नेट पर अपडेट कराते हुए उनके आई कार्ड का पी0डी0एफ0 डाउनलोड कर दिनांक-18 सितम्बर 2025 तक जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दिया जाय, जिससे उनके आई कार्ड फर्म से मुद्रित कराकर उपलब्ध कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के आयोग के बी0एल0ओ0 आईकार्ड जो मुद्रित कराकर उपलब्ध कराये गये है, उनका वितरण शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के बी0एल0ओ0 का मतदेय स्थल की संख्या सहित नाम एवं मोबाइल नम्बर का ऐप/लिंक तैयार कराया जाए।

■ विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में डीएम ने की बैठक

## स्पेलिंग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा अव्वल

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की मेधावी छात्रा रूद्रांशी सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित स्पेलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। रुद्रांशी ने विज इण्टरनेशनल स्पेल बी कम्पटीशन के नेशनल मेगा फाइनल राउण्ड में आल इण्डिया 7वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। इस उपलब्धि हेतु रुद्रांशी को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स, श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि शैक्षिक संस्था विज स्पेल बी के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपने अंग्रेजी ज्ञान, स्पेलिंग, ग्रामर, पजल्स, फोनेटिक्स सिम्बल, बोलने की क्षमता, राइमिंग वर्डस, जंबल लेटर्स आदि विभिन्न मानकों पर सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर सिद्ध कर दिया निकट भविष्य में यह मेधावी छात्रा अपने ज्ञान व बहुमुखी प्रतिभा के दम पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का गौरव बढ़ाने हेतु तत्पर है।

## दहेज प्रताड़ना का मामला, विवाहिता ने लगाया गंभीर आरोप

**बिलग्राम।** दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। बिलग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम मडिया जफरपुर निवासी रूबी पत्नी रामराज ने अपने ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग और मारपीट करने का आरोप लगाया है। रूबी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी लगभग एक वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ ही महीनों बाद ससुर रामराज और सास गौरा देवी सहित ससुराल पक्ष ने उससे मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि 12 सितंबर को लगभग दोपहर 1 बजे उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बुरी तरह पीटा गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। विवाहिता का कहना है कि उसके मायके वालों ने शादी में लगभग पाँच लाख रुपये खर्च किए थे और सारा जेवर भी दिया था।

# 'चिंता मत कीजिए, सरकार आपके साथ खड़ी'

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जनसुनवाई के दौरान सामने आई एक मार्मिक गुहार पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत कार्यवाही की और दिव्यांग परिवार को राहत पहुंचाई। दो दिन पूर्व उमरारखेरा, उरई निवासी अरुण (36 वर्ष) और उनकी पत्नी गोल्डी (35 वर्ष) जिलाधिकारी के पास पहुंचे थे। दोनों ने बताया कि वे दृष्टिबाधित हैं, आँखों से देख नहीं सकते। उनके वृद्ध माता-पिता (72 वर्ष) भी सहारे पर हैं और घर में कोई आय का साधन नहीं है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई कठिन हो रही है और स्कूल की फीस भर पाना असंभव है।

जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि आरटीई के तहत बच्चों की शिक्षा कराई जाए और उन्हें उत्तर प्रदेश शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी को आदेशित किया कि परिवार को नियमित खाद्यान्न की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी आज स्वयं दंपत्ति के घर पहुंचे और उनका हाल चाल जाना उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।साथ ही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उरई को निर्देशित किया कि परिवार को रोज़गार से जोड़ने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर सम्मानजनक जीवन जी सकें। जिलाधिकारी की इस पहल से दिव्यांग दंपत्ति भावुक हो उठे और उनकी आंखों से खुशी के आँसू छलक पड़े।

### लापरवाही और शिथिलता पर कनिष्ठ सहायक निलंबित



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज जिला प्रोबेशन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, जिसमें पत्रावलियों के रखरखाव में गंभीर अनियमितताएँ और लापरवाही सामने आईं। पत्रावलियों को दबाकर रखने के कारण जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट कर निरीक्षण के दौरान स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्यालयों में ढिलाई, प्रार्थना पत्रों को दबाकर रखने तथा जनसुनवाई से जुड़े मामलों का समय पर निस्तारण न करने जैसी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं और निर्देशों का पालन हर हाल में समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### भ्रष्टाचार मिटाओ-देश बचाओ साइकिल यात्रा पर निकले मेवाराम

**बिलग्राम हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अनूठा जनांदोलन शुरू करते हुए, मेवाराम, गोखले नगर, माधौगंज (हरदोई) के निवासी, ने भ्रष्टाचार मिटाओ-देश बचाओ जन कल्याण साइकिल यात्रा की शुरुआत की है। यह यात्रा 18 सितंबर से माधौगंज से शुरू होकर हरदोई, नैमिषारण्य, लखनऊ और अंत में अयोध्या धाम तक जाएगी। मेवाराम का नारा है, ईश्वर-अल्लाह सुनो पुकार, देश से मिटाओ भ्रष्टाचार। भ्रष्टाचार मिट जाएगा, राम राज्य आ जाएगा। इसके अलावा मेवाराम ने इस यात्रा के माध्यम से जनता की तीन प्रमुख मांगें उठाई हैं पहली मांग प्रदेश की जनता को भ्रष्टाचारियों से बचाने के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर सतर्कता विभाग की शाखाएं स्थापित की जाएं।




### गूगल पे के जरिए युवक से ठगी, हजारों रुपये गायब

**बिलग्राम, हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** साइबर ठगों ने बिलग्राम कस्बे के एक युवक को अपना शिकार बना लिया। खुद को रिश्तेदार बताकर ठग ने युवक से गूगल पे के जरिए हजारों रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली बिलग्राम में दर्ज कराई है। मामला थाना बिलग्राम क्षेत्र के मैदनपुरा करब का है। पीड़ित रिजवान पुत्र मैन्नुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके इंडियन बैंक में खाता है और वह गूगल पे इस्तेमाल करता है। बीते 14 सितम्बर को शाम करीब 5 बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर (90247xxxxx) से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को रिश्तेदार बताते हुए कहा कि कुछ रुपये भेजने हैं, लेकिन समस्या आ रही है। उसने रिजवान से गूगल पे पर पैसे भेजने की बात कही। शक न होने पर रिजवान ने पहले 1 रुपया भेजा, जिसके बाद ठग ने 39,004 रुपये का मैसेज भेजकर कहा कि पैसे ट्रांसफर कर दो। इसके बाद जब रिजवान ने अपना खाता चेक किया तो उतनी ही राशि उसके खाते से कट चुकी थी।

### नहीं हटा बीएलओ, सूची में गड़बड़ी की आशंका

**गाजीपुर (अवधनामा संवाददाता)।** भाँवरकोल ब्लॉक अंतर्गत मसौनी गाँव के निवासी नितीश राय ने बताया कि आगामी पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में गड़बड़ी की आशंका को लेकर मसौनी गाँव के बीएलओ अरविन्द कुमार का स्थानांतरित करने के लिए उपजिलाधिकारी को शिकायत की गई थी। जिस पर उपजिलाधिकारी ने जांच के बाद अरविन्द कुमार को मिश्रवलिया तथा मिश्रवलिया की बीएलओ प्रियंका मिश्रा को मसौनी स्थानांतरित कर दिया गया है।आदेश के बावजूद मनमाने ढंग से अब तक मसौनी गाँव के बीएलओ का कार्यभार देख रहे है। आगामी पंचायत चुनाव में गड़बड़ी की आशंका को लेकर चिंतित ग्रामीणों का कहना है बीएलओ को प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द स्थानांतरण कराया जाये।

### व्यापारियों के विभिन्न मुद्दों पर जिला प्रशासन से चर्चा



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** महारानी लक्ष्मीबाई सभागार उरई में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित व्यापार एवं उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में की गई।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने विभिन्न व्यापारिक विषयों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी के समक्ष मुद्दे रखे। नदीगांव बाजार की बंदी के संबंध में,जिला पंचायत द्वारा बेवजह छोटे छोटे बाजार क्षेत्र में व्यापारियों से टैक्स बसूली करना शामिल है।

## दीनदयाल धाम में मुख्यमंत्री का आगमन आज

**मथुरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मभूमि नगला चंद्रभान स्थित दीनदयाल धाम में मुख्यमंत्री 19 सितम्बर शुक्रवार को आ रहे है। यहाँ वह दो घंटे रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री का आगमन 19 सितंबर को पूर्वाहन 11.05 बजे हेलीकाप्टर से होगा। 11.15 से 12.15 बजे तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके उपरात 11.45 बजे तक का समय आरक्षित रखा गया है। दोपहर 12.55 बजे नोएडा के लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गुरुवार को अधिकारियों की ब्रीफिंग की गयी। जिलाधिकारी सीपी सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा थाना फरह क्षेत्रान्तर्गत पण्डित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला व मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था में लगे प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण की पण्डित दीन दयाल उपाध्याय विद्या मन्दिर इण्टर कालेज फरह में ब्रीफिंग के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई, 43 कारोबारियों पर 31 लाख का जुर्माना



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। त्योहारों के मद्देनज़र मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभिहित अधिकारी डॉ. जतिन कुमार सिंह ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग द्वारा कुल 198 खाद्य नमूने लिये गये, जिनमें से 25 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गये। इस आधार पर न्यायालय में 58 प्रकरण दायर किए गए, जिनमें से 43 मामलों में मिलावटी खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले कारोबारियों पर 31 लाख 5 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बाजारों, प्रतिष्ठानों, होटल व रेस्टोरेंट्स का गहन व नियमित निरीक्षण किया जाए। बासी खाना या दूषित भोजन मिलने पर होटल मालिकों के साथ-साथ संबंधित निरीक्षक पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सब्जियों व फलों में मिलाए जाने वाले कृत्रिम रंगों की जांच पर विशेष जोर दिया। साथ ही खोया, दाल और बेसन जैसे त्योहारी खाद्य पदार्थों पर पैनी निगाह रखने के निर्देश। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि मेडिकल स्टोर्स पर कंप्यूटराइज्ड बिलिंग अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए।

## सीआईएसएफ ने वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मथुरा।** 16वीं वाहिनी, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल परिसर में भगवान विश्वकर्मा पूजा बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न की गई। परिसर में उपस्थित मनोज ध्यानी , पुलिस महानिरीक्षक, मध्य क्षेत्र, लखनऊ, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नितिन कुमार कमांडेंट 16 वीं वाहिनी,भी इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

पूजा-अर्चना के उपरांत परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महानिरीक्षक,कमांडेंट एवं सभी अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महानिरीक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वकर्मा पूजा श्रम, कौशल एवं सृजनशीलता का प्रतीक है। साथ ही वृक्षारोपण को सामाजिक दायित्व, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इसके साथ ही संध्या काल में बल के जवानों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

# बाढ़ से टूटी सड़क की श्रमदान से मरम्मत

अवधनामा संवाददाता



**मुहम्मदाबाद (गाजीपुर)।** भाँवरकोल ब्लॉक अंतर्गत विगत दिनों क्षेत्र में आयी भयंकर बाढ़ से शेरपुर कलां के दक्षिण तरफ एक मात्र निकास द्वार और स्नान तथा शव दाह के लिए प्रमुख संपर्क टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया था। ग्रामीणों ने कई बार शासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई। रास्ते की मरम्मत हो जाये किन्तु शासन की उदासीनता एवं जन प्रतिनिधियों के मौन के कारण अब तक रास्ते की मरम्मत नही कराई जा सकी। चुंकि इस रास्ते से प्रतिदिन गंगा स्नान करने हेतु वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों की टोली गुजरती है। रास्ते की मरम्मत न होने से दुःखी युवाओं के सब्र का बाँध टूट गया।

युवाओं ने रास्ते को सुगम बनाने हेतु स्वयं श्रमदान कर रास्ते की मरम्मत की। गंगा स्नान करने वाले एवं गांव के ग्रामीणों द्वारा युवाओं की इस नेक पहल की शुरुआत करने के लिए बारम्बार सराहना की जा रही है। युवाओं ने कहा कि जब तक शासन स्तर से कोई सहायता नही मिल जाता है तब तक आवागमन हेतु श्रमदान प्रतिदिन जारी रहेगा।

ग्रामीणों की मांग है कि शासन जल्दी संज्ञान लेकर रास्ते की मरम्मत कराये ताकि आमजन को राहत हो। गंगा स्नान करने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए रास्ता सुगम बनाने में मुख्य रूप से मुन्ना राजभर, रामप्रीत राजभर, हरे राम राजभर, दिनेश ठाकुर, इत्यादि लोगों के अलावा दर्जनों लोगों ने कड़ी मेहनत करके रास्ता को सुगम बनाया।

# बिलग्राम में ट्रैफिक नियमों की सख्ती, वाहन चालकों ने अपनाए अनोखे तरीके



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** हरदोई के बिलग्राम में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। मुख्य चौराहे पर ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर राम सजीवन और उनकी टीम द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही है। रोजाना दर्जनों चालान किए जा रहे हैं, जिससे वाहन चालक नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं ताकि चालान से बच सकें।

हाल ही में कटरा-बिल्हौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि के बाद जिला पुलिस कप्तान ने अवैध वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके तहत वाहनों के लाइसेंस, परमिट, फिटनेस और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच तेज कर दी गई है। इस सख्ती से घबराए कुछ वाहन चालकों ने चालान से बचने के लिए अनोखे तरीके अपनाने शुरू कर दिए हैं। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर राम सजीवन ने बताया कि कई भारी वाहनों के चालक नंबर प्लेट पर कीचड़ या कालिख लगाकर नंबर को अस्पष्ट कर रहे हैं। कुछ वाहन चालक नंबर प्लेट को आधा बाहर और आधा अंदर लगवाते हैं, ताकि कैमरे में नंबर स्पष्ट न दिखे। इतना ही नहीं, कुछ लोग नंबर प्लेट पर टेप लगाकर अंक बदल देते हैं, जिससे चालान किसी अन्य वाहन के नाम पर दर्ज हो जाए। कुछ मामलों में तो वाहन चालकों ने नंबर प्लेट ही हटा दी है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी दस्तावेज पूर्ण और अद्यतन रखें।

## नगर आयुक्त ने वृंदावन में श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश ने वृंदावन जोन में श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर प्रदेश में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देना तथा अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करना है। नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा इस अवधि में नगर क्षेत्र के सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत ऐसे स्थलों की भी सफाई कराई जा रही है, जहाँ लंबे समय से सफाई नहीं हो पाई थी। साथ ही सभी पार्षदगणों की सहभागिता से गठित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों के माध्यम से 70 वार्डों में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

# गोवर्धन में अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियां पूर्ण : अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** गोवर्धन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव हर्ष धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जयंती महोत्सव के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल उर्फ बांचे लाला ने बताया पांच दिवसीय महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

समाज के लोगों को निमंत्रण दिए जा चुके हैं। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और समाज के लोग जुटे हुए। 20 सितंबर को सुबह हाथी दरवाजा स्थित ठाकुर श्री राधा रमन जी का अभिषेक पूजन किया जायेगा। दोपहर 3 बजे होटल चंद्रा गार्डन से श्री गणेश कलश शोभा यात्रा महिलाओं के द्वारा निकाली जाएगी। इसमें सभी महिलाएं एक ही वस्त्र धारण किए हुए नजर आयेंगी।21 सितंबर को मुरारी कुंज सरस्वती विद्या मंदिर में दोपहर 1 बजे बालिकाओं के लिए रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे बालक एवं बालिकाओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता होगी। 22 सितंबर को मुरारी कुंज में दोपहर दीप प्रज्वलन, रूप सजा प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे आजीवन सदस्यों का सम्मान समारोह और शायद 4 बजे स्वलप आहार होगा। 23 सितंबर को महाराजा श्री अग्रसेन के 18 राजकुमारो सहित आकर्षक झाकियो के साथ भव्य शोभा यात्रा मुरारी कुंज से सायं 7 बजे कस्बे में निकाली जाएगी। 24 सितंबर को 5 बजे प्रतियोगिता पुरस्कार एवं स्वरूप सम्मान व धर्मशाला हेतु भूमि दानदाताओं का सम्मान समारोह और रात्रि को 9 बजे से कवि सम्मेलन बरसाना रोड स्थित होटल चंद्रा गार्डन में होगा।

■ 20 सितंबर से शुरू होगा पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

### अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्ड का हुआ विमोचन

**गोवर्धन।** 20 से 24 सितंबर तक होने वाले अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारी जारी है। 20 सितंबर को निकालने वाली महाराजा अग्रसेंन शोभा यात्रा में मां लक्ष्मी बनने वाली का सैकड़ो बच्चियों में चयन कूपन के माध्यम से किया गया। जिसमें खुशी अग्रवाल पुत्री अमित अग्रवाल का चयन पर्ची के माध्यम से हुआ।कार्ड का विमोचन भी किया गया। पांच दिवसीय कार्यक्रम में कवि सम्मेलन आदि कार्यक्रम होंगे। इस दौरान अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल उर्फ बांचे लाल, उपाध्यक्ष बांके बिहारी सिंघल गिरधारी लाल सिंघल मंत्री बांके बिहारी सिघंल संगठन मंत्री राजेंद्र अग्रवाल गजेंद्र अग्रवाल प्रचार प्रसार मंत्री ऑडिटर श्रीनाथ गर्ग अंकित सिंघल बाल गोविंद गोयल पुनीत सौरभ बंसल आदि मौजूद रहे।

# टीएमयू इंजीनियरिंग कॉलेज के क्लाउड विजार्ड के संग सहमति पत्र पर हस्ताक्षर



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटीए मुरादाबाद के कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग सीओई और क्लाउड विजार्ड कंसल्टिंग प्रा लिए नोएडा के बीच अमेज़न वेब सर्विसेज. एडब्ल्यूएस के तहत फैकल्टी अपस्किलिंग के लिए सहमति पत्र साइन हुआ है। क्लाउड विज़ार्ड के साथ बनी इस सहमति से क्लाउड तकनीक में शिक्षा और उद्योग के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण हो सकेगा। इसके तहत कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज़ एंड इंफ़ॉर्मेशन टेक्नोलॉजी. सीसीएसआईटी के छह चुनिंदा फैकल्टी मेम्बर्स को एडब्ल्यूएस क्लाउड प्रैक्टिशनर एसेंशियल्स पर एफ़डीपी के लिए चुना गया हैए जिन्हें क्लाउड विज़ार्ड कंसल्टिंग की ओर से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। टीएमयू की ओर से कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो राकेश कुमार द्विवेदी और क्लाउड विजार्ड की ओर से सीईओ पुष्कर वर्मा ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। प्रशिक्षण के लिए डीन प्रो राकेश कुमार द्विवेदी के संग.संग डॉ शंभू भारद्वाजए डॉ रूपल गुप्ताए डॉण् प्रियांक सिंघलए डॉण् मोहन विशाल गुप्ताए अजय चक्रवर्ती का भी चयन हुआ हैं। इससे पूर्व सीईओ के डीन प्रो द्विवेदी ने मुख्य अतिथि क्लाउड विजार्ड के सीईओ पुष्कर वर्मा का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

# एआईएमआईएम पदाधिकारियों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन




**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एआईएमआईएम कन्नौज जिलाध्यक्ष इशरत खान की अगुवाई में पुलिस उपाधीक्षक कन्नौज को प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के विरुद्ध पूर्व नियोजित साज़िश के अंतर्गत निम्न व्यक्तियों द्वारा गंभीर व आपराधिक गतिविधियाँ किये जानें से अवगत कराते हुये ज्ञापन सौंपकर एफ़आईआर की कार्यवाही किये जानें की मांग की गई।गुरूवार को पदाधिकारियों व कार्यकमर्ताओं के साथ पुलिस उपाधीक्षक कन्नौज को ज्ञापन सौंपने के उपरान्त एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खान ने बताया कि ओमप्रकाश राजभर (कैबिनेट मंत्री), अरविंद राजभर, अरुण राजभर, अनिल राजभर (राज्य मंत्री) द्वारा विभिन्न टीवी चैनलों, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म तथा अन्य माध्यमों के माध्यम से अपने समर्थकों को उकसाकर शौकत अली के विरुद्ध अभद्र, असंसदीय एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग कराया जा रहा है। साथ ही उन्हें प्रदेश की सीमाओं में रोकने, गोली मारने तथा सार्वजनिक रूप से अपमानित करने जैसी गंभीर आपराधिक धमकियाँ दी जा रही हैं। सोशल मीडिया पर एक संगठित अभियान चलाकर प्रदेशा अध्यक्ष की छवि धूमिल करने, उनके मान-सम्मान को ठेस पहुँचाने तथा उनके जान-माल को गंभीर ख़तरा उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसी किसी भी घटना की सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी उपर्युक्त नामित व्यक्तियों एवं उनके सहयोगियों की होगी। उन्होनें उपरोक्त व्यक्तियों एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ कठोर से कठोर व त्वरित कानूनी कार्रवाई कर उनके सोशल मीडिया खातों पर अभद्र, धमकी भरी व आपराधिक प्रवृत्ति की सामग्री को तुरंत हटवाने की कार्यवाही किये जानें की मांग करते हुये प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली की व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए पर्याप्त एवं प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराये जानें की मांग भी की है। इस दौरान ज़िला प्रमुख महासचिव हाशिम सिद्दीकी, ज़िला प्रवक्ता वसीम खान ओवैसी, वरिष्ठ कार्यकर्ता शकील अहमद, यूथ ज़िलाध्यक्ष अकबर खान, आसिफ इकबाल, जीशान सिद्दीकी, कासिम खान, वासिद खान बाबा, आफ़्ताब अहमद, जीशान अंसारी, फ़ैज़ान अहमद, अल्तमश कुरैशी व टीम शिवपुरा, रईस अली, हाफ़िज़ हसरुद्दीन, साहिबे आलम, नबी अहमद, फैजुद्दीन दाईपुर, जान मोहम्मद, नौशाद खान सतौरा, ज़ामिद खान, अमीर अंसारी, रामप्रसाद दोहरे, इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर पंचायत कर्मियों का शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

■ स्वच्छता ही सेवा परववाडा के तहत हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत तालग्राम नगर पंचायत में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कर्मियों का ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, हीमोग्लोबिन, आंख और दांतों की जांच की। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक परामर्श भी दिया गया। गुरूवार को तालग्राम नगर पंचायत में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सी.एच.सी. तालग्राम से आई डॉ. सौम्या गंगवार (एम.ओ.), भानू तिवारी (ओपीटीओ), कुमारी गोल्डी (एलटी), सूरज कुमार (फर्मासिस्ट), आकाश कुमार (वार्ड बॉय) के माध्यम से सभी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण करनें के उपरान्त वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता ने कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में पंचायत कर्मियों और सफाई कर्मचारियों की अहम भूमिका रहती है, इसलिए उनका स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है। इस मौके पर नरसिंह, आमिर अंसारी, नितेश सिंह, गोकरन, अनुज कुमार, सफाई नायक संतराम सहित तमाम सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश यादव एवं पूर्व विधायक कृपाशंकर सिंह बाबू जी ने विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर के कटरी क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांवों का सघन दौरा किया। लोगों से मिलकर बाढ़ से हो रही परेशानियों की जानकारी ली। प्रभावित दर्जनों गाँवों के लोगों से भेंटकर वहाँ की मौजूदा स्थिति का जायज़ा लिया। बाढ़ से प्रभावित होकर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने को मजबूर पीड़ित परिवारों को उन्होंने यथासंभव राहत सामग्री एवं भोजन हेतु लंच पैकेट वितरित किए। बाढ़ पीड़ितों तक राहत सामग्री सफलतापूर्वक पहुंचाने में समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव नितिन सिंह पटेल की बड़ी भूमिका रहा, उनकी पूरी टीम लगातार लोगों की मदद कर रही है। पूर्व विधायक कृपाशंकर सिंह बाबू जी ने बाढ़ पीड़ितों को आश्वासन दिया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी। कटरी क्षेत्र में जब भी बाढ़ आती है, किसान पूरी तरह से तबाह हो जाते हैं, लोगों के साथ-साथ उनके मेवेशियों के लिए चारे का संकट सबसे बड़ा होता है। उनके मवेशी ही किसानों की आय का सबसे बड़ा श्रोत है। बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री वितरण में जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर गौतम, हाजी सैय्यद इरफान, जिला सचिव रामबहादुर यादव, वीरेंद्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, विधानसभा महासचिव गुड्डू पटेल, विधानसभा उपाध्यक्ष शिवनारायण गौड़, सत्येंद्र यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अमन अंजुम, राजेंद्र प्रसाद बारी, अनूप यादव, पंकज लोधी, मनीष सैनी, मोहित लोधी, गोलू यादव, रवि पटेल, सूरज पाल यादव (प्रधान), केशवदेव (प्रधान), रामबाबू यादव (बूथ अध्यक्ष), शिशिर कुशवाहा, चंद्रपाल यादव सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्तागण राहत सामग्री वितरण में लगे रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसीरतगंज कानपुर-लखनऊ हाइवे पर बीतीरात पैदल जा रहे मजदूर की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से खंती में गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर हादसे की सूचना परिजनों को देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजगैन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवई निवासी धर्मेंद्र चौरसिया 27 पुत्र सत्यनारायण मजदूरी करता था जो शराब एवं गांजा पीने का आदी था। सुबह के समय दही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसीरतगंज के सामने कानपुर लखनऊ हाइवे के किनारे खंती में शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के कपड़ो की तलाशी ली तो जेब में मिली डायरी के नंबरों से पहचान कर परिजनों को सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई सुशील ने बताया कि धर्मेन्द्र शराब एवं गांजा पीने का लती था। उसकी शादी नहीं हुई। तीन दिनों से घर नहीं गया था। इधर-उधर होटलों में काम करता था। छह भाइयों में 5 वे नंबर का था।

# एक ही रात आठ दुकानो से लाखो की चोरी, मचा हड़कम्प

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आर एस चौराहे पर चोरो ने आठ दुकानों में धावा बोल नकदी समेत लाखों का माल लेकर फरार हो गए। जानकारी होने पर पीड़ित व्यापारियों ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। कई एजेंसियों के साथ कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना की बारीकी से जांच की। एक ही रात आठ दुकानों में चोरी की वारदात होने से अन्य व्यापारियों में दहशत फैल गई है। नगर के मोहल्ला कस्बा टोला निवासी महफूज खान पुत्र जरूर खान का अयान मेडिकल स्टोर आर एस चौराहे पर है। रोज की तरह गत मंगलवार को भी महफूज दिन भर दुकानदारी करने के बाद शाम को दुकान में ताला डालकर घर चले गए। इसी तरह इसी चौराहे पर स्थित वीके बैकरी के स्वामी ग्राम आंबापारा निवासी नरेंद्र कुशवाहा पुत्र पूरन लाल, ग्राम जोगीकोट निवासी नियाज इलेक्ट्रॉनिक्स के स्वामी नियाज पुत्र जुबेर, ग्राम शीतल गंज निवासी अफ्सा डिजिटल स्टोर के स्वामी आरिज पुत्र शहाबुद्दीन, दीपू किराना स्टोर के स्वामी दीपू पुत्र शिवशंकर, ग्राम अवस्थी खेड़ा निवासी मयंक इलेक्ट्रॉनिक के स्वामी मयंक यादव पुत्र मेवालाल,ग्राम अमीरपुर निवासी श्री बालाजी स्वीट हाउस के स्वामी पुत्तनलाल पुत्र रामबली तथा ग्राम जोगी कोट निवासी उजैर हेयर ड्रेसर के स्वामी शहनूर पुत्र रफीक अपनी अपनी दुकान बंद कर अपने अपने घर चले गए। 16 व 17 सितम्बर की रात शातिर चोरों ने सभी दुकानों के शटर और ताले तोड़कर दुकानों की गोलक में रखी नकदी लेकर चंपत हो गए। आज सुबह सभी दुकानदारों को घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही सभी दुकानदार अपनी अपनी दुकानों पर पहुंचे और घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, डॉग स्क्वाड तथा सर्विलांस टीम को लेकर घटनास्थल पर पहुंची। सभी टीमों ने अपने अपने स्तर से घटनास्थल की बारीकी से जांच की। इसके बाद सभी टीमें जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गई। घटना की तहरीर मेडिकल स्टोर के स्वामी महफूज खान पुत्र जहूर खान ने कोतवाल को दी है।

## करंट से फैक्ट्री श्रमिक की मौत, मचा कोहराम

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर स्थित एक मकान में किराए का कमरा लेकर रह रहे फैक्ट्री श्रमिक का शव संदिग्ध हालातों में कमरे में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जिसमें करंट से मौत की पुष्टि हुई है। बिहार थानाक्षेत्र के कैलाशखेड़ा गांव निवासी अजीत (35) पुत्र जगतबहादुर साहू छह महीने से सदर कोतवाली के अकरपुर में तार फैक्ट्री में काम कर रहा था। वह अपने साथी ओमप्रकाश के साथ अकरमपुर निवासी मुनेश्वर के मकान में किराए पर रहते थे। रविवार को दोनों छुट्टी लेकर गांव गए थे। बताते हैं कि मंगलवार को अजीत आ गया, लेकिन वह काम पर नहीं गया। कंपनी से फोन आने पर ओमप्रकाश ने अजीत को फोन मिलाया। घंटी बजने के बाद भी फोन न उठने पर उसने मकान मालिक से संपर्क किया। तब अजीत कमरे में जमीन पर पड़ा मिला और पास ही फर्राटा पंखा चलता मिला। जिला अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना से पत्नी पूनम, पिता और अन्य परिजन बेहाल हैं।

# अलग-अलग घटना में युवक व वृद्ध ने लगाई फांसी

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** बुधवार को अलग-अलग थाना क्षेत्र में युवक तथा वृद्ध के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले। जिसमें सदर कोतवाली के किशोरीखेड़ा निवासी युवक का शव उसके बाथरूम में तो असोहा थाना क्षेत्र में वृद्ध का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है।

पहली घटना सदर कोतवाली के मोहल्ला किशोरीखेड़ा की है यहां के निवासी पुलिस विभाग के रिटायर्ड फालोवर राजकुमार सैनी अपनी पत्नी मालती व बेटे विनय व सुभाष (27) के साथ रहते है। सुभाष दही स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था लेकिन वह शराब का लती था। इसी से उसकी पत्नी कंचन से कहासुनी हुई थी। इस पर बीती 13 सितंबर को पत्नी प्रेम नगर शुक्लागंज अपने मायके चली गई थी। इसी से परेशान सुभाष ने अपने बाथरूम का दरवाजा बंद कर दुपट्टे का फंदे से छत के कुंडे से लटक गया। सुबह बाथरूम का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों शंका हुई। इसपर मां की सूचना पर पास में अलग-अलग मकानों में रहने वाले बेटे विजय और विकास पहुंचे। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए परिजन शव देखकर बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव जांच कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भाई विजय ने बताया कि सुभाष की शादी बीते 13 दिसंबर को हुई थी। पति की मौत की खबर से पत्नी कंचन सहित अन्य परिजन बेहाल है। दूसरी घटना में असोहा थानाक्षेत्र के भाऊमऊ गांव निवासी जगदीश यादव (65) स्व.छोटा खेती करता था। मंगलवार रात उसका शव गांव से एक किमी आगे ओमदत्त की बाग में लगे आम के पेड़ में लटका देख ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। भाई केतार ने बताया कि जगदीश के तीन बच्चों में बेटा राहुल व बेटी सोनी, मोनी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पालिका सभागार में कल्याण मेला का आयोजन



**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका सभागार में पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन के संबंध में लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। मेले में जेई अवधेश कुमार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन में बारे में जानकारी दी गई। गुरूवार को पालिका सभागार में आयोजित कल्याण मेला के पश्चात जेई अबधेश कुमार ने कर्मियों के साथ नगर के वार्ड नंबर 09 में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से संपर्क किया तथा उन्हें पीएम सूर्य घर योजना एवं अन्य लाभार्थी परक योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान पालिका कर्मचारी प्रसन्नजीत मिश्रा एवं डूडा की टीम द्वारा लाभार्थियों को विद्युत के स्थान पर सौर ऊर्जा का प्रयोग किए जाने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान सर्वेयर धर्मेंद्र कुमार, आशीष कुमार, सभासद विपिन कुमार, शिवा गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, सुनील कुमार सैनी, परमजीत, सर्वेश कुमार एवं पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सपा की बैठक में भाजपा पदाधिकारी का नाम त्रुटिपूर्ण उल्लेखित हुआ



**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)।** बीते दिन प्रकाशित समाचार में तालग्राम में आयोजित समाजवादी पार्टी की बैठक से संबंधित रिपोर्टिंग में त्रुटिवश तालग्राम भाजपा मण्डल मंत्री सचिन कुमार उर्फपंकज ठाकुर सभासद नगर पंचायत तालग्राम का नाम उल्लेखित हो गया था। यह पूर्णतः असत्य एवं भ्रामक है। उक्त बैठक का भाजपा से कोई संबंध नहीं था और न ही किसी भाजपा पदाधिकारी ने उसमें भाग लिया था। ज्ञात हो कि बीते दिन तालग्राम में समाजवादी पार्टी की आयोजित पीडीए परिचर्चा बैठक केवल चेयरमैन मोहसिन रजा खॉन उर्फ जानू सहित सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई थी। इस संदर्भ में संबंधित तालग्राम भाजपा मण्डल पदाधिकारी का नाम प्रकाशित होना तथ्यों के विपरीत है। अतः समाचार पत्र इस त्रुटि के लिए खेद व्यक्त करता है और स्पष्ट करता है कि बैठक का भाजपा से कोई जुड़ाव नहीं था।

### महिला से घर में घुसकर की मारपीट, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)।** क्षेत्र के ग्राम आमपुरवा निवासी पुष्पा देवी पत्नी संतोष द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 07 सितंबर की सुबह 09 बजे गांव के ही विनोद, विमलेश, शोभित, नीलेश आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीडिता के तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बाग में युवक का फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र हसनगंज निवासी मोनू पाण्डेय 35 वर्ष पुत्र राकेश मंगलवार शाम सात बजे बगैर बताए घर से निकल गया, देर रात घर न आने पर परिजनो ने खोजबीन की, बुधवार सुबह उसका शव घर से 800 मीटर की दूरी पर अखिल चौधरी की आम की बाग में अंगोछे से फंदे से लटका मिला। शव लटका देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की।जिसमें परिजनों ने बताया कि वह शाम को घर से टहलने के लिए निकला था। मृतक पंडिताई (आचार्य)का काम करता था।मृतक की मां लक्ष्मी, पत्नी अनु पुत्री अंशी आराध्या समेत भाई राघव, दीपू,सोनू रो-रोकर बेहाल हो गए।कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि आत्महत्या की घटना लग रही है,परिजनो ने किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी है, पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट हो जाएगी।

### संभल में अस्पताल/ क्लीनिको के विरूद्ध कार्यवाही में चार अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी जनपद सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदया (दक्षिणी) सुश्री अनुकृति शर्मा व विभिन्न थानों की पुलिस टीम व स्वास्थय विभाग की टीम, मजिस्ट्रैट गण द्वारा जनपद में अनाधिकृत रूप से संचालित अस्पताल/क्लीनिकों के विरूद्ध कार्यवाही कर 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

### हमीरपुर में होमस्टे नीति पर कार्यशाला

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति 2025 के प्रचार-प्रसार हेतु गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय कुछेछा में कार्यशाला आयोजित हुई। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जनपद में नदी, तालाब और प्राकृतिक सौंदर्य से पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। होमस्टे योजना से ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और पर्यटक बुंदेली संस्कृति से रूबरू होंगे।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान की शुरुआत हुई

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान की शुरुआत हुई। अभियान के अंतर्गत आज बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा एवं जांच शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत कटियार ने सर्वप्रथम पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। तत्पश्चात उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले, जन-आकांक्षाओं के संवाहक, विकसित भारत के वास्तुकार, हम सभी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक और लोकप्रिय जननेता हैं। उन्होंने कहा राष्ट्र की उन्नति और उत्थान हेतु समर्पित प्रधानमंत्री जी का ओजस्वी व्यक्तित्व सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा का अमर स्रोत है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो और उनके नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर अपनी गरिमा को और भी उच्च शिखर तक पहुंचायें। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र, दंत चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा किअभियान में गैर-संचारी रोग जांच जैसे रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा आदि। कैंसर स्क्रीनिंग (स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, मुख गुहा), एनीमिया एवं पोषण जागरूकता अभियान, टीबी जांच, सिकल सेल रोग परीक्षण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा, टीकाकरण के साथ ही मासिक धर्म व स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया जाएगा। अभियान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह, पंचायत प्रतिनिधि, शहरी निकाय एवं युवा स्वयंसेवकों की भूमिका निर्णायक रहेगी। उद्घाटन अवसर पर डॉक्टर आफ्ताब, डॉक्टर सागर आदि के अलावा स्टाफ नर्स और आशा बहूए मौजूद रहीं।

# भाषा विवि में हिंदी दिवस समारोह

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज बड़े हर्षोल्लास के साथ हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निज भाषा उन्नति अहे सब उन्नति को मूल के भाव को आत्मसात करते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के संरक्षक माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा महोदय थे। इस कार्यक्रम की संयोजिका हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जहाँ आरा ज़ैदी रहीं। कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने अपने वक्तव्य में कहा, आज का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और हमारी पहचान है। यह हमारी अभिव्यक्ति का माध्यम है और हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती है। हमें गर्व है कि हिंदी ने शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। हमारी मातृभाषा के रूप में, हिंदी को समृद्ध करना और इसका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी भाषा के महत्व को समझे और उसे आगे बढ़ाए। समारोह में बोलते हुए



मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित ने हिंदी भाषा के महत्व और उसके इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह हिंदी ने भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्री सुरेश बहादुर सिंह उपस्थित थे, और सम्मानित अतिथि के रूप में श्री कमलाकर त्रिपाठी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा, हिंदी दिवस के इस महत्वपूर्ण अवसर पर सम्मानित वक्ता के रूप में प्रोफेसर पवन अग्रवाल ने भी अपने विचार साझा किए। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर सौबान सईद भी समारोह में मौजूद थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से हुआ और सभी ने मिलकर हिंदी के गौरव को बढ़ाने का संकल्प लिया।

## मकान पर गिरी बिजली, महिला बेहोश

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के हिंदपालखेड़ा में बुधवार सुबह 7 बजे सोमनाथ यादव पुत्र बुद्धिलाल यादव के मकान के ऊपर बिजली गिरने से घर में लगे उपकरण जलकर राख हो गए। पड़ोसियों के घर में भी विद्युत उपकरणों का नुकसान हुआ है। तहसील क्षेत्र में रुक-रूककर हो रही बारिश के चलते बुधवार सुबह लगभग 7 बजे हिंदपालखेड़ा में सोमनाथ यादव के घर के ऊपर लगे सोलर पैनल में बिजली गिर गई जिससे ईटों को तोड़ते हुए आकाशीय बिजली जमीन में समा गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घर में रखे सोलर पैनल की बैटरी, इन्वर्टर की बैटरी, एलइडी टीवी, स्टेबलाइजर जल गए। सुबह घर का नाश्ता बना रही पर पत्नी सरस्वती बिजली की तेज गड़गड़ाहट सुनकर बेहोश हो गई। घर में मौजूद सोमनाथ के पिता बुद्धिलाल मां प्रभुदेई, लड़के सौरभ, प्रभात, पुत्री पूनम मां को बेहोश देख घबड़ा गए। चिकित्सक को बुलाकर सरस्वती को दिखाया। थोड़ी देर बाद जब उसे होश आया तब घर के लोगों ने राहत की सांस ली। बिजली गिरने से पड़ोसी रामसेवक के घर में लगा इनवर्टर व दूध डेयरी की मशीन तथा पहाड़पुर इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य श्रीराम सिंह के घर में लगे इनवर्टर भी जल गए।

## जीजीआईसी मौदहा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**मौदहा (हमीरपुर)।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मौदहा में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं अधिशाषी अधिकारी सीमा तोमर रहीं। छात्राओं ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या अंजलिप्रिया गौतम ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी छात्राओं को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। नोडल अधिकारी पूनम वर्मा एवं प्रवक्ता गणित दीपिका शर्मा ने भी छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। प्रदर्शनी में कक्षा 9 की मुस्कान को प्रथम, इशरा इस्लाम को द्वितीय तथा माहीन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# संभल चंदौसी मार्ग पर पैचिग कार्य शुरू करने का विभाग ने दिया भरोसा

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** सैयद गुलज़ार अहमद हाशमी की ऐतिहासिक पहल जनेटा और मोहम्मद टांडा में बनेगा सीसी रोड व नालियाँ, पूरे चन्दौसी सम्भल मार्ग पर पैचिंग कार्य शुरू करने का विभाग ने दिया भरोसा जनपद सम्भल का वह सपना जो वर्षों से अधूरा पड़ा था, अब साकार होने जा रहा है। और यह संभव हो सका है केवल और केवल सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट सैयद गुलज़ार अहमद हाशमी की लगातार संघर्षशील पहल और जनहित के प्रति उनकी निष्ठा की वजह से।हाशमी साहब ने न सिर्फ़ टूटी-फूटी सड़कों और गड्ढों से जूझ रही जनता की आवाज़ बुलंद की, बल्कि उसे शासन-प्रशासन तक पहुँचाकर एक ठोस परिणाम भी सामने ला दिया। लोक निर्माण विभाग ने उनके आवेदन और दबाव के बाद यह स्वीकार किया है कि जनेटा और मोहम्मद टांडा क्षेत्र की सड़क को अब स्थायी रूप से सीसी रोड में बदला जाएगा और उसके साथ नालियों का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे सड़क भविष्य में कभी न टूटे। यही नहीं, विभाग ने दूरभाष वार्ता में यह भी साफ़ कर दिया कि बरसात का मौसम थमता ही सम्पूर्ण चन्दौसीङ्कसम्भल मार्ग पर बड़े स्तर पर पैचिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा, ताकि हज़ारों लोगों की रोज़मर्रा की परेशानी तुरंत कम हो सके।क्षेत्रीय जनता में खुशी की लहर है। लोग कह रहे हैं कि अगर सैयद गुलज़ार अहमद हाशमी यह मुद्दा न उठाते तो यह समस्या आने वाले कई सालों तक यूँ ही दबाकर रखी जाती। उनकी सामाजिक ईमानदारी, आरटीआई के ज़रिये हक़ की लड़ाई और जनता के लिए लगातार संघर्ष ने यह साबित कर दिया है कि सच्ची नीयत और मज़बूत आवाज़ से व्यवस्था को झुकाया जा सकता है।

आज सम्भल की जनता गर्व से कह रही है कि हाशमी साहब ने असंभव को संभव कर दिखाया है। यह उपलब्धि न सिर्फ़ जनेटा और मोहम्मद टांडा की जनता के लिए, बल्कि पूरे सम्भल जनपद के लिए एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है।

## मंदबुद्धि युवक ने मंदिर में शिवलिंग व प्रतिमा क्षतिग्रस्त की, ग्रामीणों में आक्रोश

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी में बुधवार रात एक मंदबुद्धि युवक ने मंदिर में घुसकर शिवलिंग व प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। ग्राम निवासी गज्जू प्रजापति ने वर्ष 1977 में मंदिर का निर्माण कराया था, जिसमें शिवलिंग और बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित थीं। बाद में यहां दुर्गा जी की प्रतिमा भी रखी गई थी। आरोपी विजय उर्फ छोटे सिंह ने शिवलिंग तोड़ दिया और दुर्गा जी की प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त कर दी। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति को देखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रोड टैक्स के विरोध में बस यूनियन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर पालिका परिषद द्वारा बड़े वाहनों पर लगाए गए सौ रुपये प्रतिदिन रोड टैक्स का बस यूनियन ने विरोध किया है। गुरुवार को यूनियन पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।यूनियन नेता सलीम अहमद ने बताया कि उनकी बसें केवल नेशनल हाईवे से होकर गुजरती हैं, नगर पालिका क्षेत्र में प्रवेश नहीं करतीं। इसके बावजूद प्रतिदिन अवैध वसूली की जा रही है। विरोध करने पर मारपीट की नौबत आ जाती है। यूनियन ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान चंचल कुमार, संजय कुमार, रजनीकांत समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# पीवी सिंधू चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, चोचुवोंग पर दर्ज की आसान जीत

**शेनझेन (चीन)।** क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना कोरिया



की शीर्ष वरीय एन से यंग और डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सिंधू ने थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग को सीधे गेम में 21-15, 21-15 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 41 मिनट चला। इस जीत के साथ सिंधू ने थाई खिलाड़ी के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 6-5 कर लिया।

**अगला मुकाबला टॉप सीड से**

क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना कोरिया की शीर्ष वरीय एन से यंग और डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। यह मुकाबला सिंधू के लिए कड़ा हो सकता है क्योंकि एन से यंग दुनिया की टॉप बैडमिंटन खिलाड़ी मानी जाती हैं।

**जीत के बाद बोलीं सिंधू**

हाल में हांगकांग ओपन के पहले ही दौर में बाहर होने वाली सिंधू ने इस जीत को आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बताया। मैच के बाद उन्होंने कहा, मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद जरूरी था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में ज्यादा सतर्क थी। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खुशी है कि मैं जीत हासिल करने में सफल रही।

उन्होंने आगे कहा कि क्वार्टर फाइनल के लिए उन्हें और तैयारी करनी होगी। सिंधू ने कहा, सीधे गेम में जीत हमेशा आत्मविश्वास देती है। लेकिन आपको लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना होता है और यह सुनिश्चित करना होता है कि आप तेजी से आगे बढ़ें।

# नकवी की नाक बचाने के लिए और कितने बहाने बनाएगा पाकिस्तान? आईसीसी ने फिर खोली पीसीबी की पोल

**दुबई।** एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान हुए हैंडशेक विवाद पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को बड़ा दावा किया है। पीसीबी का कहना है कि आईसीसी के विवादास्पद मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी टीम मैनेजमेंट और कप्तान से माफी मांगी है। इसके साथ ही पीसीबी ने यह भी कहा कि आईसीसी मामले की जांच के लिए तैयार है। हालांकि, अब आईसीसी ने पीसीबी के इन दावों की फिर से पोल खोल दी है। आईसीसी ने पीसीबी के इन दावों पर करारा जवाब दिया है।

बुधवार को पाकिस्तान टीम ने यूएई के खिलाफ मुकाबले के लिए होटल से स्टेडियम जाने में देरी की। टीम का विरोध इस बात को लेकर था कि आईसीसी ने पायक्रॉफ्ट को हटाने से इनकार कर दिया था। इससे उनकी दोहरी फजीहत हो गई थी। टीम स्टेडियम पहुंची, लेकिन

**परहेज**

**भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पहले ही साफ कर चुके हैं कि हैंडशेक से परहेज का फैसला पूरी टीम का था।**

देरी से और फिर मैच भी खेला। पीसीबी ने पायक्रॉफ्ट को एशिया कप से बाहर करने की मांग की थी, फिर उसने पाकिस्तान-यूएई मैच से उन्हें हटाने की मांग की, लेकिन आईसीसी ने दोनों मांगें ठुकरा दीं। पाकिस्तान ने फिर टूर्नामेंट से नाम वापस लेने की गीदड़भभकी भी दी थी, लेकिन पैसे के दबाव में ऐसा नहीं कर पाया। हालांकि, तमाम नौटंकी के बाद एक माफी से पीसीबी का काम चल गया।



पीसीबी ने बुधवार को एक्स (पहले ट्विटर) पर बयान जारी करते हुए लिखा, आईसीसी के विवादास्पद मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के मैनेजर और कप्तान से माफी मांगी है। पायक्रॉफ्ट ने 14 सितंबर को हुए भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों को हैंडशेक से रोका था। पायक्रॉफ्ट ने भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों को हाथ मिलाने से मना किया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पायक्रॉफ्ट की हरकत पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

**कोड ऑफ कंडक्ट जांच का दावा**

पीसीबी ने अपने बयान में यह भी दावा किया कि आईसीसी इस मामले में जांच करने को तैयार है। पीसीबी ने कहा, आईसीसी ने 14 सितंबर के मैच के दौरान हुए कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन की जांच करने की सहमति जताई है।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पहले ही साफ कर चुके हैं कि हैंडशेक से परहेज का फैसला पूरी टीम का था। उन्होंने कहा था, यह कदम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए उठाया गया था। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी।

आईसीसी ने अब पायक्रॉफ्ट का बचाव करने के साथ-साथ पीसीबी के दोनों दावों की पोल खोली है। आईसीसी के एक विश्वसनीय सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, माफी सिर्फ गलतफहमी के लिए थी। पायक्रॉफ्ट ने जो भी किया, वह नियमों के मुताबिक था। सूत्र ने यह भी साफ किया कि आईसीसी तभी जांच शुरू करेगा जब पीसीबी ठोस सबूत पेश करेगा। उन्होंने कहा, और आईसीसी तभी अपनी जांच शुरू करेगा जब पीसीबी यह सबूत देगा कि पायक्रॉफ्ट की गलती क्या थी।

# पीएसजी की अटलांटा पर बड़ी जीत, लिवरपूल और बायर्न म्यूनिख भी जीते



**लंदन।** पीएसजी ने घरेलू मैदान पर अटलांटा पर 4-0 से जीत हासिल की। उसकी टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और अटलांटा को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया।

गत चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने बुधवार को बड़ी जीत दर्ज करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि लिवरपूल ने भी सत्र की अच्छी शुरुआत करते हुए अंतिम क्षणों में विजयी गोल किया। पीएसजी ने घरेलू मैदान पर अटलांटा पर 4-0 से जीत हासिल की। उसकी टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और अटलांटा को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा, ऐसा प्रदर्शन देखकर खुशी हुई। मुझे लगता है कि हमारे प्रशंसक खुश होंगे। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में हेडर से गोल करके एटलेटिको मैड्रिड पर 3-2 से जीत सुनिश्चित की। बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान ने क्रमशः चेल्सी और अजाक्स को हराया। बायर्न ने हैरी केन के दो गोल की मदद से चेल्सी को 3-1 से हरा दिया, जबकि इंटर की अजाक्स पर 2-0 की जीत में मार्कस थुरम ने दो गोल किए।

# धोनी-पठान हुक्का विवाद में कूदे मनोज तिवारी, खोले कई नए राज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम कल्चर को लेकर एक बार फिर से पुराना विवाद ताजा हो गया है। हाल ही में पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का एक पुराना बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि वह धोनी के कमरे में जाकर हुक्का नहीं लगाते थे और इस वजह से उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा। अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने धोनी के कथित हुक्का सेशंस को लेकर बड़ा बयान दिया है। तिवारी ने भी खुलासा किया है कि उस दौर में कुछ खिलाड़ी धोनी के करीब होने के लिए उनके कमरे में होने वाले हुक्का सेशंस में शामिल होते थे।

**मनोज तिवारी का खुलासा**

मनोज तिवारी ने एक स्पोर्ट्स वेबसाइट से बातचीत में कहा, हमने खुद नजदीक से ये सब देखा है। ऐसे सेशंस होते थे जहां हुक्का लिया जाता था और वहां कुछ खिलाड़ी ही होते थे जो कप्तान के करीब थे। उस समय कुछ खिलाड़ी इतने स्मार्ट थे



कि वे कप्तान को मक्खन लगाते थे ताकि कप्तान से मदद मिल सके।

तिवारी ने साफ किया कि यह किसी पर थोपे जाने वाली चीज नहीं थी। तिवारी ने कहा, %यह जरूरी नहीं था कि हर कोई वहां जाए। सिर्फ वही खिलाड़ी वहां जाते थे जिन्हें पता होता था कि कमरा हुक्के के लिए खुला है।

**कप्तान का दरवाजा हमेशा खुला, लेकिन**

तिवारी ने कहा कि धोनी का दरवाजा हमेशा सबके लिए खुला रहता था लेकिन ज्यादातर वही खिलाड़ी वहां जाते थे जो उनके करीब होते थे। तिवारी ने कहा, जो खिलाड़ी कप्तान के करीबी थे या समझदार थे, वही जानते थे कि दरवाजा सबके लिए खुला है।

**इरफान पठान के बयान के बाद बढ़ा मामला**

तिवारी का यह बयान उसी विवाद को हवा दे रहा है जो हाल ही में इरफान पठान ने उठाया था। पठान ने पांच साल पहले टीम इंडिया के हुक्का कल्चर का जिक्र करते हुए कहा था कि मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो किसी के कमरे में हुक्का लगाकर उसे खुश करने जाए।

**पठान ने हुक्का को लेकर कही थी यह बात**

पठान ने 2012 में टीम से बाहर होने के लिए धोनी का नाम लिए बिना उन्हें जिम्मेदार ठहराते हुए कहा था, मुझे किसी के कमरे में हुक्का लगाने या बेवजह बातें करने की आदत नहीं है। सब जानते हैं। कई बार चुप रहना बेहतर होता है। मेरा काम मैदान पर प्रदर्शन करना था और मैंने वही किया। पठान ने 2012 में आखिरी बार भारत के लिए खेला था। उस मैच में उन्होंने पांच विकेट भी लिए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। लंबे समय से यह सवाल उठता रहा है कि आखिर उन्हें बाहर क्यों किया गया।

# अगर लिवरपूल में पदक नहीं मिलता तो फिर कोशिश नहीं करती: पूजा रानी

**नई दिल्ली।** अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी। हालांकि, भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला। टोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने कहा, इस बार भी मैंने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी। मैं हमेशा अपना शत प्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है। मैंने पिछले चार पांच महीने से कड़ा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं। चार बार एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीत चुकी पूजा सेमीफाइनल में इंग्लैंड की एमिली एस्कीथ से हार गई, लेकिन कांस्य पदक जीता। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं। यह मेरी चौथी विश्व चैम्पियनशिप थी और मैंने पहली बार पदक जीता। यह खास है।

कुछ साल पहले कंधे की चोट और एक बड़े टूर्नामेंट से ठीक पहले हाथ जलने के कारण पूजा के कैरियर पर खतरा पैदा हो गया था लेकिन उसने तोक्यो ओलंपिक से पहले वापसी की। उसने 2019 और 2021 एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीते। हालांकि तोक्यो में वह 75 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। फिर मई 2022 में पिता के निधन के बाद उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप खेली लेकिन ब्रेक ले लिया । फिर 2023 की शुरूआत में उनका विवाह हुआ और एक साल बाद रिंग पर लौटकर उन्होंने राष्ट्रीय खिताब जीता। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन पेरिस ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में जगह बना चुकी थी। पूजा ने पिछला एक साल 75 किलो से 80 किलो में जाने पर लगाया।

## बिग बॉस में अभिषेक और आवेज के बीच हुई झड़प!

# नाराज अमाल मलिक ने सुनाई खरी-खोटी

**मुंबई।** बिग बॉस में इन दिनों खूब हलचल चल रही है। घर में कैप्टेंसी टास्क चल रहा है। हाउस में



कोई भी टास्क बिना एग्रेशन के नहीं होता है। पिछले एपिसोड में इसी तरह का कुछ हुआ। कैप्टेंसी टास्क के दौरान घर में जोरदार हंगामा हुआ। यहां तक कि धक्का मुक्की भी हुई। पहले राउंड में लड़कियों को भेजा गया। इस दौरान नेहल और नीलम के बीच झड़प हुई। नेहल ने इल्जाम लगाया कि नीलम ने उन्हें लात मारी थी। सेकंड राउंड में लड़कों को भेजा गया। उन्होंने भी हाथापाई की और खूब हंगामा किया।

शो के नए प्रोमो में देखा जा सकता है कि दो दोस्तों के बीच लड़ाई हुई है। आवेज दरबार और अभिषेक बजाज ने भी टास्क में हिस्सा लिया। टास्क के बीच अभिषेक जोर लगाते हैं। वह आवेज को रोकना चाहते हैं और धक्का मुक्की करते हैं। यहां तक कि वह उन्हें उठाकर फेंक देते हैं। दोनों के बीच अजीब हरकतें होती हैं। इस मामले को देखकर घर के बाकी लोग हैरान हो जाते हैं। यह मामला देखकर टास्क के संचालक अमाल मलिक नाराज होते हैं।

जब आवेज और अभिषेक के बीच मामला ज्यादा बढ़ने लगता है तो अमाल मलिक उन्हें अलग करते हैं। हालांकि अभिषेक तब भी नहीं मानते और आवेज को छोड़कर अभिषेक से भिड़ने लगते हैं। इस पर अमाल गुस्से में कहते हैं मैं कहूंगा रुक तो तू रुकेगा। तू सबको उठाकर फेंक रहा है। मेरे साथ मत भिड़ना। हालांकि अभिषेक नहीं रुकते हैं। वह अपने हिसाब से खेलते हैं। एपिसोड का प्रोमो देखकर दर्शक हैरान हैं। अब देखना होगा कि वीकएंड का वार में इस मामले पर सलमान खान क्या एक्शन लेंगे। कुछ यूजर्स ने अभिषेक की हरकत को पसंद किया है तो वहीं कुछ यूजर्स को उनकी हरकत पसंद नहीं आई है। पिछले एपिसोड में अशनूर कौर के साथ उनकी खटपट हो गई थी। हालांकि फिर दोनों का पैचअप हो गया।

# 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल से बाहर हुईं दीपिका पादुकोण, मेकर्स ने बताया क्यों लिया ये फैसला

**नई दिल्ली।** एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म A22 × A6 के चलते चर्चाओं में बनी दीपिका पादुकोण को लेकर अब एक बड़ी खबर सामने आ रही है। संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' से काम के घंटों और फीस को लेकर बाहर होने वाली दीपिका अब एक और बड़ी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल से भी बाहर हो गई हैं। इस बात की जानकारी खुद मेकर्स ने सोशल मीडिया पर साझा की है।

**मेकर्स ने खुद दी जानकारी**

आज वैजयंती मूवीज ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक बयान के जरिए इस बात की घोषणा की कि दीपिका पादुकोण अब कल्कि के सीक्वल का हिस्सा नहीं हैं। इस पोस्ट में लिखा गया, 'यह आधिकारिक तौर पर घोषणा की जाती है कि दीपिका पादुकोण 'कल्कि 2898एडी' के आगामी सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। काफी विचार-विमर्श के बाद हमने अलग

**सीक्वल**

**दीपिका पादुकोण 'कल्कि 2898एडी' के आगामी सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी।**

होने का फैसला किया है। पहली फिल्म बनाने के लंबे सफर के बावजूद, हम साझेदारी नहीं कर पाए। 'कल्कि 2898एडी' जैसी फिल्म उस प्रतिबद्धता और उससे भी कहीं अधिक की हकदार है। हम उनके भविष्य के काम के लिए शुभकामनाएं देते हैं।' नाग अश्विन द्वारा निर्देशित फिल्म कल्कि 2898 एडी साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण ने गर्भवती महिला सुमति का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके होने वाले बेटे को ही कल्कि अवतार के





तौर पर दिखाया जा रहा है। फैंस को दीपिका का किरदार काफी पसंद आया था और उनके अभिनय की भी तारीफ हुई थी। अब कल्कि के सीक्वल से दीपिका पादुकोण के अचानक बाहर किए जाने से उनके फैंस हैरान हैं।

**अभी नए नाम की नहीं हुई घोषणा**

कल्कि अवतार पर आधारित फिल्म कल्कि 2898 एडी में दीपिका पादुकोण के अलावा 'बाहुबली' स्टार प्रभास, आमिताभ बच्चन और कमल हासन भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें फिल्म की कहानी पहले भाग से आगे बढ़ेगी। लेकिन अब दीपिका के फिल्म से बाहर होने के बाद दूसरे पार्ट में किसी नई अभिनेत्री के शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि, मेकर्स ने अभी किसी नए नाम की घोषणा नहीं की है। इससे पहले दीपिका संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' से भी बाहर हो चुकी हैं। 'स्पिरिट' से दीपिका काम के घंटों और फीस के चलते बाहर हुई थीं। इस फिल्म में भी प्रभास ही लीड रोल में नजर आएंगे। दीपिका के बाहर होने के बाद मेकर्स ने इस फिल्म में तृप्ति डिमरी को शामिल किया है। तृप्ति 'एनिमल' में भी संदीप रेड्डी वांगा के साथ काम कर चुकी हैं।

बेटी दुआ को जन्म देने के बाद दीपिका फिलहाल किसी फिल्म में नजर नहीं आई हैं। वो आखिरी बार 'सिंघम अगेन' में दिखाई दी थीं। कुछ दिनों पहले ही वो एटली और अल्लू अर्जुन की बड़े बजट की आगामी फिल्म A22 × A6 से जुड़ी हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

# अजय देवगन की बेटी न्यासा देवगन को निर्देशक करना चाहता है लॉन्च, काजोल ने किया खुलासा

**मुंबई।** काजोल ने अपनी बेटी न्यासा के बॉलीवुड में डेब्यू के बारे में अपनी बात रखी है। इससे पहले अजय देवगन भी इस मामले पर अपनी राय रख चुके हैं।

काजोल और अजय देवगन की बेटी न्यासा की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। उनकी तस्वीरें और वीडियो अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं। हालांकि वह अपने बारे में लोगों को बहुत कम ही बताती हैं। वह कई बार पैपराजी अकाउंट्स और अपने दोस्तों के सोशल मीडिया फीड पर नजर आती हैं। ऐसे में, उनके बॉलीवुड में कदम रखने की संभावना को लेकर खूब चर्चा हो रही है। हालांकि काजोल और अजय देवगन अक्सर कहते रहे हैं कि उनकी बेटी को एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है। अब काजोल ने बताया है कि करण जौहर उन्हें लॉन्च करने में रुचि रखते हैं।

हाल ही में शुभांकर मिश्रा के साथ बातचीत में काजोल से पूछा



गया कि करण जौहर तो आपके दोस्त हैं। ऐसे में क्या उनके बच्चों को फिल्मों के लिए अप्रोच किया जा रहा है? इस सवाल के जवाब में काजोल ने कहा 1-2 बार फोन आए हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मेरी बेटी अभी फिल्मों में नहीं आएगी। अगर वह कुछ करना चाहती है, तो वह हमें बताएगी। ऐसे में हम 100 फीसद उसके साथ हैं।

**अजय देवगन ने दिया था जवाब**

शो कॉफी विद करण 8 में भी अजय देवगन ने उनकी बेटी के फिल्मों में आने की अटकलों पर विराम लगा दिया था। उन्होंने कहा था उनकी बेटी की फिल्मों में आने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा अभी वह अभिनेत्री नहीं बनना चाहती है। मगर कल को चीजें बदल सकती हैं। तब लोग 20 साल पुराना इंटरव्यू चलाएंगे और कहेंगे कि अजय देवगन ने ऐसा कहा था, लेकिन अभी न्यासा के अभिनेत्री बनने के जीरो प्रतिशत चांस हैं।

**मनीष ने शेयर की थीं तस्वीरें**

इंडस्ट्री में सिर्फ करण जौहर ही ऐसे आदमी नहीं हैं जो न्यासा को लॉन्च करना चाहते हैं, डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने भी इसी साल न्यासा की लहंगा में तस्वीरों को शेयर किया था। तस्वीरें शेयर करते हुए मनीष ने लिखा था न्यासा सिनेमा आपका इंतजार कर रहा है। मनीष के इस कमेंट ने लोगों की धड़कनें बढ़ा दी थीं। इस पर न्यासा के दोस्त ओरी ने कमेंट किया था आपके डेब्यू का इंतजार है।

## अनुपमा और तुलसी में फिर छिड़ी टीआरपी की जंग

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री में हर हफ्ते दर्शकों की पसंद का पैमाना बदलता है। कौन सा शो दर्शकों को सबसे ज्यादा जोड़ रहा है और कौन पीछे छूट रहा है, यह साफ हो जाता है जब टीआरपी रेटिंग्स सामने आती हैं। 36वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट ने एक बार फिर दर्शकों को चौंका दिया है, क्योंकि इस बार भी नंबर वन की कुर्सी पर कब्जा जमाने के लिए दो बड़े शोज़ के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

स्टार प्लस का पॉपुलर शो अनुपमा लगातार तीसरे हफ्ते नंबर वन बना हुआ है। शो को इस बार 2.4 की टीआरपी मिली है। लीड किरदार अनुपमा की जिंदगी के उतार-चढ़ाव और पारिवारिक संघर्ष ने दर्शकों को बांधे रखा है। रुपाली गांगुली के दमदार अभिनय और कहानी में लगातार आ रहे ट्विस्ट और टर्न्स की वजह से ये शो हर हफ्ते दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है।

# 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग पर समय की टी-शर्ट ने खींचा ध्यान

**मुंबई।** 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग पर इंडस्ट्री से जुड़े सितारों का जमावड़ा लगा। इसी दौरान कॉमेडियन समय रैना की टी-शर्ट ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

आर्यन खान अब शोबिज की दुनिया में अपना डेब्यू कर चुके हैं। उनके द्वारा निर्देशित पहला शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' ओटीटी पर रिलीज हो चुका है। शो के रिलीज से पहले कल इसकी स्क्रीनिंग रखी गई। इसमें बॉलीवुड के सितारों का मेला लगा। इसमें कॉमेडियन समय रैना ने भी शिरकत की। इस दौरान समय रैना की टी-शर्ट ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर पर समय रैना एक काली टी-शर्ट पहने नजर आए। लेकिन इस टी-शर्ट पर लिखे संदेश ने सबका ध्यान आकर्षित किया। समय की टी-शर्ट पर लिखा था, 'क्रूज को ना





कहें।' अब समय की टी-शर्ट पर लिखा ये संदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोगों ने इसे आर्यन खान के क्रूज ड्रग केस से जोड़ दिया, जिसमें आर्यन को जेल तक जाना पड़ा था। समय की इस टी-शर्ट को देखकर लोग कॉमेडियन को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ समय की हिम्मत की दाद दे रहे हैं। तो कुछ कहना है कि समय कुछ भी करने से झिझकते नहीं हैं। फिलहाल समय रैना की टी-शर्ट चर्चा का विषय बनी हुई है। आर्यन खान की 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस सीरीज में बॉबी देओल, लक्ष्य लालवानी, राघव जुयाल, रजत बेदी, मोना सिंह, गौतमी कपूर, मनोज पाहवा और सहर बंबा जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा शो में आमिर खान, शाहरुख खान और सलमान खान समेत कई बड़े स्टार्स के कैमियो भी हैं।

# मेरे पास कोई नैतिक अधिकार नहीं कि इस पर टिप्पणी करूं



**मुंबई।** शरद पवार ने कहा कि वे 85 साल की उम्र में भी सक्रिय हैं, इसलिए उनके पास यह नैतिक अधिकार नहीं कि वे 75 साल पार नेताओं पर टिप्पणी करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वर्ष के होने पर उठी राजनीतिक बहस में पवार ने भाजपा की पुरानी नीति का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा नेता खुद अब इस पर साफ इनकार कर रहे हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि वे 85 वर्ष की उम्र में भी सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और इसलिए उनके पास यह नैतिक अधिकार नहीं है कि वे यह तय करें कि 75 साल से अधिक उम्र के नेताओं को सार्वजनिक जीवन से पीछे हटना चाहिए या नहीं। पवार ने यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाल ही में 75 वर्ष के होने के बाद उठे राजनीतिक विमर्श के बीच दिया।

पत्रकारों ने जब पवार से सवाल पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद सार्वजनिक जीवन से पीछे हट जाना चाहिए, जैसे कभी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी ने किया था, तब उन्होंने साफ कहा कि भाजपा में अब लोग कहते हैं कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि 75 से ज्यादा उम्र वाले नेताओं को पीछे हटना चाहिए। मैं खुद 85 का हूं, तो मेरे पास कोई नैतिक अधिकार नहीं कि इस पर टिप्पणी करूं।

पवार ने अपनी उम्र का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने खुद 85 साल की उम्र में भी काम करना नहीं छोड़ा है। उनका कहना था कि जब वे खुद इस उम्र में सक्रिय हैं तो दूसरों को लेकर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

# असम विदआउट भाजपा वाले वीडियो पर बवाल

**गुवाहाटी।** असम कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने एआई-जनरेटेड वीडियो जारी कर सांप्रदायिक तनाव फैलाने और मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने की कोशिश की। इस मामले में दिसपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। कांग्रेस ने कहा कि वीडियो का मकसद वोटरों को डराकर प्रभावित करना है। असम कांग्रेस ने गुरुवार को राज्य भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की सोशल मीडिया इकाई एआई-जनरेटेड वीडियो जारी कर समाज में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने दावा किया कि इन वीडियो के जरिए खासतौर पर मुस्लिम समुदाय और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई को निशाना बनाया गया है। इस मामले में कांग्रेस ने दिसपुर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन बेदब्रत बोरा ने भाजपा की सोशल मीडिया सेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप है कि इन वीडियो का मकसद

**खिलाफ**

**असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन बेदब्रत बोरा ने भाजपा की सोशल मीडिया सेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।**

सांप्रदायिक विद्वेष फैलाना, धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और अपराधी साजिश रचना है। बोरा ने कहा कि यह कदम सीधे तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है, जो इस समय बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) चुनावों के लिए लागू है। कांग्रेस की शिकायत में कहा गया है कि जिम्मेदारी असम भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया, पार्टी की सोशल मीडिया इकाई के सह-संयोजक शेखरज्योति बैश्य और अन्य अज्ञात पदाधिकारियों पर है। बोरा ने मीडिया को बताया कि यह वीडियो असम विदआउट भाजपा शीर्षक से 15



सितंबर को जारी किया गया, जिसमें राज्य को मुस्लिम बहुल दिखाने की कोशिश की गई। बोरा ने कहा कि वीडियो में सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस बिक्री की वैधता, इस्लामी प्रतीकों से सजाए गए स्थलों, 90 प्रतिशत मुस्लिम आबादी के बढ़े-चढ़े दावों और शरीया जैसे कानून लागू करने की तस्वीरें दिखाई गईं। वीडियो के अंत में संदेश था कि अपने वोट सोच-समझकर डालें। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह सामग्री नफरत और डर फैलाने के लिए बनाई गई है। कांग्रेस का आरोप है कि वीडियो में राहुल गांधी और गौरव गोगोई की छवि को भी खराब करने की कोशिश की गई। बोरा ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी 12 सितंबर को इसी तरह का वीडियो जारी किया गया था। उन्होंने इसे असम की नाजुक सांप्रदायिक स्थिति के लिए खतरनाक बताया और पुलिस से फॉरेंसिक जांच कराकर भाजपा सोशल मीडिया इकाई के उपकरण जब्त करने की मांग की। बोरा ने पुलिस से कहा कि आईटी एक्ट, 2000 के तहत संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से वीडियो तुरंत हटाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि यह और ज्यादा न फैल सके। साथ ही, इस मामले की जानकारी असम राज्य चुनाव आयोग को भी दी जानी चाहिए। पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है और कहा है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच भाजपा लगातार अपने एक्स हैंडल पर वीडियो साझा कर रही है। पहला वीडियो असम विदआउट भाजपा शीर्षक से जारी हुआ था, जिसमें दावा किया गया कि अवैध प्रवासी गुवाहाटी, हवाई अड्डे, स्टेडियम, चाय बागान और रंगघर जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर कब्जा कर लेंगे।

## अपहरण मामले में तमिलनाडु के विधायक को अग्रिम जमानत, मद्रास हाईकोर्ट का फैसला बदला

**नई दिल्ली।** विधायक ने मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने विधायक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु के विधायक पूवई जगन मूर्ति को बड़ी राहत देते हुए अपहरण के एक मामले में उन्हें अग्रिम जमानत दे दी। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने विधायक की याचिका का निपटारा कर दिया। पूवई जगन मूर्ति तमिलनाडु की केवी कुप्पम सीट से विधायक हैं। विधायक ने मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने विधायक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान विधायक ने तर्क दिया कि जिस लड़के का अपहरण हुआ, उसकी बरामदगी उनके कब्जे या उनके ठिकाने से नहीं हुई थी। विधायक ने दावा किया कि उन्हें इस मामले में दुर्भावनापूर्ण तरीके से फंसाया गया है। पीठ ने कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की कोई जरूरत नहीं है। लक्ष्मी नामक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें अपने बेटे के अपहरण का आरोप लगाया गया था। महिला ने बताया कि उसका बड़ा बेटा एक लड़की को लेकर फरार हो गया था। तिरुवल्लूर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, लड़की के परिवार के सदस्यों ने, कुछ बदमाशों के साथ, बड़े बेटे की तलाश में उसके घर पर धावा बोल दिया। जब बड़ा बेटा घर नहीं मिला तो उन्होंने कथित तौर पर उसके 18 वर्षीय छोटे बेटे का अपहरण कर लिया और बाद में उसे घायल अवस्था में एक होटल के पास छोड़ गए।

## हाईकोर्ट पहुंचे मालेगांव विस्फोट के पीड़ित परिजन, बरी सातों लोगों और एनआईए को नोटिस जारी

**मुंबई।** याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि विशेष एनआईए अदालत द्वारा 31 जुलाई को पारित आदेश, जिसमें सातों आरोपियों को बरी कर दिया गया, वह गलत और कानून की दृष्टि से भी गलत था और इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने गुरुवार को साल 2008 के मालेगांव विस्फोट के पीड़ित परिजनों की याचिका पर एनआईए और इस मामले में बरी किए गए सातों लोगों को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंखड़ की पीठ ने अभियोजन पक्ष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और महाराष्ट्र सरकार को भी नोटिस जारी किए। अपील पर सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। मालेगांव विस्फोट में मारे गए छह लोगों के परिजनों ने आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद राजपुरोहित सहित मामले के सात आरोपियों को बरी किए जाने के अदालत के फैसले को चुनौती दी गई है। पिछले सप्ताह दायर की गई याचिका में दावा किया गया है कि दोषपूर्ण जांच या जांच में खामियां आरोपियों को बरी करने का आधार नहीं हो सकतीं। याचिका में यह भी तर्क दिया गया है कि साजिश गुप्त रूप से रची गई थी और इसलिए इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं हो सकता। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि विशेष एनआईए अदालत द्वारा 31 जुलाई को पारित आदेश, जिसमें सातों आरोपियों को बरी कर दिया गया, वह गलत और कानून की दृष्टि से भी गलत था और इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 29 सितंबर, 2008 को, महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में विस्फोट हुआ, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 101 अन्य घायल हो गए थे। अपील में कहा गया है कि निचली अदालत के न्यायाधीश को आपराधिक मुकदमे में डाकिया या मूकदर्शक की भूमिका नहीं निभानी चाहिए। जब अभियोजन पक्ष तथ्य उजागर करने में विफल रहता है, तो निचली अदालत प्रश्न पूछ सकती है और गवाहों को बुला सकती है। अपील में कहा गया है, दुर्भाग्य से निचली अदालत ने केवल एक डाकघर की तरह काम किया है और अभियुक्तों को लाभ पहुंचाने के लिए एक गलत अभियोजन की अनुमति दी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा मामले की जांच और सुनवाई के तरीके पर भी चिंता जताई गई और आरोपियों को दोषी ठहराने की मांग की गई है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी रिहा, पीड़िता की उम्र साबित नहीं कर सका अभियोजन पक्ष

**मुंबई।** अभियोजन पक्ष ने पीड़िता की जन्मतिथि 1 सितंबर 2005 बताई थी, लेकिन इसे साबित करने के लिए कोई प्रमाण पत्र पेश नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने कोई स्वतंत्र गवाह भी पेश नहीं किया। जो घटना की पुष्टि कर पाए। ठाणे की एक अदालत ने साल 2021 में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया। दरअसल अभियोजन पक्ष इस मामले में अदालत में ठोस सबूत पेश नहीं कर पाया। अभियोजन पक्ष न तो अदालत में पीड़िता की सही उम्र साबित कर सका और न ही कोई गवाह पेश कर सका। ऐसे में सबूतों के अभाव में अदालत ने आरोपी को रिहा करने का आदेश दिया।

# एएनएससीबीएल ऋण घोटाले में गिरफ्तार पूर्व सांसद को ईडी कोलकाता लेकर गई, 500 करोड़ के घोटाले में होगी पूछताछ

**नई दिल्ली।** अंडमान और निकोबार पुलिस के अपराध एवं आर्थिक अपराध शाखा ने बैंक अधिकारियों और अन्य के खिलाफ 15 मई 2025 को एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गुरुवार को एएनएससीबीएल ऋण घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पूर्व कांग्रेस सांसद कुलदीप राय शर्मा को कोलकाता लेकर गई। एक अधिकारी ने बताया कि ईडी, कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने बुधवार शाम को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत एएनएससीबीएल (अंडमान और निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड) के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा, एएनएससीबीएल के पूर्व प्रबंध निदेशक के मुरुगन और पूर्व ऋण अधिकारी के कलैवानन को गिरफ्तार किया था। पीएमएलए की विशेष अदालत (पीएमएलए) ने उन्हें आठ दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। कुलदीप राय शर्मा, मुरुगन और कलैवानन को गुरुवार को ईडी के अधिकारी पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता ले गए। एक वरिष्ठ ईडी अधिकारी ने कहा, चिकित्सा परीक्षण के बाद उन्हें साल्ट लेक स्थित हमारे ईडी कार्यालय ले जाया जाएगा।

हमारे अधिकारी 15 सितंबर को पोर्ट ब्लेयर गए और कई व्यापारियों और बैंक अधिकारियों के कार्यालयों और घरों पर छापे मारे और तलाशी ली। हमारी जांच जारी है और हम समय आने पर और जानकारी साझा करेंगे। अंडमान और निकोबार पुलिस के अपराध एवं आर्थिक अपराध शाखा ने बैंक अधिकारियों और अन्य के खिलाफ 15 मई 2025 को एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी

**समूह**

**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गुरुवार को एएनएससीबीएल ऋण घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पूर्व कांग्रेस सांसद कुलदीप राय शर्मा को कोलकाता लेकर गई।**

प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की। जुलाई, 2025 को अपराध एवं आर्थिक अपराध शाखा ने ऋण अनियमितताओं के मामले में पूर्व सांसद और एएनएससीबीएल के पूर्व




अध्यक्ष को गिरफ्तार किया था। इस मामले में सहकारी समितियों के उप-पंजीयक (मुख्यालय) की एक शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई थी। 31 जुलाई को ईडी ने इस मामले में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में घोटाले के आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की। पिछले दो हफ्तों में, ईडी ने इस मामले में 10 से ज़्यादा लोगों से पूछताछ की गई है। ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि 500 करोड़ रुपये से ज्यादा के लोन फर्जी कंपनियों और फर्मों के नाम पर खोले गए 100 से ज्यादा खातों में मंजूर किए गए। ईडी के अनुसार, करीब 230 करोड़ रुपये कथित तौर पर कुलदीप राय शर्मा और उनके करीबी सहयोगियों के फायदे के लिए निकाले गए।

# लश्कर और जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई जरूरी

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल बंद करना होगा। भारत ने आतंकवाद से लड़ाई में वैश्विक सहयोग पर जोर देते हुए मानवीय सहायता और विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। भारत ने दोहराया कि उसकी प्राथमिकता अफगानिस्तान में शांति, स्थिरता और लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना है। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें। यह संदेश भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर

**मुकाबला**

**भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है।**

बैठक में दिया। हरीश ने कहा कि भारत लगातार अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रख रहा है। अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा



जिम्मेदारी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर है। भारत ने दोहा और अन्य क्षेत्रीय बैठकों में भी सक्रिय भागीदारी की है ताकि शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो बार अफगान कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से बात कर चुके हैं। भारत ने अफगानिस्तान की ओर से 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा का भी स्वागत किया।

भारत का कहना है कि केवल दंडात्मक कदमों से समस्या हल नहीं होगी। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान के लिए नई और व्यावहारिक नीति की जरूरत है। सिर्फ प्रतिबंध या पुराने तरीकों से आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहे वाली नीति से कोई फायदा नहीं होगा। जरूरत है कि सकारात्मक रवैये को प्रोत्साहित किया जाए और नकारात्मक गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाए। हरीश ने अफगानिस्तान में आए भूकंप का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सबसे पहले राहत पहुंचाने वाले देशों में शामिल था। भारत ने 1,000 परिवारों के लिए टेंट और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी। इसके अलावा 21 टन राहत सामग्री जिसमें दवाएं, हाइजीन किट, कंबल और जनरेटर शामिल थे, भी भेजे गए।

# सैन्य अफसरों को आतंकियों के जनाजे में शामिल होने के आदेश मुनीर ने दिए थे, जैश कमांडर ने कबूला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सेना और आतंकी संगठनों की मिलीभगत का बड़ा खुलासा हुआ है। जैश-ए-मोहम्मद कमांडर इलियास कश्मीरी ने वीडियो में दावा किया कि पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने आदेश दिया था कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में सेना अधिकारी शामिल हों। वहीं, लश्कर कमांडर सैफुल्लह कसूरी ने भारत को धमकी देते हुए पाकिस्तान सरकार और सेना से मिली फंडिंग का खुलासा किया।

पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी संगठनों के बीच सांठगांठ की बड़ी पोल खुली है। जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर इलियास कश्मीरी ने एक वीडियो में दावा किया है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने खुद आदेश दिया था कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में

**आदेश**

**वीडियो में कश्मीरी ने कहा कि पाकिस्तान सेना के जीएचक्यू (जनरल हेडक्वार्टर) से आदेश मिला था कि मारे गए आतंकियों को 'शहीद' का दर्जा देकर सलामी दी जाए।**

शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हों। इस खुलासे ने न केवल पाकिस्तान की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि भारत पर लगातार हो रहे हमलों के पीछे की सच्चाई भी उजागर की है। वीडियो में कश्मीरी ने कहा कि पाकिस्तान सेना के



जीएचक्यू (जनरल हेडक्वार्टर) से आदेश मिला था कि मारे गए आतंकियों को 'शहीद' का दर्जा देकर सलामी दी जाए। यही नहीं, कोर कमांडरों को बाकायदा वर्दी में उनके जनाजे में शामिल होने और सुरक्षा देने के निर्देश भी दिए गए। यह सीधे तौर पर पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी संगठनों की मिलीभगत को दर्शाता है। कश्मीरी ने आगे यह भी स्वीकार किया कि उसका मुखिया मौलाना मसूद अजहर भारत में कई हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है। उसने खुलासा किया कि आईसी-814 विमान अपहरण के बाद जब अजहर तिहाड़ जेल से रिहा होकर पाकिस्तान पहुंचा, तो बालाकोट उसकी गतिविधियों का मुख्य ठिकाना बना। वहीं से उसने दिल्ली और मुंबई में आतंकी हमलों की साजिशों को आगे बढ़ाया। इसी बीच लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी चीफ सैफुल्लह कसूरी का एक और वीडियो सामने आया है। इसमें वह न केवल 22 अप्रैल को पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले मास्टरमाइंड के रूप में सामने आया, बल्कि भारत को खुली धमकी भी दी। कसूरी ने कहा कि भारत के बांध, नदियां और जम्मू-कश्मीर की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जाएगी। कसूरी ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान सरकार और सेना खुद लश्कर को फंडिंग कर रहे हैं ताकि उसका मुख्यालय मुरिदके में दोबारा बनाया जा सके।

# बीएलए और मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग



**न्यूयॉर्क।** सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने कहा कि, अफगानिस्तान से पैदा हुआ आतंकवाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। साल 2011 में गठित मजीद ब्रिगेड, बीएलए का आत्मघाती दस्ता है और यह मुख्यतः पाकिस्तान में सुरक्षा बलों और चीनी हितों को निशाना बनाता है।

पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव पेश किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह प्रस्ताव पेश किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने बुधवार को कहा कि आईएसआईएल-के, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और उसकी मजीद ब्रिगेड सहित कई आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान से संचालित हो रहे हैं। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसकी सीमा के पार अफगानिस्तान में 60 से ज्यादा आतंकी शिविर संचालित हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि अहमद ने कहा, पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त रूप से 1267 प्रतिबंध समिति को बीएलए और मजीद ब्रिगेड को प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया है। हमें उम्मीद है कि परिषद उनकी आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रस्ताव पर जल्द कार्रवाई करेगी। पाकिस्तान वर्तमान में 15 देशों की सुरक्षा परिषद में 2025-26 के कार्यकाल के लिए एक अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल है, जबकि चीन इस शक्तिशाली निकाय का वीटो-अधिकार प्राप्त स्थायी सदस्य है। पाकिस्तान 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष और आतंकवाद-रोधी समिति का उपाध्यक्ष भी है। अहमद ने कहा कि अफगान तालिबान अधिकारियों को आतंकवाद-रोधी अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करना चाहिए। अहमद ने कहा, अफगानिस्तान से पैदा हुआ आतंकवाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है।

# बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप पर..., ताइवान पर फिर सख्त हुआ चीन, रक्षा मंत्री ने दी खुली धमकी

**बीजिंग।** चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन ने बीजिंग के शियांगशान सुरक्षा मंच पर ताइवान को लेकर सख्त बयान दिया। उन्होंने कहा कि ताइवान चीन का हिस्सा है और स्वतंत्रता की किसी भी कोशिश को नाकाम किया जाएगा। डोंग ने बाहरी हस्तक्षेप पर भी चेतावनी दी और अमेरिका पर अप्रत्यक्ष हमला भी बोला।

चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन ने गुरुवार को बीजिंग में आयोजित शियांगशान सुरक्षा मंच का उद्घाटन करते हुए ताइवान को लेकर एक बार फिर कड़े बयान दिए। उन्होंने साफ कहा कि ताइवान का ÷पुनर्स्थापन÷ चीन का हिस्सा है और इसे लेकर किसी भी स्वतंत्रता की कोशिश को चीन कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस बयान ने क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा दिया है। अंतरराष्ट्रीय सैन्य अधिकारियों की

**खारिज**

**ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी बीजिंग के दावों को खारिज करते हैं।**

मौजूदगी में डोंग जुन ने कहा कि ताइवान पर चीन का दावा युद्धोत्तर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का हिस्सा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ताइवान स्वतंत्रता की ओर बढ़ा या बाहरी ताकतों ने हस्तक्षेप किया तो चीन सख्ती से जवाब देगा। बीजिंग ताइवान को अपना अलग हुआ प्रांत मानता है। 1949 से यह द्वीप



स्वतंत्र रूप से संचालित है और वहां 2.3 करोड़ लोग रहते हैं। चीन ताइवान पर सैन्य दबाव बनाए रखने के लिए लगभग रोजाना युद्धपोत और विमान भेजता है। चीन ने अभी तक ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए बल प्रयोग से इनकार नहीं किया है। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी बीजिंग के दावों को खारिज करते हैं। उनका कहना है कि ताइवान एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है और उसका भविष्य वहां की जनता तय करेगी।

डोंग जुन ने अपने भाषण में अमेरिका का नाम तो नहीं लिया, लेकिन 'बाहरी सैन्य हस्तक्षेप, प्रभाव क्षेत्र की खोज और देशों पर दबाव डालने' को अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि यह रवैया दुनिया को अराजकता और संघर्ष की ओर धकेल सकता है।

इस सुरक्षा मंच से पहले, चीन ने द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ पर भव्य सैन्य परेड की थी। इसमें चीनी सेना ने हाइपरसोनिक मिसाइलों और आधुनिक टैंकों समेत अपनी उन्नत हथियार प्रणाली का प्रदर्शन किया। चीन ने कहा कि उसकी सेना विश्व शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए काम करने को तैयार है।

डोंग ने कहा कि चीन संयुक्त राष्ट्र आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि चीन किसी नई व्यवस्था को लागू करने की कोशिश नहीं कर रहा बल्कि मौजूदा ढांचे को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमें युद्धोत्तर व्यवस्था की रक्षा करनी होगी।

# किसानों को समय से यूरिया, बीज उपलब्ध कराया जाए: अध्यक्ष

- समयान्तर्गत पुल निर्माण का कार्य हो पूर्ण
- हौज ट्रामा सेंटर पर खराब अल्ट्रा साउंड मशीन को शीघ्र अति शीघ्र कराए संचालित



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सांसद सदर बाबू सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता, सह अध्यक्ष सांसद मछलीशहर प्रिया सरोज और राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मनरेगा के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी ग्राम प्रधानों के द्वारा कराये गये कार्यों में मजदूरी का समय से भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि विकास खंड स्तर पर मनरेगा के कार्यों में भुगतान सम्बन्धित शिकायत नही आनी चाहिए। उन्होंने मनरेगा के बजट से बनाए जा रहे अन्नपूर्णा भवनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव अनिवार्य रूप से लेकर ही निर्माण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। अधीक्षण अभियंताओं पीडब्ल्यूडी द्वारा शिलापट्ट लगाये जाने सम्बन्धी गलत सूचना दिए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हे स्पष्टीकरण दिये जाने के निर्देश दिये गये और कहा कि लोक निर्माण विभाग के सड़कों में सम्बन्धित जनप्रतिनिधि का शिलापट्ट लगाया जाना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत के तहत बनाई गई ऐसी सड़के जो 8 साल से अभी तक बनी नहीं है उनमें आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनवाने हेतु ट्रांसफर करने के निर्देश दिये गए। अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित किया गया कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी मानक पूरे किए जाएं, जगह चिन्हित करते हुए रंबल स्ट्रीट, सांकेतिक चिन्ह आदि की व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही टोल प्लाजा पर लोगों से बदसलूकी और अवैध रुप से बैरियर लगाकर पैसे वसूले जाने और टोल प्लाजा के परिधि में आने वालें 20 किलोमीटर के भीतर के लोगों से भी पैसे लिए जाने की शिकायत पाये जाने पर एनएचएआई के अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि तत्काल व्यवस्था में सुधार लाये तथा आवश्यक कार्यवाही करे अन्यथा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को कहा कि टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारियों के चरित्र प्रमाण-पत्र समिति के समक्ष उपलब्ध कराये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष के द्वारा जिला अस्पताल में ऑनलाइन पंजीकरण, डॉक्टरों की ऑनलाइन उपस्थिति की समीक्षा की गयी और निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख उचित तरीके से सुव्यवस्थित किये जाये। मरीजों का अच्छे से इलाज किया जाए। सीएचसी मछलीशहर की बाउंड्री वॉल ठीक कराने और ट्रॉमा सेंटर हौज में खराब अल्ट्रासाउंड मशीन को ठीक कराए जाने और जनपद में एमआरआई मशीन लगाई जाने के प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के भी निर्देश दिए गए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों को समय से यूरिया, बीज और अन्य उर्वरक आदि उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, इसके साथ ही काला बाजारी, ओवर रेटिंग करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए। कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, सीएचसी, पीएचसी पर सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने और जनप्रतिनिधियों के आवास पर बीएसएनएल के टेलीफोन कनेक्शन लगाए जाने सहित जनपद में निर्माणाधीन पुल का कार्य समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश अध्यक्ष के द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा अध्यक्ष को आश्वस्त कराया गया कि उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इस अवसर पर विधायक जफराबाद जगदीश नरायन राय, शाहगंज रमेश सिंह, केराकत तूफानी सरोज, मल्हनी लकी यादव, मुगराबादशाहपुर पंकज पटेल, मड़ियाहूँ डा0 आर के पटेल, मछलीशहर डा0 रागिनी सोनकर, एमएलसी बृजेश सिंह ''प्रिन्सू', अध्यक्ष नगरपालिका परिषद जौनपुर मनोरमा मौर्या, अन्य जनप्रतिनिधिगण के प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, परियोजना निदेशक के0के0 पाण्डेय सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनने हेतु पीडी डीआरडीए से सहायक लेखाकार सुरेश अस्थाना, सुमन श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य ने सहयोग प्रदान किया।

## पीयू में महाविद्यालय प्रबंधकों ने कुलपति को दिया ज्ञापन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में महाविद्यालयों के सम्वध्ता विस्तरण के लिए कुलपति एवं कुलसचिव को प्रबंधकों ने ज्ञापन दिया, सम्बधत्ता विस्तरण करने की मांग की। उन्हें कुलपति व कुलसचिव ने आश्वासन दिया कि मानक पूरा करने वाले कॉलेजों को सम्ब्धता विस्तारण का अवसर दिया जाएगा। बता दें कि स्ववित्तपोषित प्रबंधक महासंघ बैनर तले प्रबंधकों का समूह विश्वविद्यालय पहुंचा और महाविद्यालयो के सम्ब्धता विस्तरण के लिए कुलपति प्रो. वंदना सिंह को ज्ञापन दिया और मांग किया कि 50 से अधिक कॉलेज का संबद्धता विस्तारण नहीं हुआ है। ऐसे कालेजो विस्तरण का मौका दिया जाए ।प्रबंधको ने आश्वासन दिया कि जिन महाविद्यालय में प्रवक्ताओं का अनुमोदन नहीं है या अन्य कोई कमिया है वह जल्दी से जल्दी ठीक कर लेंगे। कुलपति ने भी उन्हें यह निर्देश दिया कि कॉलेज में जो भी कमियां हैं उसे तत्काल पूरा किया जाए। उन्हें मौका सम्ब्धता विस्तरण के लिए मौका दिया जा रहा है। आश्वासन पर प्रबंधकों ने राहत की सांस ली। इस दौरान प्रबंधकों के सहयोग पीयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष राहुल सिंह, महामंत्री शैलेंद्र सिंह ने किया।

# विजय गुप्ता अध्यक्ष तो सुरेश सोनी चुने गए कार्यवाहक अध्यक्ष



- शंकर दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** ऐतिहासिक दो-दिवसीय भरत मिलाप को लेकर शंकर दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक मेला महासमिति के अध्यक्ष आलोक गुप्ता पिंटू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यह बैठक अंजही मोहल्ला में स्थित शिव हनुमान मंदिर पर आयोजित की गई थी। इस बैठक में 22 वर्षों के बाद शंकर दल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

शंकर दल भरत मिलन रोशनी कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों में विजय कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, सुरेश सोनी कार्यवाहक अध्यक्ष, भरत साहू टोनी और मुकेश ऊमरवैश्य महामंत्री, संतोष गुप्ता कोषाध्यक्ष, पिंटू गुप्ता उपकोषाध्यक्ष, दिपक गुप्ता, जगदीश शरण और ओम केसरी उपाध्यक्ष, आशीष ऊमरवैश्य रानू संचालक, सुमित सोनी संगठन मंत्री, महेश गुप्ता मीडिया प्रभारी और ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, आलोक गुप्ता, ओंकारनाथ बच्चा, गणेश सभासद, शंकर केसरवानी, शिव प्रसाद गुप्ता, दिनेश सहारा, अजय गुप्ता और गोपाल केसरी संरक्षक बनाए गए हैं।मेला महासमिति के अध्यक्ष आलोक गुप्ता पिंटू ने बताया कि मुंगराबादशाहपुर का दो दिवसीय भरत मिलाप 8 और 9 अक्टूबर को होना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि मेला को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और सदस्य मिलकर काम करेंगे और मेला को यादगार बनाएंगे।नवनियुक्त अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता और कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश सोनी ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन करेंगे और इस वर्ष मेला को पहले से बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मेला में कुछ कमियां रह गई होंगी, लेकिन इस वर्ष वे उन कमियों को दूर करने का प्रयास करेंगे और मेला को और भी आकर्षक बनाएंगे।

# भाजपा की सरकार में चारों तरफ अराजकता

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** प्रदेश की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। अपराधी खुले आम गोलियां चला रहे हैं। अपराधियों को कानून का डर नहीं रह गया है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों से उत्तर प्रदेश अपराध प्रदेश बन गया है। उक्त बातें मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मझगवा चंदौकी के दो सगे भाइयों हत्या के बाद पीड़ित परिवार से मिलने के दौरान सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहीं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था पर भाजपा सरकार का जीरो टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है। यह कैसी भाजपा सरकार है, जहां चारों तरफ अराजकता ही अराजकता है।भाजपा सरकार में लोग सुरक्षित नहीं हैं। मुंगराबादशाहपुर रामनगर में बीते शनिवार को करीब आठ बजे मनबढ़ बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाने शाहजहां (60) वर्ष और जहांगीर (45) वर्ष की मौत हो जाती है। डबल मदर केस में को पांच दिन बीतने के बावजूद पुलिस प्रशासन घटना का अनावरण नहीं कर पाई है। सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने जिला प्रशासन से मांग किया कि शाहजहां और जहांगीर के दोनों परिवारों को सुरक्षा व्यवस्था और शस्त्र लाइसेंस दिया जाए, ताकि इन परिवारों के साथ और कोई अप्रिय घटना न हो। डबल मर्डर केस को कोई विशेष एजेंसियों द्वारा कराया जाए। जिस घटना का अनावरण जल्द हो सकें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस प्रशासन घटना का अनावरण जल्द नहीं कर पाती तो समाजवादी पार्टी के लोग सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होंगे जिसकी समझ जिम्मेदारी पुलिस व जिला प्रशासन की होंगी। इस अवसर पर सपा जिला महासचिव प्रवीण सरोज, नगर अध्यक्ष तमजीद अशरफ व उपाध्यक्ष अफ़सर राईन आदि लोग मौजूद रहे।

# हीमोग्लोबिन, कैल्सियम, बीपी की हुई मुफ्त जांच



**प्रयागराज अवधनामा संवाददाता।** जगत तारण गर्ल्स डिग्री कॉलेज के विमेंस सेल द्वारा आजि आयोजित विशेष व्याख्यान में नैनी गवर्नमेंट हॉस्पिटल की डॉ अर्पिता राज ने कॉलेज की छात्राओं को आयुर्वेद के अनुसार त्वचा की देख-रेख संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। डॉ अर्पिता राज का कहना था कि आयुर्वेद के अनुसार नियमित दिनचर्या, सही खान-पान, एवं स्वच्छ विचारों का सीधा प्रभाव मनुष्य के चेहरे एवं त्वचा पर होता है। उन्होंने छात्राओं को जंक फूड न खाने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने मोबाइल फोन पर अधिक समय तक स्क्रीन टाइम बिताने के दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की। अपने व्याख्यान के बाद डॉ अर्पिता ने अपने सहयोगी टीम के साथ मिल कर छात्राओं का हीमोग्लोबिन, कैल्सियम, बीपी का मुफ्त चेकअप किया एवं उन्हें निःशुल्क परामर्श और दवाएं भी उपलब्ध कराई। इस कार्यक्रम का आयोजन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर विमेंस स्ट्डीज एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से किया गया। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर आशिमा घोष ने विशेष रूप से सेंटर की डायरेक्ट प्रोफेसर जया कपूर को और डॉ गुरपिंदर को कार्यक्रम के संयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ अर्पिता के सहयोगी प्रवेक कल्प संस्थान के साथियों को कॉलेज की पचासवीं वर्षगांठ समारोह के उपलक्ष्य में एक स्मृतिचिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजलि शिवहरे ने एवं धन्यवाद ज्ञापन वूमेन सेल की इंचार्ज डॉ फ़ातिमा नूरी ने दिया। कार्यक्रम में करीब डेढ़ सौ से अधिक छात्राओं के भाग लिया। विमेंस सेल के सहभागी डॉ रीना यादव, डॉ अजिता ओझा, डॉ निर्मला गुप्ता, और शिक्षकगण प्रो रतन वर्मा, प्रो काजल देब, प्रो अंशुमाला मिश्रा, डॉ ऐश्वर्या, डॉ माधुरी राठौड़, डॉ स्नेहा सिंह, अत्यादि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# संक्षिप्त समाचार

## बाल्मीक समाज की बैठक



**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** नगर पालिका परिषद में प्रशासनिक अधिकारी बुद्धिप्रकाश ने एवं सुभम ने सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की और निर्देशित किया राम बारात 24 सीताम्बर की है, पहले से नगर में सफाई और लाइट की व्यवस्था पूर्ण हो जानी चाहिए अधिनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिया।

## स्वच्छता अभियान में पर्यावरण की अहम भूमिका



**प्रयागराज(अवधनामा संवाददाता)** लायन्स क्लब एवं इलाहाबाद एसोसियेट द्वारा सरस्वती शिशु मन्दिर किदवई नगर प्रयागराज में बृहद्ध वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लायन्स इन्टरनेशनल ने 150 पौधे वितरित किये गये। जिसमें छायादार, फलदार तथा मेडिसनल पौधों की प्रमुखता थी। कार्यक्रम का गुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ मंडल की चेयर पर्सन श्रीमती मंजूला श्रीवास्तव, मंडल के डिस्टिक जोन चेयर पर्सन एस.पी. श्रीवास्तव द्वारा हुआ। अतिथियों ने भैया- बहनों को स्वच्छता एवं पर्यावरण से सम्बन्धित अनेक बातों को बताते हुये मागदर्शित किया। मातृ दिवस पर माँ के नाम पर, स्वयं के जन्मदिवस पर एक पौधा रोपण अवश्य करें। ऐसा आग्रह करते हुये भैया बहनों से शपथ लिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती मीरा पाठक ने कहा कि मैं इस क्लब के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, भूख निवारण चेयर पर्सन श्रीमती माला मिश्रा का आभार करती हूँ। आपके दिशानिर्देशन एवं व्यवस्था में कार्य सकुशल सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य परिवार उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य श्रीमती मीरा पाठक में अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

## प्रयागराज में जुटेंगे कलाकार, रंगों में सजेगा विकसित भारत

**प्रयागराज(अवधनामा संवाददाता)** सेवा पर्व 2025 के अंतर्गत कला और सृजनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' थीम पर आधारित एक दिवसीय चित्रकला प्रतियोगिता एवं कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को इलाहाबाद संग्रहालय में किया जाएगा। यह कार्यक्रम उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र एवं इलाहाबाद संग्रहालय (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा करेंगे।इस प्रतियोगिता में स्वतंत्र कलाकार, कॉलेज के छात्र-छात्राएं तथा स्कूल के नन्हें प्रतिभागी अपनी कला-कृतियों के माध्यम से विकसित भारत की झलक पेश करेंगे। तीनों श्रेणियों में श्रेष्ठ पेंटिंग्स का चयन ज्यूरी करेगी और विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा ने बताया कि प्रतिभागियों को केंद्र की ओर से कैनवस, रंग और ड्राइंग शीट उपलब्ध कराई जाएगी।

# बिना पंजीकरण चल रहा क्लीनिक सील

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की छापेमारी




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रतापपुर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर दो क्लीनिक सील कर दिया है। यह दोनों अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। एक क्लीनिक का पंजीकरण नहीं था। दूसरे क्लीनिक के पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराया गया था।

दरअसल, आईजीआरएस पोर्टल पर प्रेमा देवी, अभिषेक कुमार व सूर्यकेश सिंह की ओर से पोर्टल पर शिकायत की गई थी। शिकायत में बताया गया था कि प्रतापपुर के खानपुर डांडी में प्राइमरी स्कूल के पास में रणजीत पटेल क्लीनिक चल रहा है जो अवैध रूप से संचालित हो रहा है। इस क्लीनिक का पंजीकरण नहीं था। ष्टस्ह्र डॉ. एके तिवारी के निर्देशन में टीम छापेमारी करने पहुंची तो पता चला कि यह क्लीनिक अवैध है। इस पर टीम ने उसे सील कर दिया है।

इसके बाद टीम कमलेश कुमार की शिकायत के आधार पर कटहरा स्थित राहुल हास्पिटल का निरीक्षण करने पहुंची थी। यहां जांच में पता चला कि इस अस्पताल का नवीनीकरण नहीं हुआ है। इसे भी सील कर दिया गया है। छापेमारी करने वाली टीम में एसीएमओ डॉ. आरसी पांडेय, पंकज पांडेय व राकेश जायसवाल शामिल रहे।

# आगरा खंड स्नातक-शिक्षक निर्वाचन की तैयारियाँ शुरू

अवधनामा संवाददाता



- निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण की रूपरेखा तय
- 30 सितंबर से जारी होगा सार्वजनिक नोटिस, 30 दिसंबर को अंतिम प्रकाशन
- मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन पूर्ण, आयोग मानकों के अनुसार सुविधाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश

**मैनपुरी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम लता आनंद ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि आगरा खंड स्नातक, शिक्षक के निर्वाचन हेतु मतदेय स्थलों तथा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण का कार्य आयोग के निर्देशानुसार संपादित होना है, जिसके अंतर्गत दि. 30 सितंबर को सार्वजनिक नोटिस जारी किया जाएगा, दि. 15 अक्टूबर को समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुर्नप्रकाशन, दि. 25 अक्टूबर को समाचार पत्रों में नोटिस का द्वितीय पुर्नप्रकाशन, दि. 06 नवंबर को फार्म-18, 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, दि. 20 नवंबर को पांडुलिपियों की तैयारी, आलेख निर्वाचन नामावलियों का मुद्रण, दि. 25 नवंबर को निर्वाचन प्रकाशन किया जाएगा, दि. 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक दावे, आपित्तयां दाखिल किये जा सकेंगे, दि. 25 दिसंबर को दावे-आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा एवं अनुपूरक सूची तैयार, मुद्रित की जाएगी, दि. 30 दिसंबर को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन होगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी से कहा कि उ.प्र. विधान परिषद हेतु आगरा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु जनपद में 27 एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र हेतु 09 मतदेय स्थल चिन्हित हैं। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारी से कहा कि सभी मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन उप जिलाधिकारियों के माध्यम से कराया जा चुका है, उप जिलाधिकारी सदर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के स्थल संख्या-169अ, 170अ के भवनों में पर्याप्त कक्ष उपलब्ध न होने के कारण उसी परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र देवी रोड के कक्ष संख्या दो व तीन में परिवर्तित किया गया है। ए.डी.एम. ने बताया कि सभी मतदेय स्थलों में विकास खंड, नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र के संपूर्ण वार्ड सम्मिलित किए गए हैं, प्रस्तावित मतदेय स्थलों के भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में नहीं है, सभी मतदेय स्थल आयोग के मानकों के अनुरूप हैं, मतदाताओं को मतदेय केंद्र तक पहुंचने के लिए आयोग के निर्देशानुसार निश्चित दूरी 16 किलोमीटर का पालन किया गया है। उन्होंने समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी से कहा कि वह चिन्हित मतदेय स्थलों का स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देख लें साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि वह स्वयं चिन्हित मतदेय स्थलों का स्थलीय भ्रमण कर मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता चेक करें यदि कहीं कोई कमी हो तो उसे समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अध्यक्ष सपा आलोक शाक्य, अध्यक्ष कांग्रेस गोपाल कुलश्रेष्ठ, भाजपा से भूपेन्द्र यादव, ज्ञानेन्द्र चौहान, अपना दल से गौरव पाल के अलावा उप जिलाधिकारी सदर, घिरोर अभिषेक कुमार, संध्या शर्मा, सुनिष्ठा सिंह, गोपाल शर्मा, नीरज कुमार द्विवेदी, प्रसून कश्यप, निर्वाचन कार्यालय से अवनीश सक्सैना, अजय अम्बेश, सुनील मिश्रा, गोपाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# अधिकारी स्वयं जाकर शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर गुणवत्तायुक्त निस्तारण करें: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कल सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जन सुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों की माह अगस्त-2025 की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस ग्रामों से सबसे अधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैं, वहां अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतकर्ताओं से वार्ता करें एवं उनको संतुष्ट करते हुए शिकायतों का गुणवत्तायुक्त निस्तारण करें। उन्होने कहा कि रोड/आवास आदि प्रकरणों को डिमांड की श्रेणी मे डालते हुए स्पेशल क्लोज करें। जन सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों के अधिकारी एवं सबसे कम शिकायकर्ताओं से वार्ता करने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियो को चेतावनी देने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि चेतावनी के बाद भी यदि कार्य में सुधार नहीं होता है तो उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सम्बंधित अधिकारी आईजीआरएस के प्रकरणों के गुणवत्तायुक्त निस्तारण हेतु एक बार पुनः प्रशिक्षण ले तथा अपने अधीनस्थों को भी प्रशिक्षण दिलवाएं। उन्होने निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त शिकायतकर्ताओं से सम्पर्क करें एवं सबसे अधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले ग्रामों में जाकर शिकायतकर्ताओं से वार्ता करें एवं उनको संतुष्ट करें। उन्होने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी निर्धारित समय में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तायुक्त निस्तारण करें। उन्होने कहा कि किसी भी दशा में प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नही जाना चाहिए। उन्होने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्वयं नियमित मॉनिटरिंग करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री राहुल विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा श्री राम उदरेज यादव, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, उपायुक्त उद्योग श्री एसएस रावत, जिला विद्यालय निरीक्षक उपेन्द्र कुमार, अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन श्री सुशील कुमार मिश्र सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुबारकपुर में बुनकर के घर पर गिरी आकाशीय बिजली

**मुबारकपुर/आजमगढ़।** आकाशीय बिजली से तीन घरों में नुकसान, मकान के छत पर हुआ छेद , पंखा समेत पूरे घर के विद्युत उपकरण जले, कोई हताहत नहीं। आज़मगढ़ ज़िले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला पूरा खिज़िर अज़ादनगर के एक मकान में मंगलवार को दोपहर एक बजे आकाशीय बिजली गिरने से घर के सभी विद्युत उपकरण फुंक गए। करकट भी टूट गया। और मकान के छत को भी छेद कर दिया। मुबारकपुर के मोहल्ला अज़ादनगर निवासी मोहम्मद आज़म का कहना है की हमारे मकान पर आकाशी बिजली गिरने से हज़ारों का नुकसान हुआ है । आकाशी बिजली गिरने से विद्युत उपकरण सभी जल गए। हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। यह हादसा उस समय हुआ जब तेज़ बारिश हो रही थी और बिजली नहीं थी। परिवार के सभी लोग एक कमरे में थे जब अचानक से आकाशी बिजली गिरी तो पूरे रूम में उजाला हो गया और सब के होश उड़ गए महिलाएँ व बच्चे रोने लगे। तत्काल सभी लोगों को छत से नीचे उतारा गया। आज़म ने बताया कि मकान के छत पर एल्मुनियम का पाइप लगा था सबसे पहले उसी पर आकाशी बिजली गिरी फिर करकट पर गिरी उसके बाद छत को छेद कर दिया।

# पूर्व मंत्री दलसिंगार यादव की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय दलसिंगार यादव की पांचवीं पुण्यतिथि बुधवार को शहर के नेहरू हाल सभागार में मनाई गई। इस श्रद्धांजलि सभा में दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर लोगो ने स्व0 दल सिंगार यादव के चित्र पर पुष्प चढ़ा श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह सहित आए हुए अतिथियों ने स्वः दलसिंगार यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्व॰ दलसिंगार यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते कहा कि चाहे वह जिस भी दल की राजनीति किए परंतु समाज के गरीब व आम आदमी से जुड़े रहे। वक्ताओं ने कहा कि दलसिंगार यादव सादगी के प्रतीक थे, सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले दलसिंगार यादव एक अच्छे व्यक्ति थे। वह गरीबों व असहायो की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे पूर्व मंत्री चंद्रदेव राम यादव करैली, पूर्व सांसद नंदकिशोर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव, कांग्रेस नेता लालती देवी, सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव, पूर्व मंत्री रामदुलार राजभर, ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह उर्फ मुन्ना राय ने पहुंचकर स्व॰ दलसिंगार यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा नोटिस

निम्नलिखित कार्य के लिए उप. मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा संख्या 143R2-DyCEE-C-LKO-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी https://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 13.10.2025 समय (11.30Hrs.) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| |
|---|
| NIT संख्या: 143R2-DyCEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 18.09.2025 |
| निविदा संख्या: 143R2-DyCEE-C-LKO-2025-26 |
| कार्य का नाम: उत्तर रेलवे के रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, चारबाग, लखनऊ के अंदर ईएलपीओएच शॉप के लिए सब असेंबली ओवरहालिंग की सुविधा के निर्माण से संबंध में विद्युत सामान्य सेवा का कार्य। |
| निविदा प्रपत्र लागत: कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य: रु.1,41,50,035.86 (एक करोड़ एकतालिश लाख पचास हजार पैंतीस रूपये और छियासी पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा: रु.2,20,800/- (दो लाख बीस हजार आठ सौ रूपये मात्र) |
| समापन की अवधि: 12 (बारह) माह |
| ऑफर की वैधता: 60 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक: 18.09.2025 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है: 29.09.2025 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय: 13.10.2025 (11.30Hrs.) |
| पात्रता मापदंड: निविदा दस्तावेज के अनुसार। |

ध्यान दें: (i) ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। (ii) सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"
टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

No. 143R2-DyCEE-C-LKO-2025-26 दिनांक: 18.09.2025 2871/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 22 सितंबर से पहले बने सामानों पर कीमतों में बदलाव का स्टिकर लगाना जरूरी नहीं, सरकार ने किया साफ

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को साफ किया कि जीएसटी दरों में संशोधन के बाद निर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को 22 सितंबर से पहले बने बिना बिके सामानों पर संशोधित मूल्य का स्टिकर लगाने की जरूरत नहीं होगी। मंत्रालय ने आगे क्या कहा है, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को साफ किया कि जीएसटी दरों में संशोधन के बाद निर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को 22 सितंबर से पहले बने बिना बिके सामानों पर संशोधित मूल्य का स्टिकर लगाने की जरूरत नहीं होगी। सरकार ने यह बात उद्योग निकायों और व्यापार संघों से मिले ज्ञापनों के बाद कही है। उद्योग निकायों ने विभाग के दिशानिर्देशों के कारण अनुपालन में आने वाली चुनौतियों पर चिंता जाहिर की थी। विभाग ने 9 सितम्बर को जारी अपने सुझाव में बदलाव करते हुए कहा है कि कंपनियां यदि चाहें तो 22 सितम्बर से पहले बने बिना पैकेट्स पर संशोधित मूल्य का स्टीकर लगा



सकती है।

मंत्रालय ने कहा, मौजूदा नियमों के अनुसार, निर्माता/पैकर/आयातकर्ता/उनके प्रतिनिधियों द्वारा 22 सितंबर, 2025 से पहले निर्मित और उनके पास पड़े बिना बिके पैकेजों पर संशोधित मूल्य का स्टिकर लगाना अनिवार्य नहीं है। सरकार ने विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 के नियम 18(3) में भी ढील दी है, जिसके तहत पहले कंपनियों को संशोधित कीमतों की घोषणा करते हुए दो अखबारों में विज्ञापन देना होता था।

निर्माताओं और आयातकों को अब केवल थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को मूल्य परिवर्तन की सूचना देनी होगी। इसकी प्रतियां केंद्र में विधिक माप विज्ञान निदेशक और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में विधिक माप विज्ञान नियंत्रकों को भेजी जाएंगी।

विभाग ने कंपनियों को यह भी कहा है कि वे इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया सहित सभी उपलब्ध संचार माध्यमों से डीलरों, खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को संशोधित जीएसटी के बाद कीमतों के बारे में सूचित करने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

सरकार ने आगे स्पष्ट किया कि पुराने एमआरपी वाले किसी भी अप्रयुक्त पैकेजिंग सामग्री या रैपर का उपयोग 31 मार्च, 2026 तक या स्टॉक समाप्त होने तक, जो भी पहले हो, किया जा सकता है। हालांकि इसके लिए शर्त है कि खुदरा बिक्री मूल्य में स्टैम्पिंग, स्टिकर या ऑनलाइन प्रिंटिंग का उपयोग करके सुधार किया जाए। इसके अलावे विभाग ने साफ किया कि पहले पैक हुई बिना बिकी वस्तुओं और अप्रयुक्त पैकेजिंग सामग्री पर संशोधित यूनिट प्राइस घोषित करना अनिवार्य नहीं है। कंपनियां चाहें तो स्वेच्छा से ऐसा कर सकती हैं।

## हर्बालाइफ इंडिया को बिगबॉक्स इंडिया 2025 में सस्टेनेबल सप्लाई चेन अवार्ड से सम्मानित किया गया



**नई दिल्ली।** प्रमुख स्वास्थ्य और वेलनेस कंपनी, समुदाय और मंच, हर्बालाइफ इंडिया ने बिगबॉक्स इंडिया 2025 में प्रतिष्ठा वाले सस्टेनेबल सप्लाई चेन अवार्ड से सम्मानित किये जाने की घोषणा की है। कंपनी अपनी इस मान्यता की सूचना सगर्व सार्वजनिक करती है। इस शिखर सम्मेलन में ई-कॉमर्स और रीटेल क्षेत्र के भारत के सबसे नवोन्मेषी लोग नए रुझानों पर चर्चा करने और यह तय करने के लिए एकजुट हुए हैं कि डिजिटल युग में उपभोक्ता ब्रांड के साथ कैसे चर्चा करेंगे। यह मान्यता आपूर्ति श्रृंखला उत्कृष्टता और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के प्रति हर्बालाइफ इंडिया की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। मंच की स्वीकृति कंपनी के उभरते बाजार परिदृश्य के अनुरूप स्थायी प्रथाओं को शामिल करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करती है। हर्बालाइफ इंडिया के प्रबंध निदेशक अजय खन्ना ने कहा, इतने प्रतिष्ठित मंच पर यह मान्यता प्राप्त करके हम वास्तव में सम्मानित हुए हैं। उन्होंने कहा, यह पुरस्कार हमारे परिचालन के हर चरण में - ज़िम्मेदार सोर्सिंग से लेकर उत्पाद वितरण तक स्थिरता को शामिल करने के हमारे अटूट प्रयासों का प्रमाण है।÷ उन्होंने आगे कहा, यह नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और लोगों व समुदायों के लिए एक स्वस्थ, अधिक टिकाऊ दुनिया बनाने के हमारे दृष्टिकोण को भी पुष्ट करता है। बिगबॉक्स इंडिया 2025 शिखर सम्मेलन में भारत के खुदरा और ई-कॉमर्स क्षेत्र के अग्रणी लोग, नवप्रवर्तक और परिवर्तन लाने वाले एकजुट हुए ताकि भारत के गतिशील बाज़ार के भविष्य का पता लगाया जा सके। इस आयोजन में बुनियादी ढाँचे और नियामक चुनौतियों का समाधान करते हुए, सर्व-चैनल रणनीतियों, त्वरित वाणिज्य, एआई-संचालित वैयक्तिकरण और उभरते डी2सी मॉडलों पर प्रकाश डाला गया।

## सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम 23 सितंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (सोलरवर्ल्ड या कंपनी) इक्विटी शेयरों के अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में अपना बोली/प्रस्ताव मंगलवार, 23 सितंबर 2025 को खोलेगी। इक्विटी शेयरों का कुल ऑफर साइज 4,900 मिलियन रुपये [490 करोड़ रुपये] तक है, जिसमें 4,400 मिलियन रुपये [440 करोड़ रुपये तक का नया इश्यू और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 500 मिलियन रुपये [50 करोड़ रूपये] तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी ने पहले 9 नवंबर 2024 को प्री-आईपीओ प्लेसमेंट के माध्यम से 1,100.00 मिलियन रूपये तक के इक्विटी शेयरों का एक और इश्यू किया था।एंकर निवेशक बोली लगाने की तारीख सोमवार, 22 सितंबर 2025 होगी। बोली/प्रस्ताव सब्सक्रिप्शन के लिए मंगलवार, 23 सितंबर 2025 को खुलेगा और गुरुवार, 25 सितंबर 2025 को बंद होगा।ऑफर का प्राइस बैंड 333 से 351 रूपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 42 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 42 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है।नूवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ऑफर के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर्स या बीआरएलएम हैं।ये इक्विटी शेयर रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, दिल्ली और हरियाणा, नई दिल्ली (आरओसी) के पास दायर कंपनी के 17 सितंबर, 2025 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के माध्यम से पेश किए जा रहे हैं और इन्हें बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

## एसजी बैट्स और सेल्सफोर्स के सहयोग के साथ भारतीय क्रिकेट उपकरण उद्योग का डिजिटाईज़ेशन शुरु हुआ

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट एवं मुख्य स्पोर्ट्स के लिए उपकरण निर्माता, सैंसपरेल्स ग्रीनलैंड्स (एसजी) और दुनिया के नं. 1 सीआरएम सेल्सफोर्स के बीच आज रणनीतिक सहयोग की शुरुआत हुई। इस सहयोग के साथ ही एसजी क्रिकेट के ट्रेड चैनल सेल्स ऑपरेशंस और डीलर मैनेजमेंट सिस्टम का डिजिटाईज़ेशन शुरू हो गया है। सेल्सफोर्स का यूनिफाईड प्लेटफॉर्म एसजी को पिछले पूरे डेटा से कनेक्ट करके अपने ग्राहकों और डीलर्स का 360 डिग्री व्यू प्रदान करेगा, ताकि वो हाथों-हाथ जानकारी लेकर तीव्र डिसीज़न-मेकिंग कर सकें। इससे डीलर्स को ज्यादा यूनिफाईड अनुभव प्राप्त होगा।

एसजी बैट्स द्वारा अपने डिजिटल परिवर्तन के इस सफर में सेल्सफोर्स के सर्विस क्लाउड की मदद से वर्कफ्लो को ऑटोमेट किया जाएगा, उत्पादकता बढ़ाई जाएगी, कस्टमर सपोर्ट के ऑपरेशंस को व्यवस्थित किया जाएगा तथा यूनिफाईड डीलर मैनेजमेंट सिस्टम द्वारा पार्टनर्स के साथ संबंधों को मजबूत किया जाएगा। यह भारत के सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय क्रिकेट बैट ब्रांडों में से एक, एसजी बैट्स का टेक्नोलॉजी का लक्ष्य पूरा करने की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सेल्सफोर्स द्वारा भारत में एसजी बैट्स के 850 से अधिक डीलर्स के नेटवर्क और इसकी विविध उत्पाद श्रृंखला के लिए यूनिफाईड अनुभव प्रदान किया जाएगा, जिनमें क्रिकेट उपकरण, प्रोटेक्टिव गियर, फुटवियर और स्पोर्ट्सवियर शामिल हैं। यह सहयोग एसजी को एआई पर आधारित जानकारी का उपयोग करने में समर्थ बनाएगा, जिससे कंपनी को नए बाजारों में विस्तार करने तथा अपना मौजूदा डीलर नेटवर्क मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

सेल्सफोर्स द्वारा पहले अन्य खेल उपकरण निर्माताओं के साथ साझेदारी की जा चुकी है, पर यह सहयोग भारत के किक्रेट उपकरण के परिवेश में सेल्सफोर्स की पहली साझेदारी है, जिससे विभिन्न मैनुफैक्चरिंग सेक्टर्स में कंपनी की विस्तृत पहुँच प्रदर्शित होती है। अदिति शर्मा, रीज़नल वाईस प्रेसिडेंट, सेल्स, सेल्सफोर्स इंडिया ने कहा, ''आज के तेजी से विकसित होते हुए औद्योगिक परिदृश्य में एआई की शक्ति से मैनुफैक्चरिंग में उत्कृष्टता का एक नया युग शुरू हो रहा है, जिससे एसजी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में मूलभूत परिवर्तन आ रहा है। वो केवल नई टेक्नोलॉजी ही नहीं अपना रही हैं, बल्कि इंटैलिजेंट, प्रेडिक्टिव और एडैप्टिव मैनुफैक्चरिंग की शुरुआत कर रही हैं, जो संभावनाओं के दायरों को काफी बढ़ा रही है। भारत देश में क्रिकेट का जुनून सिर चढ़कर बोलता है। यहाँ पर हमें अपने एआई-पॉवर्ड प्लेटफॉर्म के साथ इस सफर का हिस्सा बनने की बहुत खुशी है।

## लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल ने फाउंडर्स डे की मेजबानी की



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस की सभी शाखाओं की छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने एलपीएस वृंदावन शाखा के ऑडिटोरियम में आज फाउंडर्स डे मनाया। लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल ने कार्यक्रम की मेजबानी की। महाप्रबंधक हर्षित सिंह और शिखर पाल सिंह के दिशा निर्देशन में लखनऊ पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओ एवं हेड ऑफिस में पौधा रोपण किया गया। संस्थापक चेयरमैन डॉ. एस.पी.सिंह (सांसद) ने अपने प्रेरक व्याख्यान के माध्यम से शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को समाज निर्माण में अपना श्रेष्ठतम योगदान करते रहने का आह्वान किया। फाउंडर्स डे के शुभ अवसर पर कुछ संस्थाओं , उनके अध्यक्ष और बच्चों को बुलाकर सम्मानित किया गया- जैसे नव ज्योति स्कूल फॉर द विजुअली इम्पैरेड को रेफ्रिजरेटर , डॉन बॉस्को आशालयम को बेडशीट्स और श्री रामकृष्ण गौ सेवा संस्थान को दवाइयां वितरित की गई ढ्ढ बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। इस अवसर पर पूर्व एम.एल.सी. कांति सिंह, प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, निदेशकगण नेहा सिंह, गरिमा सिंह,निकिता सिंह, उपनिदेशकगण- मीना टांगड़ी, नीलम सिंह, अनीता चौधरी, प्रिंसिपल्स- ज्ञानेंद्र कुमार, वीके शर्मा, डॉ.संजय प्रताप सिंह, कहकशां अरबी, केके शर्मा, मीना तिवारी, मीडिया हेड विजय मिश्रा, एलपीसीपीएस डीन डॉ. लक्ष्मी शंकर अवस्थी, सुनंदा माथुर, नवनीत कौर,रश्मि चड्ढ़ा, रश्मि वर्मा , रवनीत सिंह नागी, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे। प्रोफेसर आदित्य विक्रम की एंकरिंग ने समा बांधा।

# ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया ने पेश किए छह इंक टैंक प्रिंटर

**लखनऊ।** ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया ने छह उच्च दक्षता वाले इंक टैंक प्रिंटरों की एक नई श्रृंखला लॉन्च की, जिसे घरेलू उपयोगकर्ताओं, कार्यालय पेशेवरों और छोटे व्यवसायों की उभरती मुद्रण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। क्षमता, उपयोग में आसानी और कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्मित, यह नवीनतम लाइनअप भारतीय बाजार के लिए स्मार्ट, विश्वसनीय और लागत प्रभावी प्रिंटिंग समाधान प्रदान करने के लिए ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।इस रेंज के अभियान की थीम, अनुभव को रंगीन बनाएँ, तीन स्पष्ट उपयोग उदाहरणों के माध्यम से जीवंत की गई है। घरेलू उपयोगकर्ताओं के लिए, यह अनुभव सहज तकनीक के साथ एक सुरक्षित स्थान पर होने का है जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सहजता से फिट बैठता है। कार्यालय पेशेवरों के लिए, यह आसान प्रिंटिंग और कनेक्टिविटी के साथ नौ से




पाँच की डेली ऑफिस रूटीन को आसान बनाता है। छोटे व्यवसायों के लिए, यह विश्वसनीय मुद्रण गुणवत्ता और कम परिचालन लागत के साथ प्रिंटिंग संचालन को भी सरल बनाता है। ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया के प्रबंध निदेशक, आलोक निगम ने कहा, ब्रदर ग्रुप के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है और यह नई रेंज, हर क्षेत्र की आधुनिक प्रिंटिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है। चाहे घर से काम करने में मदद करना हो, ऑफिस डॉक्यूमेंटेशन का प्रबंधन करना हो, या बड़ी व्यावसायिक ज़रूरतों को पूरा करना हो, यह लाइनअप भारतीय परिवारों, पेशेवरों और व्यवसायों, सभी के लिए प्रदर्शन, दक्षता और मूल्य का सही मिश्रण प्रदान करता है। नए इंक टैंक प्रिंटर्स, ब्रदर के अधिकृत चैनल पार्टनर्स, ब्रांड शोरूम और पूरे भारत में प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध होंगे। दिल्ली में इस आकर्षक लॉन्च के साथ, ब्रदर होम और बिज़नेस प्रिंटिंग श्रेणी में अपनी अग्रणी स्थिति को और मज़बूत करते हुए, हर ग्राहक के साथ खड़े होने के अपने मिशन को और मज़बूत कर रहा है। भविष्य में, ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया का लक्ष्य 2026 तक अपने इंक-टैंक प्रिंटर शेयर को 8% से बढ़ाकर 25% करना है। यह विकास रणनीति टियर 2 और टियर 3 शहरों में विस्तार, अपने डीलर नेटवर्क का लाभ उठाने, डिजिटल उपस्थिति बढ़ाने और छोटे एवं मध्यम आकार के व्यवसायों (एसएमबी) को लक्षित करने पर केंद्रित है। साथ ही, यह अपने ग्राहकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सुनिश्चित करने हेतु ग्राहक सहायता संरचना, उत्पाद नवाचार और स्थायी प्रथाओं में भी निवेश करता है।

# लिवाइस ब्रांड ने आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ के साथ एक नए कैंपेन के साथ बैगी इज़ बैक का किया ऐलान

बैगी इज़ बैक और लिवाइस ब्रांड ईजी इन लिवाइस के साथ इस नए




कैंपेन की अगुवाई कर रहा है, जो सहजता और सरलता को दर्शाता है। ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर्स आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ के नेतृत्व में यह ड्रॉप उन सिल्हूट्स का जश्न है, जो आपके साथ चलते हैं, आपके साथ सांस लेते हैं और दुनिया के सामने आपकी मौजूदगी को और भी निखारते हैं।बैगी अब सिर्फ़ एक ट्रेंड नहीं रह गया है, यह इस बात में बदलाव है कि लोग अपनी डेनिम कैसे पहनना चाहते हैं। लिवाइस ब्रांड इसे आधुनिक अंदाज़ में अपनाता है, जहाँ लूज़ फिट्स सहज होने के साथ-साथ सोच-समझकर डिज़ाइन किए गए हैं। रिलैक्स्ड जींस से लेकर ओवरसाइज़ लेयर्स तक, ये सिल्हूट्स बिना ज़्यादा कोशिश किए भी एक मजबूत स्टेटमेंट बनाते हैं। इस सीज़न में, बैगी का मतलब है आराम, आत्मविश्वास और पर्सनल स्टाइल को अपने तरीके से नए सिरे से परिभाषित करना। आलिया भट्ट अपनी पहचान बनाने वाली प्रामाणिकता और ग्लोबल स्टाइल सेंस को लेकर लिवाइस ब्रांड के लिए अपने पहले कैंपेन में नज़र आ रही हैं। महिलाओं की डेनिम स्टाइल कहानी को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने बैगी डैड बैरल पहना है एक कल्ट फ़ेवरेट का नया रूप, जिसमें स्कल्प्टेड सहजता, कर्व्ड आउटरसीम और स्लॉची एटिट्यूड का अनोखा मेल है। दिलजीत दोसांझ अपनी बेमिसाल अदाओं के साथ वापसी कर रहे हैं, डेनिम के ज़रिए आज़ादी और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति को आगे बढ़ाते हुए। उन्होंने 578 बैगी अपनाया है, एक लेड-बैक फिट जिसमें रिलैक्स्ड प्रपोर्शंस और स्टैक्ड डिटेल शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने एक्स्ट्रा बैगी भी पहना है, एक एक्सैजरेटेड सिल्हूट, जो अभिव्यक्ति और सहजता का बेहतरीन मेल है। लिवाइस ब्रांड का फॉल/विंटर 2025 कलेक्शन अब levi.in पर

## अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का 687 करोड़ का आईपीओ 22 सितंबर को खुलेगा




अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (अटलांटा या कंपनी), सोमवार, 22 सितंबर, 2025 को अपने इक्विटी शेयरों का आईपीओ खोलेगी।2 रूपये फेस वैल्यू वाले इक्विटी शेयरों की कुल पेशकश का आकार 6,873 मिलियन रूपये [687 करोड़ रूपये] है। इसमें 4,000 मिलियन रूपये [400 करोड़ रूपये] के नए इक्विटी शेयरों का इश्यू और 2,873 मिलियन रूपये [287 करोड़ रुपये] तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है।ऑफर के लिए प्राइस बैंड 718 से 754 रूपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली की तारीख शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 है। बोली बुधवार, 24 सितंबर, 2025 को बंद हो जाएगी। बोली न्यूनतम 19 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 19 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।इस रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड और एक्सिस कैपिटल लिमिटेड इस ऑफर के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (बीआरएलएम) हैं।

# पारस हेल्थ कानपुर ने अचलेसिया कार्डिया के सफल इलाज के लिए मिनिमली इनवेसिव पीओईएम प्रक्रिया को अपनाया

**कानपुर।** पारस हेल्थ कानपुर ने 55 साल की महिला का सफल इलाज करके उसे नया जीवन दिया है। महिला अचलेसिया कार्डिया नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थी। इस बीमारी में मरीज को खाना निगलने में बहुत दिक्कत होती है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अनुराग सचान ने पीओईएम प्रक्रिया की। यह बिना सर्जरी वाली एंडोस्कोपिक तकनीक है। इस प्रक्रिया को पूरी जांच के बाद करने का फैसला किया गया। मरीज ने तेजी से रिकवरी की, 24 घंटे के अंदर खाना शुरू कर दिया और थोड़े समय बाद हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो गई।

अचलेसिया कार्डिया एक दुर्लभ बीमारी है। इस बीमारी को पहचानना मुश्किल होता है क्योंकि इसके लक्षण अक्सर दूसरी बीमारियों से मिलते-जुलते हैं। इसमें निगलने में दिक्कत, बिना वजह खांसी, खाना वापस आना या वजन कम होना शामिल हो सकते हैं। इस मरीज के मामले में अपर जीआई एंडोस्कोपी से पता चला कि भोजन नली का निचला



हिस्सा बहुत कड़ा है। आगे की हाई-रेज़ोल्यूशन मैनोमेट्री जांच में टाइप-2 अचलेसिया की पुष्टि हुई। स्थिति की गंभीरता और जटिलता को देखते हुए डॉक्टरों ने पीओईएम तकनीक चुनी। यह तकनीक पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ज्यादा सुरक्षित, असरदार और तेज़ रिकवरी देने वाली मानी जाती है।

सफल सर्जरी के बाद पारस हेल्थ कानपुर के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अनुराग सचान ने कहा, ÷यह मरीज लगभग एक साल से तकलीफ़ झेल रही थी और उनकी हालत इतनी गंभीर हो गई थी कि रोज़ाना भोजन करना भी मुश्किल हो गया था। पीओईएम अचलेसिया कार्डिया के लिए बेहद असरदार इलाज़ है। हमें गर्व है कि हमने इसे कानपुर में सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस बात से कि मरीज 24 घंटे के अंदर खाना शुरू कर सकी, यह साबित होता है कि यह एडवांस्ड एंडोस्कोपिक तकनीक कितनी सुरक्षित और प्रभावी होती है।

## सुरक्षा बनी प्राथमिकता: मोटर इंश्योरेंस में RSA ऐड-ऑन की लोकप्रियता बढ़ी

**लखनऊ।** किसी भी वाहन चालक के लिए वाहन को चलाते समय सुरक्षा और आराम उनकी पहली प्राथमिकता होती है। इसलिए RSA, या रोडसाइड असिस्टेंस कवरेज ऐड-ऑन, किसी भी टू-व्हीलर या कार की इंश्योरेंस पॉलिसी के साथ लेना महत्वपूर्ण है। RSA पूरे देश में वाहन मालिकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह इमरजेंसी के दौरान तुरंत सहायता प्रदान करता है, जिसमें समय पर मरम्मत, टोइंग, इमरजेंसी की स्थिति में फ्यूल की डिलीवरी कराना या फ्लैट टायर होने पर मिलने वाली मदद शामिल हो सकती है।

मानस कपूर, हेड-टू-व्हीलर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम सुपर और क्रूजर बाइक के मालिकों सहित सीसी मोटरसाइकिल मालिकों ने भी कॉम्प्रिहेंसिव RSA पैकेज चुनने की ओर अधिक प्राथमिकता दिखाई है। जैसे-जैसे उपभोक्ता अधिक शिक्षित होते जा रहे हैं, वे न केवल किफायती RSA विकल्पों की तलाश कर रहे हैं, बल्कि अपनी ज़रूरतों के हिसाब से डिज़ाइन की गई अतिरिक्त सर्विस की भी तलाश कर रहे हैं।

पॉलिसीबाजार के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में 10 प्रतिशत पॉलिसीधारक ही RSA का विकल्प चुन रहे हैं, और यह आंकड़ा हर गुजरते महीने के साथ लगातार बढ़ रहा है। इस वर्ष की दूसरी छमाही में RSA अपनाने के बाद पहली छमाही की तुलना में लगभग दोगुना हो गया है। इंश्योरेंस प्रोवाइडर्स ने भी ग्राहकों की इस विशेष ऐड-ऑन की मांग को महसूस किया है, इसलिए कई कंपनियां बिना किसी लागत या न्यूनतम राशि जैसे 1 रुपये, 10 रुपये आदि के साथ इस ऐड-ऑन को अपनी बेसिक पॉलिसी में जोड़ रही हैं।

अब, RSA को थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी पॉलिसियों के साथ भी लिया जा सकता है।

# आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर 23 सितंबर को खुलेगा

**मुंबई।** आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर (कंपनी) ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफर के लिए प्रति इक्विटी शेयर की कीमत 393 रुपये से 414 रुपये के बीच तय की है, जिसकी फेस वैल्यू5 रुपये है।

आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए मंगलवार, 23 सितंबर 2025 को खुलेगा और गुरुवार, 25 सितंबर 2025 को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 36 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 36 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है।

वर्तमान में बकाया इक्विटी शेयर- 44,714,558 है। प्रत्येक का मूल्य 5 रुपये है। आईपीओ एक फ्रेश इश्यू है, जो 7,450.00 मिलियन रुपये तक का होगा। नए इश्यू से प्राप्त राशि में से 5,500.00 मिलियन रुपये का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं




के लिए किया जाएगा।

कंपनी भारत में एक स्थापित फुल-सर्विस ब्रोकरेज हाउस है, जिसे 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। कंपनी आनंद राठी ब्रांड के तहत रिटेल, हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स, अल्ट्रा-रिच नेटवर्थ इंडिविजुअल्स और संस्थानों कोब्रोकिंग सर्विसेज, मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी और वित्तीय उत्पाद देती है। इसके निवेश विकल्प शेयर, डेरिवेटिव्स, कमोडिटी और करेंसी मार्केट जैसे कई क्षेत्रों में उपलब्ध हैं।

हालांकि कंपनी के ग्राहक हर उम्र के हैं, लेकिन 31 मार्च 2025 तक इसके 1,86,859 सक्रिय ग्राहक 30 साल से ज्यादा उम्र के थे। ये इसके सक्रिय ग्राहकों का 84.36% हैं। कंपनी का तीन दशकों का रिकॉर्ड, ढेर सारे उत्पाद और इस उम्र के ग्राहकों पर फोकस, इसे निरंतर विकास के लिए मजबूत स्थिति में रखता है।

यह कंपनी आनंद राठी ग्रुप का हिस्सा है, जो अपनी ग्रुप कंपनियों के जरिए कई तरह की वित्तीय सेवाएं देती है। 31 मार्च 2025 तक कंपनी भारत के 54 शहरों में 90 शाखाओं, 290 शहरों में 1,125 अधिकृत व्यक्तियों (जिन्हें स्टॉक एक्सचेंज की मंजूरी के बाद नियुक्त किया गया) और ऑनलाइन व डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अपनी ब्रोकिंग और वित्तीय सेवाएं दे रही है।

कंपनी की देशभर में फैली शाखाओं, अधिकृत एजेंटों के नेटवर्क और ऑनलाइन व डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए मौजूदगी के कारण यह टियर-1, टियर-2, टियर-3 और अन्य शहरों में अपने ग्राहकों को सेवाएं दे पाती है।

कंपनी की परिचालन आय वित्तीय वर्ष 2023 में 4,678.26 मिलियन रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025 में 8,456.98 मिलियन रुपये हो गई, जो 34.45त्न की CAGR दर्शाती है। साथ ही, इसका प्रॉफिट आफ्टर टैक्स वित्तीय वर्ष 2023 में 377.45 मिलियन रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025 में 1,036.06 मिलियन रुपये हो गया, जो 65.68% की CAGR दिखाता है।

## एस आर ग्लोबल के बच्चों ने विधान भवन में मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस



**लखनऊ।** बीकेटी स्थित एस आर ग्लोबल स्कूल के छात्रों के लिए आज का दिन काफी यादगार रहा उन्हें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन विधान भवन में मानने का अवसर प्राप्त हुआ। विधान भवन में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना खुद मौजूद रहे और उन्होंने एस आर ग्लोबल के बच्चों को स्वयं गुलगुले एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजन दिए।

यह प्रदर्शनी माननीय प्रधानमंत्री के अद्वितीय नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के प्रति उनके अविरल समर्पण की गाथा को सजीव रूप में प्रस्तुत करती है। जिसको देखने के बाद एस एस आर ग्लोबल के बच्चों में प्रधानमंत्री के जीवन उनके कठिन परिश्रम के बारे में काफी कुछ जाना।

इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना प्रांगण में विधान सभा के अधिकारी, कर्मचारी एवं एस आर ग्लोबल के बच्चे मौजूद रहे सभी ने मिलकर इस जन्मदिवस को उत्साहपूर्वक मनाया।

# अधीनस्थ कर्मियों का लंबित भुगतान नहीं होने तक सीडीपीओ का वेतन बाधित

- 6 महीने तक आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं करने पर दें शोकाल नोटिस
- मिनी स्टेडियम को एक माह में सुधार कर प्रस्तुत करें रिपोर्ट कराई जाएगी जांच : डीएम


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में विकास कार्यों/पोषण समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मनरेगा अंतर्गत मिनी स्टेडियम, खेल के मैदान की समीक्षा दौरान समस्त वीडियो को निर्देशित किया कि जहां भी कुछ कमियां रह गई हैं उसे एक माह के अंदर सुधार कराएं ताकि सभी का रैंडम जांच कराई जा सके।

इस दौरान ब्लॉक वाइज मिनी स्टेडियम/खेल के मैदानों/मनरेगा पार्क का पीपीटी के माध्यम से अवलोकन दौरान संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने जनपद के 44 मनरेगा पार्कों के संबंध में निर्देशित किया कि जिस कार्य के लिए बना है वो कार्य तो होना चाहिए। उन्होंने एक माह में मिट्टी डलवाकर लिबरल करने उपरांत घास लगवाने सहित सभी कार्यों को दुरुस्त किए जाने का निर्देश दिए समस्त खंड विकास अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने एनआरएलएम योजना अंतर्गत समूहों के गठन के संबंध में ब्लॉक वाइज प्रगति रिपोर्ट लेते हुए वर्ष में कितना प्रशिक्षण हुआ किस एजेंसी के माध्यम से किया गया तथा कितने दिन का हुआ आदि की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि 3 दिन का कोई प्रशिक्षण है तो तीन दिन होना चाहिए ऐसा न हो कि एक ही दिन में समाप्त कर दी जाए। सामूहिक विवाह की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया जिस स्तर पर आवेदन लंबित है उसे शीघ्र सत्यापन करा लिए जाएं तथा सितंबर माह में ही 22 से 28 सितंबर के मध्य जन प्रतिनिधि गण से वार्ता कर स्थान चयन करते हुए तिथि निर्धारीत कर ली जाय। छात्र वृत्ति योजना अंतर्गत समाज कल्याण विभाग, अल्प संख्यक कल्याण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि कॉलेज स्तर पर आवेदन फॉरवर्ड हुआ कि नहीं तथा कॉलेज स्तर से फॉरवर्ड हुआ कि नहीं इसकी जांच कर विद्यालय प्रबंधक/प्रधानाचार्य से प्रत्येक दिन मिल कर इस कार्य की शीघ्र पूर्ण कराए। पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यदि वेंडर कार्य नहीं करता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाय, इसके अतिरिक्त फैमिली आईडी की समीक्षा दौरान सभी वीडियो को संशोधित लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिए गए। पोषण समिति की समीक्षा दौरान विभागीय योजनाओं/निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। हॉट कुक मिल योजना अंतर्गत कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों पर बर्तन नहीं होने की जानकारी देने पर ग्राम सभा से क्रय किए जाने का निर्देश दिए गए।

## व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने सीओ से कस्बा में पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग

**अवधनामा संवाददाता, शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन तहसील शोहरतगढ़ के व्यापारियों व पदाधिकारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ पवीन प्रकाश को नगर पंचायत शोहरतगढ़ में चोरी के डर और आशंका से व्यापारियों व्याप्क आसुरक्षा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग रोज ही चोरों की सक्रियता आतंक से आम जनजीवन में व्यापारियों किसानों में आसुरक्षा की भावना व्याप्त है रात में जागने पर विवश है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी से उपरोक्त स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत शोहरतगढ़ व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस सुरक्षा गस्त की तैनाती बढ़ाने की मांग की है। इस दौरान उद्योग व्यापार संगठन टीम शोहरतगढ़ अध्यक्ष आनन्द प्रकाश कसौधन, महामंत्री रामकिशोर उमर, उपाध्यक्ष नन्दू गौड़, प्रगति पाण्डेय, संगठन मंत्री संजू पाण्डेय, कृष्ण कुमार अग्रवाल, योगेन्द्र नाथ वर्मा, धीरेन्द्र अग्रहरि, श्रवण कुमार पटवा, लक्ष्मीकांत आदि लोग मौजूद रहें।

# विकास प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से रूबरू होंगें लोग

- विधायक फाजिलनगर ने अन्य जनप्रतिनिधिगण के साथ फीता काटकर प्रदर्शनी का किया शुभारंभ


प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व, न्यू इन्डिया 2047 तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों विषयक प्रदर्शनी गुरुवार से 02 अक्टूबर तक के लिए जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर के डीपीआरसी में सूचना विभाग द्वारा स्थापित कराई गई 15 दिवसीय प्रदर्शनी का विधायक फाजिलनगर सुरेंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा फीता काट कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात के शासन काल दौरान गुजरात को मॉडल प्रदेश के रूप में ले आए तभी उनकी ख्याति से प्रभावित भारतवासियों द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते थे ताकि अपना देश भी मॉडल के रूप में दुनिया के पटल पर उभर कर आए। उन्होंने कहा कि मोदी जी आज केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के लोकप्रिय नेता हैं। विधायक ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियों व विकास परक योजनाओं व उपलब्धियों ने कीर्तिमानों का अवलोकन करते हुए जनपदवासियों से प्रदर्शनी में आने की अपील भी किया है। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी, विकास के पथ पर अग्रसर नए आयामों सहित जनपद के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रदर्शनी अपने आप में खास है, इसे जरूर देखें। प्रभारी जिला सूचना अधिकारी द्वारा बताया गया कि यह विकास प्रदर्शनी 18 सितम्बर से प्रारंभ होकर 02 अक्टूबर 2025 तक संचालित रहेगी। मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना, निराश्रित पेंशन योजना, 1090 वूमैन पावर योजना, मिशन शक्ति सहित केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी है।

# बैतालपुर में स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** जिले के बैतालपुर स्थित पीएचसी में स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे आने वाले रोगियों की निःशुल्क जांच कर उन्हें दवाएं वितरित की गई। इस दौरान डॉक्टरों ने स्वस्थ जीवन जीने का गुर सिखाए। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम कर रही है।सरकार की प्राथमिकता में स्वास्थ्य केंद्रों की दशा सुधारकर उन्हें बेहतर बनाना है।प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जिलों में मेडिकल कालेजों की स्थापना की जा रही है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रत्येक नागरिकों को स्वस्थ रखने के लिए काम कर रही है। सरकार के योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सबको मिल रहा है।

भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सज्जन मणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों को देखकर विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा हुआ है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मनीष सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम लोग पूरी लगन के साथ आने वाले मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं। यहां मुख्य रूप से प्रभाकर राय,मोनू यादव, बद्री गुप्ता, अजय पांडेय, ऋषिकेश मणि, राजेश निषाद,डॉ विवेक, राकेश पासवान,सुनील मद्धेशिया, कृष्ण नायक,पवन बरनवाल, अवनीश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# हाटा क्षेत्र के करमहां मठ तालाब का होगा सुंदरीकरण


नगर विकास मंत्री से वार्ता करते विधायक

**अवधनामा संवाददाता**

**हाटा, कुशीनगर।** विधान सभा क्षेत्र हाटा के करमहां मठ स्थित तालाब का सुंदरीकरण के लिए हाटा विधायक मोहन वर्मा ने नगर विकास मंत्री से मिलकर जल्द कार्य शुरू कराने की अपील किया।

गुरुवार को लखनऊ स्थित नगर विकास मंत्री एके शर्मा के कार्यालय पहुंचकर हाटा विधायक मोहन वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न संयोजक को अवगत कराया। विधायक मोहन वर्मा ने नगर विकास विभाग और ऊर्जा विभाग से संबंधित मुद्दों पर वार्ता किया। श्री वर्मा ने करमहॉ मठ स्थित तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए पत्रक सौंपा। नगर विकास मंत्री ने तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए आश्वस्त किया। श्री वर्मा ने सुकरौली नगर पंचायत में बिजली कटौती के संबंध में मानक के अनुरूप बिजली आपूर्ति के लिए भी वार्ता किया।

## ज्ञानेंद्र कुमार सिंह अमेठी नये एएसपी बने



**अवधनामा संवाददाता, अमेठी।** अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह को आई पी एस कैडर मिलने और पदोन्नति के बाद गौतम बुद्ध नगर में तैनाती मिली है। शैलेन्द्र कुमार सिंह पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिस उपायुक्त के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

अमेठी का अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है। पुलिस मुख्यालय से जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार 44पी पी एस अधिकारियों का तबादला हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह को झांसी से अमेठी भेजा गया है।

# रामकोला चीनी मिल में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से संपन्न


विश्वकर्मा जयंती पर पूजापाठ करते हुए

**अवधनामा संवाददाता**

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रामकोला यूनिट में विश्वकर्मा पूजा बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर यूनिट परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान विश्वकर्मा से सुरक्षित कार्य वातावरण, उद्योग में प्रगति एवं कर्मचारियों की समृद्धि की कामना की गई। पूजा कार्यक्रम में यूनिट के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूजा के बाद प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधान प्रबंधक ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा उद्योग और श्रमिकों के जीवन में विशेष महत्व रखती है। यह पूजा हमें तकनीकी उत्कृष्टता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने की प्रेरणा देती है।

## ककवा रोड पर गरजा बाबा का बुलडोजर,मानक के विपरीत बने मकानों पर हुई कार्रवाई



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** 18 सितम्बर अमेठी के ककवा रोड पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए बनाई जा रही सर्विस लेन को लेकर प्रशासन ने गुरुवार सुबह 11 बजे से बड़ी कार्रवाई की। मानक के विपरीत बने मकानों पर बुलडोजर चला और कई घरों को आंशिक रूप से ध्वस्त किया गया।

उप जिलाधिकारी आशीष सिंह ने पहले ही प्रभावित लोगों को कई बार नोटिस जारी किए थे और घर-घर जाकर समझाया था कि सर्विस लेन के लिए साढ़े तीन मीटर का मानक तय है। उन्होंने लोगों से अपील की थी कि वे अपने मकानों को मानक के भीतर कर लें, लेकिन चेतावनी के बावजूद कई मकान मालिकों ने निर्माण नहीं हटाया। आज कार्रवाई के दौरान एसडीएम आशीष सिंह के साथ कोतवाली सेकंड इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार यादव, पुलिस बल, राजस्व निरीक्षक राजकुमार सिंह, लेखपाल प्रभारी सुधांशु श्रीवास्तव तथा सेतु निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अमेठी नगर पंचायत की टीम ने भी प्रशासन को सहयोग दिया। कार्रवाई के दौरान कुछ मकानों को क्षतिग्रस्त किया गया, जबकि कई मकान मालिकों को दो दिन की मोहलत देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध निर्माण नहीं हटाए गए तो बुलडोजर फिर से गरजेगा।

# नरेंद्र मोदी माँ भारती के सच्चे उपासक : सूर्य प्रताप शाही

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस तक चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित नमो प्रदर्शनी का आयोजन इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय टाउनहाल में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो और छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत माँ के सच्चे उपासक है, सामान्य परिवार में जन्मे नरेंद्र मोदी बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर समाज की सेवा में लग गए।

गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर गुजरात को मॉडल गुजरात के रूप में प्रस्तुत किया, देश के प्रधानमंत्री के रूप में भारत को विश्व पटल पर सशक्त और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया।

सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा मोदी जी ने देश के स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं के सम्मान की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया है, जिससे देश विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है।

जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाकर समाज के सभी वर्गों के हित के लिए विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि आज से शुरू हुई प्रदर्शनी में आने वाले दिनों में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को प्रदर्शनी का अवलोकन कराया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ी मोदी जी के जीवन वृत से प्रेरणा लेकर समाज और देश की सेवा के लिए आगे आ सके। कार्यक्रम के संयोजक पवन मिश्रा ने कहा कि प्रदर्शनी से युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी ।

नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह और सेवा पखवाड़ा संयोजक अजय कुमार दुबे ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अतिथियों ने टाउनहाल परिसर में पौधरोपण किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला आयोग सदस्य ऋतु शाही, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र,गंगा सिंह कुशवाहा, राजेश मिश्रा, अर्चना पाण्डेय, अंकुर राय, रमेश वर्मा,प्रवीण प्रताप मल्ल, अभय नाथ त्रिपाठी,वीरेंद्र सिंह,प्रभाकर राय, रामअशीष गुप्ता, प्रभुनाथ पाण्डेय, सुब्रत सिंह, अजय सिंह, अभिषेक शाही, राजू भारती उपस्थित रहे।

# कुशीनगर के नए कप्तान बने केशव कुमार मिश्रा

- एसपी संतोष कुमार मिश्र लखनऊ मुख्यालय से हुए अटैच



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक रहे संतोष कुमार मिश्रा का गुरुवार तबादला हो गए। उन्हें पुलिस मुख्यालय लखनऊ से अटैच किया गया है। इनके जगह अंबेडकर नगर के एसपी और 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी केशव कुमार मिश्रा को कुशीनगर का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

मूल रूप से बिहार के दरभंगा के रहने वाले केशव कुमार मिश्रा को कुशीनगर जैसे संवेदनशील जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह सूचना गुरुवार दोपहर से ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी, जिसके बाद जिले में यह चर्चा का विषय बन गई।

कुशीनगर की भौगोलिक स्थिति, नेपाल सीमा से जुड़ा होना और सक्रिय अपराध जगत यहां के पुलिस कप्तान के लिए बड़ी चुनौती माना जाता है। ऐसे में नए एसपी के सामने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और जनता का विश्वास बनाए रखने की अहम जिम्मेदारी होगी। जिले में पुलिस कप्तान की यह अदला-बदली फिलहाल सबसे बड़ी प्रशासनिक खबर बन गई है।

## विश्वकर्मा जयंती पर अमेठी में निकली शोभायात्रा, श्रद्धा के साथ मनाई गई जयंती

**अमेठी।** विश्वकर्मा जयंती जिले में श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाई गई। विश्व कर्मा सेवा समिति की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नगर में स्टेशन रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। गांजे बाजे के साथ नगर भ्रमण के बाद शोभा यात्रा मंदिर में प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुई।

टीकरमाफी में विश्वकर्मा मंदिर पर दीनानाथ विश्व कर्मा के संयोजन में विश्वकर्मा पुराण के पाठ के बाद पूजा एवं प्रसाद वितरण हुआ। खरगपुर ,पीपरपुर , में भी विश्व कर्मा जयंती मनाई गई। आई टी आई अमेठी, गौरीगंज, राजकीय महिला पालीटेक्निक में भी विश्व कर्मा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# तिलोई में नया मेडिकल कॉलेज, 50 एमबीबीएस सीटों की मिली मंजूरी

**अवधनामा संवाददाता**

- अमेठी को बड़ी सौगात

**अमेठी।** राज्य के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने तिलोई स्थित स्वायत्तशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय को सत्र 2025-26 से 50 एमबीबीएस सीटों की मान्यता प्रदान कर दी है। यह ऐतिहासिक निर्णय राज्य के चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में ट्वीट करते हुए बताया कि यह कदम उत्तर प्रदेश को चिकित्सा उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण सफलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में यह प्रयास सफल हुआ है, जिससे प्रदेश के युवाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध होंगे। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के अथक प्रयासों से यह मंजूरी संभव हुई। इससे न केवल अमेठी जिले के विद्यार्थियों को, बल्कि आसपास के जिलों के युवाओं को भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा का लाभ मिलेगा। पहले डॉक्टर बनने के लिए छात्रों को बड़े शहरों जैसे लखनऊ, वाराणसी या दिल्ली का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें घर के पास ही पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज को मिली यह अतिरिक्त सीटें आने वाले वर्षों में क्षेत्र में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने में मदद करेंगी, जिससे मरीजों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवा मिलेगी। साथ ही, यह शिक्षा क्षेत्र में रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा। स्थानीय लोग इस फैसले से अत्यंत खुश हैं। लोगों ने कहा, ÷पहले हमारे बच्चों को डॉक्टर बनने के लिए दूर जाना पड़ता था, अब यही सुविधा उपलब्ध है। यह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।

## होम्योपैथिक अस्पताल में इलाज के नाम पर पैसा मांगने का आरोप

**अवधनामा ब्यूरो, कुशीनगर।** फाजिलनगर विकास खण्ड के एक राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पर इलाज कराने गए एक युवक से वहां तैनात कर्मचारी और डाक्टर का दवा देने के नाम पर पैसा मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें डाक्टर द्वारा शीशी व दवा निजी पैसे से खरीदकर लाना बताया जा रहा है। वीडियो विकास खण्ड के बनकटा बाजार स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय का बताया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो दो मिनट दस सेकंड के इस वीडियो में एक युवक पर्ची लेकर वहां तैनात कर्मचारी के पास जाता है तो उससे दवा देने के नाम पर पैसे कि मांग करता है। इसके बाद वह पर्ची लेकर डाक्टर के चैम्बर में पहुंचता है और इसकी शिकायत करता है तो वहां तैनात डाक्टर जिनका नाम विनायक गोंड बताया जाता है कह रहे है कि विभाग से शीशी और होली नहीं मिलता है यह हम अपने पैसे से खरीद कर लाते है तो इसका पैसा आपको देना होगा।

# चिकित्सक की लापरवाही से प्रसूता की मौत, सीएमओ ने बैठाई जांच

- दुदही क्षेत्र में स्थित मंहथ शिवानंद हॉस्पिटल का मामला

**अवधनामा ब्यूरो**



महंथ शिवानंद हॉस्पिटल पर जुटी लोगों की भींड

**कुशीनगर।** दुदही क्षेत्र में संचालित महंथ शिवानंद हॉस्पिटल के चिकित्सक की लापरवाही से एक प्रसूता की मौत का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि प्रसव पीड़ा होने पर 22 वर्षीय शबनम को परिजन उक्त हॉस्पिटल में भर्ती कराए थे। आपरेशन के दौरान चिकित्सक की लापरवाही से हालत बिगड़ गई उसके बाद हॉस्पिटल प्रबन्धन ने आनन-फानन में महिला को रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में ही शबनम की मृत्यु हो गई।

महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजन महंथ शिवानंद हॉस्पिटल पर पहुंचकर जमकर हंगामा किए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को किसी तरह से समझा बुझाकर शान्त किया। सूत्रो की माने तो इस दौरान हॉस्पिटल प्रशासन की ओर से मामले को रफा दफा करने के लिए परिजनों पर लगातार मैनेज करने का दबाव बनाया जाता रहा।

जानकारी के अनुसार शबनम खातून पत्नी इम्तियाज अंसारी बिहार प्रांत के भितहा थाना क्षेत्र के रूपही गांव की निवासिनी थी। बताया जाता है कि बुधवार को सुबह जब शबनम को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजन उसे दुदही के महंथ शिवानंद हॉस्पिटल में ही भर्ती कराए। परिजनों का आरोप है कि महंथ शिवानंद हॉस्पिटल पर अप्रशिक्षित चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया, जिसके बाद अधिक रक्तस्राव होने से महिला की स्थिति नाजुक हो गई जिसे देख हॉस्पिटल प्रबन्धन ने आनन-फानन में पीड़िता को रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज लेकर जाते समय में रास्ते में शबनम की मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित परिजन मृतका शबनम की शव लेकर अस्पताल पहुंचे, जहा जमकर हंगामा किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत कर परिजनों को समझा-बुझाकर किया। चर्चा है कि देर रात तक हॉस्पिटल के लोगो ने दबाव बनाकर परिजनों को मैनेज करने मे जुटे रहे। सूत्र बताते है कि हॉस्पिटल संचालक मामले को मैनेज करने के लिए हर तरह के अस्त्र-शस्त्र अपनाने में लगे रहे।

**सीएमओ बोले :** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश का कहना है कि मीडिया के माध्यम से जैसे ही उन्हे घटना की जानकारी हुई वह तत्काल डिप्टी सीएमओ के अगुवाई में दो टीम गठित कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

# राणा प्रताप पीजी कालेज में लगा रोजगार मेला

■ नौ कम्पनियों ने 499 लोगों को नौकरी के लिए चुना

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के माडल कैरियर सेंटर और राणा प्रताप पीजी कालेज के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कालेज परिसर में रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिसमें नौ कम्पनियों ने विभिन्न पदों हेतु 499 लोगों को नौकरी के लिए चुना। यह जानकारी देते हुए कालेज के प्लेसमेंट सेल प्रभारी सुनील त्रिपाठी ने बताया कि इस मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से युवक युवतियों का अनंतिम चयन किया है । इन शार्ट लिस्ट लोगों में से कुछ दिनों में अंतिम चयन पूरा कर लिया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ दिनकर कुमार ने बताया कि ग्यारह बजे से शुरू हुये इस रोजगार मेला में 1250 छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया जिसमें से 499 लोग शार्ट लिस्ट हुए हैं। पंजीकरण, साक्षात्कार आदि चयन की पूरी प्रकिया निशुल्क सम्पन्न हुई। प्रबंधक एडवोकेट बालचंद्र सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में चयनित विद्यार्थियों को निजी क्षेत्र की कंपनी ट्रस्ट पावर अर्थिंग प्राइवेट लिमिटेड, बजाज कैपिटल इंश्योरेंस, श्री राम लाइफ इंश्योरेंस, फ्लिपकार्ट, एम आर एफ टायर, टाटा मोटर्स, ब्राइट फ्यूचर व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नौकरी का मौका मिलेगा। सेल्स, मार्केटिंग, आपरेटिंग, पैकिंग व ट्रेनी आदि सेक्टर में यह कंपनियां अच्छी सैलरी के साथ-साथ अन्य सुविधा प्रदान करेंगी। रोजगार मेले के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के साथ कौशल विकसित करना जरूरी है। हुनरमंद को रोजगार की कमी नहीं है। महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाने हेतु लगातार प्रयत्नशील है। मीडिया प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि दिनभर चले इस रोजगार मेले में श्रीराम फइनेंस में 80 पुरुष 49 महिला, बजाज कैपिटल में 51 पुरुष 8 महिला, ट्रस्ट पावर में 30 पुरुष 30 महिला, ब्राइट फ्यूचर में 55 पुरुष 5 महिला चयनित हुए हैं। इसके साथ ही जर्मेनिया टेक्नोलॉजी कंपनी में 92 ,एनएसडीसी में 58, टाटा मोटर्स फ्लिपकार्ट व एम आर एफ में 120 छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। चयन के लिए सभी विद्यार्थियों को रोजगार संयम और एनसीएस पर पंजीकरण अनिवार्य था। साक्षात्कार के समय विद्यार्थियों से हाईस्कूल से लेकर स्नातक तक की मार्कशीट की फोटो कापी, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की फोटो कापी और पासपोर्ट साइज की फोटो जमा कराए गए। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मंजू ठाकुर ने किया। इस अवसर पर संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ अमित तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नीतू सिंह, डॉ शांतिलता, डॉ.बृजेश कुमार सिंह, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी राम कुमार द्विवेदी, रोजगार कार्यालय के वरिष्ठ सहायक ओमप्रकाश, शम्भूनाथ, अजय कुमार व विभांकर प्रताप सिंह आदि सहित महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मनरेगा में लूट कर्मचारियों को भी खुली छूट

■ कलान की बहेगी खेड़ा ग्राम पंचायत में दो लाख 17 हजार से ऊपर मनरेगा धनराशि का दुरुपयोग

■ एक वर्ष बीत जाने के बावजूद नहीं हुई रिकवरी

■ वित्तीय वर्ष 2023 -24 सोशल आडिट के दौरान प्रकाश में आया था मामला

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में मनरेगा के तहत खुली छूट मिलने के कारण कर्मचारियों की बल्ले बल्ले है भ्रष्टाचार के मामले में पकड़े गए तो भ्रष्टाचार की रकम वापस करनी पड़ेगी उसका भी कोई समय नहीं कब वापस होगी और नहीं पकड़े गए तो फिर आपकी बल्ले बल्ले , कहने का मतलब यह है कि मनरेगा में आपने अगर भ्रष्टाचार किया है तो आपको सिर्फ रकम ही वापस करना है आप पर मुकदमा दर्ज नहीं होगा ऐसे कई उदाहरण है और इसी छूट के चलते मनरेगा में लूट मची है अधिकारी कर्मचारी भलीभांति जानते हैं कि अगर मामला जांच में फंस गया तो रकम वापस करनी पड़ेगी कोई कार्रवाई नहीं होगी और मामला जांच में नहीं फंसा तो फिर तो बल्ले बल्ले है और सबसे बड़ी बात यह है कि किसी भी मामले में संबंधित अधिकारी संबंधित कर्मचारी कुछ जानकारी भी देना नहीं चाहते ताकि कोई मामला मीडिया तक ना पहुंच जाए।

### बहेंगी खेड़ा ग्राम पंचायत में 2 लाख 17 हजार मनरेगा धनराशि का दुरुपयोग

सरकार ने मनरेगा में गड़बड़ी रोकने के लिए हर वित्तीय वर्ष में सोशल ऑडिट कराकर मनरेगा में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाया है लेकिन मनरेगा में सोशल ऑडिट टीमों द्वारा मनरेगा धनराशि का दुरुपयोग पकड़े जाने के बावजूद संबंधित खंड विकास अधिकारी और एपीओ जिले पर मनरेगा की कमान संभाले बैठे उपायुक्त श्रम रोजगार दुरुपयोग की गई मनरेगा धनराशि की वसूली नहीं करा पा रहे हैं और करोड़ों में बकाया चल रही दुरुपयोग की गई मनरेगा धनराशि पर जिले के जिम्मेदार अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसा ही एक मामला वित्तीय वर्ष 2023- 24 में सोशल ऑडिट के दौरान कलान ब्लॉक के बहेंगी खेड़ा ग्राम पंचायत का सामने आया था जहां रोजगार सेवक ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान और संबंधित ब्लाक के एपीओ ने एक ही परिवार के कई कई जॉब कार्ड अलग-अलग जारी कर एक ही परिवार में कई कई व्यक्तियों को 100 दिन से अधिक रोजगार देकर लगभग 2 लाख 17 हजार रुपए मनरेगा धनराशि का दुरुपयोग किया था शाहजहांपुर उपायुक्त श्रम रोजगार यशोवर्धन सिंह के अनुसार यह दुरुपयोग की गई धनराशि ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, और संबंधित एपीओ से बराबर -बराबर वसूल की जानी थी लेकिन मिली जानकारी के अनुसार एक साल से ऊपर बीत जाने के बावजूद मनरेगा के तहत दुरुपयोग की गई लगभग 2 लाख 17 हजार रुपए की मनरेगा धनराशि आज तक वसूल नहीं की गयी है।

## प्रधानमंत्री के जीवन को प्रदर्शित करती प्रदर्शनी

**फिरोजाबाद।** सूचना विभाग द्वारा प्रधानमंत्री के जीवन को प्रदर्शित और उनके कार्य और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालती हुई एक प्रदर्शनी स्वशासी राज्य चिकित्सालय परिसर में लगाई गई है, इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जन नेता से जननायक बनने की संपूर्ण यात्रा को भव्य रूप में प्रस्तुत किया गया है, इस प्रदर्शनी का अवलोकन सदर विधायक मनीष असीजा और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने किया, उन्होंने प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व को संपूर्णतः के साथ प्रदर्शित इस प्रदर्शनी की अत्यधिक प्रशंसा की और सभी नागरिकों से अपील भी की, इस युग पुरुष के जीवन वृतांत को देखना आवश्यक है, कि किस तरह प्रधानमंत्री ने कठिन संघर्षों से गुजर कर देश के सर्वोच्च पद को शुशोभित किया, उनका संघर्षमय जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा स्रोत है, कि किस तरह जिंदगी में बड़ी से बड़ी मुसीबत आने के बावजूद भी सफलता के शिखर पर पहुंचा जाता है, इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता और अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आदि उपस्थित रहें।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**शिकोहाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में आज 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्रीय अभियान स्वच्छता ही सेवा है के अंतर्गत वॉलिंटियर्स को स्वच्छता की शपथ दिलाई स जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ एमपी सिंह के अनुसार वर्ष 2025 के लिए यह कार्यक्रम भारत सरकार ने एक बार फिर शुरू किया है जिसमें सार्वजनिक स्थलों की सफाई , स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न प्रकार के इवेंट्स का आयोजन करना, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, हरित स्वच्छ उत्सव आदि प्रमुख बिंदुओं को लेकर कार्यक्रम का आयोजन करना स शपथ के दौरान वॉलिंटियर्स ने प्रण किया।

# जिलाधिकारी ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने आज ग्राम विकास विभाग से संबंधित विभिन्न विभागों के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की, सर्वप्रथम उन्होंने आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा की, पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि 'अगर कहीं भी मौके पर कचरा दिखाई दिया, तो सचिवों की निलंबन की कार्रवाई की जाएगी', जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पर बार-बार सफाई के लिए शिकायत आना बेहद शर्मनाक है, अक्सर यह देखा जा रहा है कि सचिव मौके पर नहीं जा रहे है जिससे शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है, जिलाधिकारी ने कहा कि जिन सचिवों के गांव में गंदगी दिखाई दी, उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने सचिव आदित्य मिश्रा, सचिव अमन प्रसाद, धर्मेंद्र, सुशील कटारिया, भूपेंद्र कुमार के आईजीआरएस के मामले के निस्तारण की स्थितियों को देखा। जहां पर उन्हें यह देखने को मिला कि किसी भी सचिव ने न, तो फील्ड विजिट किया है और न ही शिकायतकर्ता को संतोषजनक उत्तर ही दिया है, उन्होंने कहा कि सचिव फील्ड विजिट करें और फील्ड विजिट करते हुए मौके पर अपना फोटो अवश्य अपलोड करें, अगर किसी की मौके पर फोटोग्राफनहीं मिली तो चार्जशीट बनाकर उनके निलंबन की कार्रवाई की जाएगी, साथ ही उन्होंने आईजीआरएस निस्तारण के संबंध में सबसे खराब स्थिति पाए जाने पर मुख्यालय से संबंद्ध करने की बात कही, 'साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी पंचायत सहायकों का वेतन सही समय पर आहरित करें, जिससे उनके द्वारा किया गया कार्य प्रभावित न हो' इसी तरह जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए उन सचिवों को चार्जशीट देने की बात कही, जिनका प्रदर्शन फार्मर रजिस्ट्री में सबसे खराब है, जबकि सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले सचिवों को प्रशस्ति पत्र देने की बात जिलाधिकारी ने कही, अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पंचायत सचिव आईजीआरएस के मामलों को गंभीरता से लें, स्थलीय निरीक्षण अवश्य करें, जन समस्याओं के निस्तारण हेतु पंचायत भवनों पर अवश्य बैठे, इस समय सेवा पखवाड़ा चल रहा है इसलिए सभी सचिव अपने-अपने गांव में साफ सफाई का समुचित प्रबंध करें, उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन समुचित तरीके से करें, कोई भी अधिकारी व कर्मचारी अपने दायित्वों को किसी अन्य पर न टाले, बल्कि स्वयं अपने दायित्वों का निर्वहन करें, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी संगीता गौतम, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, उपनिदेशक कृषि सहित सभी पंचायत सचिव बैठक में उपस्थित रहे।

# समाजवादियों ने मनाई शिवदयाल सिंह चौरसिया की 30वीं पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद के समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सामाजिक न्याय के पैरोकार पिछड़ों और दलितों के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक भागीदारी के लिए आजीवन भर संघर्ष करने वाले शिवदयाल सिंह चौरसिया की 30वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई और आजादी से लेकर आजादी के बाद तक समाज के दबे, कुचले, पीड़ित, शोषित समाज के पैरोकार रहे शिवदयाल सिंह चौरसिया के संघर्षो पर चर्चा की गईं।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट नें कहा कि स्व. चौरसिया ज़ी को बाबा साहब अम्बेडकर के बाद सामाजिक न्याय का दूसरा सबसे बड़ा योद्धा बताया,उन्होंने कहा कि साइमन कमीशन से लेकर काका कालेलकर रिपोर्ट हर जगह शिवदयाल सिंह चौरसिया ज़ी नें पिछड़ों और वँचितों के लिए संघर्ष किया।युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू नें उन्हें लोक अदालत का जनक बताया और एक अधिवक्ता के रूप में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, राम ज़ी यादव, एडवोकेट आनंद प्रकाश यादव, पेशकार राव, विधान सभा अध्यक्ष गौरव यादव नें चर्चा में भाग लिया!कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील निषाद नें किया! कार्यक्रम में उपस्थित दीपक चौरसिया व ललित चौरसिया नें स्वश्र शिवदयाल सिंह के अधूरे सपनो को पूरा करने का संकल्प लिया कार्यक्रम में पार्टी के तमाम नेतागण व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।इसकी जानकारी अर्जुन गुप्ता जिला सोशल मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी बहराइच ने दी।

# आर डी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी विज्ञान मंथन की कार्यशाला का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक संस्थान और राष्ट्रीय परिषद के तत्वाधान में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा की कार्यशाला आर डी पब्लिक स्कूल, सिरसागंज में राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन एवं प्रबंधक दिलीप जादौन के संयोजन में सम्पन्न हुई। विद्यार्थी विज्ञान मंथन,वीवीएम के राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस परीक्षा के प्रथम चरण की परीक्षा कक्षा 6 एवं 7 की दिनाँक 28/31 अक्टूबर 2025, कक्षा 8 एवं 9 की परीक्षा दिनाँक 29 अक्टूबर/01 नवम्बर 2025, कक्षा 11 एवं 12 की परीक्षा 30 अक्टूबर/02 नवम्बर 2025 है एवं परीक्षा का तरीका ऑनलाइन है। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक 90 मिनट का होगा। छात्र केवल एक बार ही लॉग इन कर सकेंगे। इसके परिणाम की घोषणा 7 नवंबर, 2025 एवं द्वितीय चरण का परिणाम 27 नवम्बर 2025 को होगी। इस परीक्षा का शुल्क व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले छात्रों को दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 25 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए पहचाना जाएगा। शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष दो छात्रों यानी प्रत्येक राज्य से कुल 12 छात्रों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। छात्र अधिक जानकारी ीजजचेरूध्ध्अअउ.वतह.पद पर कर सकते हैं। दिलीप जादौन ने सभी शिक्षक साथियों के साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रोशर का विमोचन करते हुए सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विज्ञान के कार्यक्रमो में प्रतिभाग कराएं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना NER-LJN-2025-159**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / पूर्वोत्तर रेलवे / लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– **ई–निविदा संख्या:** NER-LJN-2025-159, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डलः– ट्रेनों के सुचारू रखरखाव / संचालन के लिए स्टेशनों पर ड्रेन कवर का प्रावधान। अनुमानित लागत(रू): ₹ 37309482.96, अग्रिम धन(रू): ₹ 336600.00, समापन अवधिः 06 माह। 1–उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-159 के लिये ई–निविदा दिनांक 08.10.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2–उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक / इंजीनियरिंग**

**मुजाधि / डब्लू–264 लखनऊ**

**ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें**

## कार्यालय जिला पंचायत, अयोध्या।

पत्रांक : 777/ई-टेण्डर/जि0पं0अयो0/2025-26 दिनांक : 18/09/2025

**अल्प-कालिक ई-निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश क्षेत्र समिति तथा जिला परिषद निर्माण कार्य (प्रथम संशोधन) नियमावली 2020 के क्रम में जिला पंचायत, अयोध्या में वर्ष 2025-26 में पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत निविदाएं ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांकः 26.09.2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक उल्लिखित शर्तों के साथ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 19.09.2025 को सायं 5:00 बजे से दिनांक 26.09.2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आनलाईन निविदा प्रपत्र अपलोड/डाउनलोड किया जा सकता है। तकनीकी निविदाएं दिनांकः 26.09.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे से समिति के समक्ष खोली जायेगी। अन्य राजकीय विभागों के ठेकेदारों से न्यूनतम निविदा दर प्राप्त होने पर जिला पंचायत में वांछित प्रपत्र जमा कर निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क आदि तीन दिवस के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी,**
**जिला पंचायत, अयोध्या।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पौटा कला, विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पौटा कला की वित्तीय वर्ष 2024- 25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार केन्द्रीय वित्त/पंचम राज्य वित्त/आर0जी0एस0ए0/एस0एल0डब्ल्यू0एम0/ग्राम निधि VI/मनरेगा/एस0वी0एम0 योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खंडजा निर्माण/मरम्मत, आंगनबाडी केन्द्र निर्माण/मरम्मत/रंगाई पुताई व पेंटिंग, आंगनबाड़ी किट, वेट मशीन, अस्थाई बाउड्री, स्कूल व पंचायत भवन/राजीव गांधी सेवा केंद्र, ऑपरेशन त्रिनेत्र, इंटरलाकिंग निर्माण, मिट्टी कार्य, विद्यालय कायाकल्प, पुस्तकालय निर्माण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण/मरम्मत, पशुशेड, अमृत सरोवर, फर्नीचर क्रम, सोलर/स्ट्रीट लाइट क्रय/स्ट्रीट लाइट मरम्मत, हैण्डपम्प रीबोर/मरम्मत, ह्यूम पाइप क्रय, ई-रिक्शा क्रय/ई-रिक्शा मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण, कैमरा क्रय, शोकपिट निर्माण, शौचालय मरम्मत, वृक्षारोपण, गौशाला निर्माण, भूसा-चोकर हरा चारा आदि क्रय, अन्नपूर्णा भवन, सी0एस0सी0 निर्माण व प्रचार प्रसार, एस0आई0डब्ल्यू0एम0 के अन्तर्गत कार्य आदि कराये जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिये जिसमें ईट, रोड़ा, खंजर ईट, मोरंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, तार, टाइल्स, पाइप इण्टरलाकिंग ईट, ह्यूम पाइप सोलर/स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी साइन बोर्ड पटान हेतु मिट्टी, ई-रिक्शा, गेट/विन्डो, फोगिंग,स्प्रे, एंटी लार्वा, टीन चादर, कैमरा, ढेली क्रय/मरम्मत, सफाई किट, पंचायत कार्यालय हेतु सामग्री व अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु शीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 01 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें एक सप्ताह बाद अपरान्ह 1 बजे खोली जाएगी।

**(आशमा बेगम)**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत पौटा कला,**
**विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत पौटा कला,**
**विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पीपरावाले, विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पीपरावाले की वित्तीय वर्ष 2024- 25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार केन्द्रीय वित्त/पंचम राज्य वित्त/आर0जी0एस0ए0/एस0एल0डब्ल्यू0एम0/ग्राम निधि VI/मनरेगा/एस0वी0एम0 योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खंडजा निर्माण/मरम्मत, आंगनबाडी केन्द्र निर्माण/मरम्मत/रंगाई पुताई व पेंटिंग, आंगनबाड़ी किट, वेट मशीन, अस्थाई बाउड्री, स्कूल व पंचायत भवन/राजीव गांधी सेवा केंद्र, ऑपरेशन त्रिनेत्र, इंटरलाकिंग निर्माण, मिट्टी कार्य, विद्यालय कायाकल्प, पुस्तकालय निर्माण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण/मरम्मत, पशुशेड, अमृत सरोवर, फर्नीचर क्रम, सोलर/स्ट्रीट लाइट क्रय/स्ट्रीट लाइट मरम्मत, हैण्डपम्प रीबोर/मरम्मत, ह्यूम पाइप क्रय, ई-रिक्शा क्रय/ई-रिक्शा मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण, कैमरा क्रय, शोकपिट निर्माण, शौचालय मरम्मत, वृक्षारोपण, गौशाला निर्माण, भूसा-चोकर हरा चारा आदि क्रय, अन्नपूर्णा भवन, सी0एस0सी0 निर्माण व प्रचार प्रसार, एस0आई0डब्ल्यू0एम0 के अन्तर्गत कार्य आदि कराये जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिये जिसमें ईट, रोड़ा, खंजर ईट, मोरंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, तार, टाइल्स, पाइप इण्टरलाकिंग ईट, ह्यूम पाइप सोलर/स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी साइन बोर्ड पटान हेतु मिट्टी, ई-रिक्शा, गेट/विन्डो, फोगिंग,स्प्रे, एंटी लार्वा, टीन चादर, कैमरा, ढेली क्रय/मरम्मत, सफाई किट, पंचायत कार्यालय हेतु सामग्री व अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु शीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 01 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें एक सप्ताह बाद अपरान्ह 1 बजे खोली जाएगी।

**(पूरन देवी)**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत पीपरावाले,**
**विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत पीपरावाले,**
**विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरहा, विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरहा की वित्तीय वर्ष 2024- 25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार केन्द्रीय वित्त/पंचम राज्य वित्त/आर0जी0एस0ए0/एस0एल0डब्ल्यू0एम0/ग्राम निधि VI/मनरेगा/एस0वी0एम0 योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खंडजा निर्माण/मरम्मत, आंगनबाडी केन्द्र निर्माण/मरम्मत/रंगाई पुताई व पेंटिंग, आंगनबाड़ी किट, वेट मशीन, अस्थाई बाउड्री, स्कूल व पंचायत भवन/राजीव गांधी सेवा केंद्र, ऑपरेशन त्रिनेत्र, इंटरलाकिंग निर्माण, मिट्टी कार्य, विद्यालय कायाकल्प, पुस्तकालय निर्माण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण/मरम्मत, पशुशेड, अमृत सरोवर, फर्नीचर क्रम, सोलर/स्ट्रीट लाइट क्रय/स्ट्रीट लाइट मरम्मत, हैण्डपम्प रीबोर/मरम्मत, ह्यूम पाइप क्रय, ई-रिक्शा क्रय/ई-रिक्शा मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण, कैमरा क्रय, शोकपिट निर्माण, शौचालय मरम्मत, वृक्षारोपण, गौशाला निर्माण, भूसा-चोकर हरा चारा आदि क्रय, अन्नपूर्णा भवन, सी0एस0सी0 निर्माण व प्रचार प्रसार, एस0आई0डब्ल्यू0एम0 के अन्तर्गत कार्य आदि कराये जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिये जिसमें ईट, रोड़ा, खंजर ईट, मोरंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, तार, टाइल्स, पाइप इण्टरलाकिंग ईट, ह्यूम पाइप सोलर/स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी साइन बोर्ड पटान हेतु मिट्टी, ई-रिक्शा, गेट/विन्डो, फोगिंग,स्प्रे, एंटी लार्वा, टीन चादर, कैमरा, ढेली क्रय/मरम्मत, सफाई किट, पंचायत कार्यालय हेतु सामग्री व अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु शीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 01 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें एक सप्ताह बाद अपरान्ह 1 बजे खोली जाएगी।

**(लौंगश्री)**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बरहा,**
**विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत बरहा,**
**विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जिरौनिया, विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जिरौनियो की वित्तीय वर्ष 2024- 25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार केन्द्रीय वित्त/पंचम राज्य वित्त/आर0जी0एस0ए0/एस0एल0डब्ल्यू0एम0/ग्राम निधि VI/मनरेगा/एस0वी0एम0 योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खंडजा निर्माण/मरम्मत, आंगनबाडी केन्द्र निर्माण/मरम्मत/रंगाई पुताई व पेंटिंग, आंगनबाड़ी किट, वेट मशीन, अस्थाई बाउड्री, स्कूल व पंचायत भवन/राजीव गांधी सेवा केंद्र, ऑपरेशन त्रिनेत्र, इंटरलाकिंग निर्माण, मिट्टी कार्य, विद्यालय कायाकल्प, पुस्तकालय निर्माण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण/मरम्मत, पशुशेड, अमृत सरोवर, फर्नीचर क्रम, सोलर/स्ट्रीट लाइट क्रय/स्ट्रीट लाइट मरम्मत, हैण्डपम्प रीबोर/मरम्मत, ह्यूम पाइप क्रय, ई-रिक्शा क्रय/ई-रिक्शा मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण, कैमरा क्रय, शोकपिट निर्माण, शौचालय मरम्मत, वृक्षारोपण, गौशाला निर्माण, भूसा-चोकर हरा चारा आदि क्रय, अन्नपूर्णा भवन, सी0एस0सी0 निर्माण व प्रचार प्रसार, एस0आई0डब्ल्यू0एम0 के अन्तर्गत कार्य आदि कराये जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिये जिसमें ईट, रोड़ा, खंजर ईट, मोरंग, बजरी, सीमेन्ट, सरिया, तार, टाइल्स, पाइप इण्टरलाकिंग ईट, ह्यूम पाइप सोलर/स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी साइन बोर्ड पटान हेतु मिट्टी, ई-रिक्शा, गेट/विन्डो, फोगिंग,स्प्रे, एंटी लार्वा, टीन चादर, कैमरा, ढेली क्रय/मरम्मत, सफाई किट, पंचायत कार्यालय हेतु सामग्री व अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु शीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 01 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें एक सप्ताह बाद अपरान्ह 1 बजे खोली जाएगी।

**(अनिता देवी)**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत जिरौनियो,**
**विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत जिरौनियो,**
**विकास खण्ड ललौरीखेड़ा, पीलीभीत**

# अजय राय हमीरपुर जेल में कैदी की मौत पर मृतक के परिवार से मिले

- जेल में हुई अनिल तिवारी की मौत
- अजय राय ने परिवार को दिया न्याय का भरोसा
- राज्य सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** हमीरपुर जेल में बंद कैदी अनिल तिवारी (33) की संदिग्ध मौत के बाद सियासत गरमा गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने मृतक के परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और न्याय का भरोसा दिलाया। सदर कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर गांव निवासी अनिल तिवारी को हाल ही में एससी/एसटी एक्ट के एक मामले में गिरफ्तार कर हमीरपुर जेल भेजा गया था। परिजनों का आरोप है कि जेल में आने के तीसरे ही दिन अनिल को बुरी तरह से पीटा गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। अनिल के शव पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे उनके आरोपों को बल मिलता है। परिजनों ने इस मामले में जेलर और डिप्टी जेलर समेत आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सूरजपुर गांव पहुंचे और अनिल तिवारी के शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने अनिल की पत्नी पूजा तिवारी और अन्य परिजनों से बात कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अजय राय ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। उन्होंने सवाल उठाया कि जेल जैसी सुरक्षित जगह पर एक कैदी की मौत कैसे हो सकती है उन्होंने इसे प्रशासन की बड़ी लापरवाही बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले में परिवार के साथ खड़ी है और दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगी। अजय राय ने राज्य सरकार से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जेल में इस तरह की घटनाएँ प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती हैं। अजय राय ने कहा कि सरकार को तत्काल इस पर ध्यान देना चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस घटना ने एक बार फिर जेलों में कैदियों के मानवाधिकारों और सुरक्षा पर बहस छेड़ दी है।

## कांशीराम कॉलोनी के 38 आवंटियों को अंतिम नोटिस

**हमीरपुर।** शहर में बनी कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के अंतर्गत आवंटित किए गए 432 भवनों में से 38 आवंटियों को डूडा कार्यालय ने अंतिम नोटिस जारी किया है। ये वे आवंटी हैं जिन्होंने दो नोटिस मिलने के बावजूद अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। परियोजना अधिकारी (डूडा) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 2009-10 में इन भवनों का आवंटन किया गया था, लेकिन कई भवनों को अभी तक उनके आवंटितियों ने अपने कब्जे में नहीं लिया है। इसको लेकर मिल रही लगातार शिकायतों के बाद, अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार (सदर) की अध्यक्षता में एक संयुक्त टीम बनाकर जांच की गई थी। जांच में 72 ऐसे आवंटी पाए गए थे, जिन्हें पहले और दूसरे नोटिस जारी किए गए थे। इनमें से 34 लोगों ने नोटिस का जवाब दे दिया है, लेकिन 38 लोगों ने आज तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसी क्रम में, 15 सितंबर, 2025 को इन 38 आवंटियों के आवासों पर अंतिम नोटिस चस्पा कर दिया गया है। उन्हें एक सप्ताह के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने का समय दिया गया है।

# राठ विधानसभा में मूलभूत समस्याओं को लेकर पूर्व प्रत्याशी ने सौंपा ज्ञापन

- ज्ञापन में उल्लिखित प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** राठ विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहीं राजपूत चन्द्रवती वर्मा ने क्षेत्र की कई मूलभूत समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यह स्थिति विकराल रूप ले सकती है और जनमानस में भारी आक्रोश बढ़ सकता है।

ज्ञापन में मुख्य रूप से किसानों और आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वर्मा ने मांग की है कि जनहित में इन मुद्दों का जल्द से जल्द निवारण किया जाए। स्मार्ट मीटर बिलों पर रोकः स्मार्ट बिजली मीटर से आ रहे अत्यधिक बिलों पर तत्काल रोक लगाई जाए। किसानों को 24 घंटे




बिजलीः किसानों के ट्यूबवेलों को बुवाई के समय 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बिजली कटौती पर नियंत्रणः ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही लगातार बिजली कटौती को तुरंत रोका जाए। खाद की उपलब्धताः किसानों को बैंक सोसाइटियों पर लंबी लाइनों में लगने से बचाने के लिए खाद की तत्काल और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्वच्छता अभियानः नगरों और मोहल्लों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि डायरिया, डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों को फैलने से रोका जा सके। ऋण वसूली पर रोकः किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड, बिजली बिल और अन्य ऋणों की वसूली को फिलहाल रोक दिया जाए, क्योंकि यह खेतों में बुवाई का महत्वपूर्ण समय है। वर्मा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वे इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर त्वरित कार्रवाई करें ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके इस मौके पर सैकड़ो समाजवादी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे जिन की आगवाई चन्द्र वती वर्मा ने की।

## पूर्व राज्यसभा सांसद की पुण्यतिथि पर सपा ने दी श्रद्धांजलि

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर, हमीरपुर स्थित पार्टी कार्यालय में पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि मनाई गई। जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने शिवदयाल चौरसिया को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे राजनीति में सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद रहते हुए चौरसिया जी ने हमेशा जनता के मुद्दों को उठाया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने शिवदयाल चौरसिया को भारतीय राजनीति में उनके सरल व्यक्तित्व और जनकल्याणकारी सोच के लिए हमेशा याद किए जाने की बात कही। इस अवसर पर कलीम चौधरी, युगांक मिश्रा, लाला प्रधान, शिवनायक यादव, राघवेन्द्र यादव, रिजवान खान, सैयद उमर सहित कई अन्य समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लेखपाल पर ग्रामीणों को धमकाकर पैसे वसूलने का आरोप, डीएम से शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिले के सुमेरपुर तहसील में स्थित ग्राम गौरा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि गाँव का लेखपाल छत्रपाल सिंह, सरकारी कामों के लिए उनसे जबरन पैसे वसूलता है। ग्रामीणों ने लेखपाल पर धमकाने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का भी आरोप लगाया है।

शिकायत पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि लेखपाल छत्रपाल सिंह आय, जाति, निवास और जमीन से जुड़े हर काम के लिए मनमाने ढंग से पैसों की मांग करता है। ग्रामीणों के अनुसार, वह आय जाती आदि प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक से 2,000 रुपये, विरासत दर्ज करने मे भी एक से 5 हजार तथा चकरोड मापने के लिए 5,000 से 10,000 रुपये तक वसूलता है। आरोप यह भी है कि यदि कोई गरीब किसान सरकार से मिलने वाली सहायता राशि का 50त्न हिस्सा नहीं देता है, तो लेखपाल उसका काम अधूरा छोड़ देता है।

शिकायत में कहा गया है कि गरीब और असहाय वृद्ध व विधवा महिलाएँ पेंशन बनवाने के लिए भटक रही हैं, लेकिन लेखपाल उनके आय की रिपोर्ट 3 लाख रुपये से अधिक बता देता है, जिससे वे सभी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लेखपाल का व्यवहार दबंग किस्म का है और वह पैसों के लिए उन्हें धमकाता भी है।

ग्रामीणों ने बताया कि लेखपाल छत्रपाल सिंह पहले भी घूस लेते हुए पकड़ा जा चुका है और जेल जा चुका है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लेखपाल का तबादला किसी और गाँव में करने की मांग की है ताकि गाँव के लोगों को राहत मिल सके। इस मामले में जिलाधिकारी ने जाँच का आश्वासन दिया है और कहा है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो लेखपाल के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सुनील कुमार, इन्द्रेश कुमार तथ राजेश आदि मौजूद रहे।

## एनसीएल की पाँच परियोजनाओं में प्रथम चरण की सुरक्षा समिति बैठकें सम्पन्न



**सोनभद्र/सिंगरौली (अवधनामा संवाददाता)** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दुधीचुआ, खड़िया, बीना, कृष्णशिला और ककरी परियोजनाओं में प्रथम चरण की क्षेत्रीय द्विपक्षीय एवं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठकें सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। 8 से 13 सितम्बर, 2025 के बीच आयोजित त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति बैठक में उप महानिदेशक (खनन), डीजीएमएस वाराणसी, राजीव कृष्ण कुमार, उप महानिदेशक (खनन) वाराणसी, उप महानिदेशक (यांत्रिक) एवं उप महानिदेशक (विद्युत), उत्तरी क्षेत्र गाज़ियाबाद, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा संबंधित परियोजनाओं से महाप्रबन्धक, महाप्रबन्धक (सुरक्षा), श्रमिक संगठनों से सुरक्षा समिति के सदस्य एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने, एनसीएल खदानों में संचालन के दौरान विभिन्न सुरक्षा पहलुओं, विभिन्न कार्यों व नवाचारी पहलों, सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुदृढ़ बनाने तथा सुरक्षा में निरंतर सुधार के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। द्विपक्षीय सुरक्षा समिति बैठक में प्रबंधन, श्रमिक संघ प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि एनसीएल की अन्य परियोजनाओं अमलोरी, जयंत, निगाही, ब्लॉक-बी और झिंगुरदा में क्षेत्रीय द्विपक्षीय एवं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठकें द्वितीय चरण में 6 से 11 अक्टूबर, 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी।

# शारदीय नवरात्रिः हमीरपुर में पीस कमेटी की बैठक

- प्रशासन ने की शांति और सौहार्द की अपील

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** आगामी शारदीय नवरात्रि के त्यौहार को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए हमीरपुर के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु, प्रमुख समाजसेवी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसमें संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी शामिल है। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

त्यौहार के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष योजना पर भी चर्चा हुई। मंदिरों और जुलूस मार्गों पर यातायात को नियंत्रित रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका को पूजा स्थलों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग को किसी भी आपात स्थिति के लिए अलर्ट रहने को कहा गया। इस अवसर पर सभी धर्मगुरुओं और समाजसेवियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने समुदायों में शांति और सद्भाव बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचने की सलाह दी गई और किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस को देने का अनुरोध किया गया। प्रशासन ने धार्मिक आयोजनों के आयोजक कमेटी के सदस्यों से ध्वनि नियमों और जुलूसों की समय सीमा का पालन करने की अपील की। सभी उपस्थित लोगों से पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर त्यौहार को शांति, सौहार्द और उल्लासपूर्वक मनाने का आग्रह किया गया। इस बैठक में संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने त्यौहार की तैयारियों पर विस्तृत जानकारी दी।

# यूपीयूएमएस में फैटी लिवर क्लिनिक का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के मेडिसिन विभाग द्वारा बुधवार को ओपीडी में विशेष फैटी लिवर क्लिनिक का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर डॉ.अजय सिंह ने किया। कुलपति ने कहा कि भारत सहित विश्वभर में नॉन-अल्कोहोलिक फैटी लिवर डिज़ीज(ह्वस्नरुष्ठ)तेजी से बढ़ रही है। प्रारंभिक अवस्था में यह रोग लक्षणहीन रहता है और देर से पता चलने पर सिरोसिस, कैंसर या लीवर फेलियर तक की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। ऐसे में यह क्लिनिक रोकथाम व समय पर इलाज हेतु एक अहम कदम है। क्लिनिक के इंचार्ज एसोसिएट प्रो.डॉ.सुशील कुमार यादव ने बताया कि यह क्लिनिक हर बुधवार व शनिवार को हेपेटाइटिस क्लिनिक के साथ चलेगी, जिसमें रोगियों की फाइब्रोस्कैन जांच निःशुल्क की जाएगी। इस क्लिनिक में लिवर फंक्शन टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, फाइब्रोस्कैन, विशेषज्ञ परामर्श, पोषण संबंधी सलाह और जीवनशैली सुधार संबंधी योजनाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ रमाकांत, संकायध्यक्ष प्रोफेसर डॉ आदेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ एसपी सिंह, जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में पंचलाइट का मंचन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** रंगमंच की अग्रणी संस्था समूहन कला संस्थान की दो नाट्य प्रस्तुतियो का समारोह एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत गत संध्या आरम्भ हुआ। समारोह के प्रथम दिन फणीश्वरनाथ 'रेणू' की प्रसिद्ध कहानी ''पंचलाइट'' पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का सफल मंचन प्रतिष्ठित निर्देशक राजकुमार शाह के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख संदीप नायक ने अपने संबोधन में समूहन कला संस्थान के नाटक को मार्मिक एवं संवेदनशील बताते हुए कहा कि नाटक मानवीय मूल्यों को प्रदर्शित करती है एवं सामाजिक एकजुटता पर बल देती है। आज के समाज में इस नाटक की सार्थकता और बढ़ गई है जिसे कलाकारों ने अपनी जीवंत भूमिका से प्रासंगिक बना दिया। परियोजना प्रमुख के साथ अध्यक्षा वनिता समाज प्रज्ञा नायक एवं गणमान्य अधिकारीगण पीयूष श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (रसायन), सी एच किशोर कुमार, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एवं अन्य अतिथिगण ने सुयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन करके किया। डॉ0 ओमप्रकाश, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन- राजभाषा) ने कुशल संचालन करते हुए आगत अतिथियों के प्रति अभिनन्दन ज्ञापित किया। फणीश्वरनाथ 'रेणू' की प्रसिद्ध कहानी ''पंचलाइट'' पर आधारित यह नाटक ग्रामीण जीवन की विड़बनाओं और सामूहिक जीवन की आपसी संघर्ष और एकता को बेहद सरल और हास्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करता है। कहानी की पृष्ठभूमि एक ऐसे गाँव की है, जहाँ एक लंबे इंतजार के बाद गाँव के सामूहिक सहयोग से महतो टोली में पहली बार पेट्रोमेक्स लाई जाती है। पेट्रोमेक्स, जिसे ग्रामीण पंचलाइट कहते हैं। यह पंचलाइट उनके लिए एक ओर जहाँ प्रगति का प्रतीक है तो वहीं दूसरी ओर सम्मान और स्वाभिमान का सूचक भी, लेकिन विडंबना यह है कि टोले के किसी भी व्यक्ति में इसे जलाने की योग्यता नहीं है। यही बात अन्य टोले के लोगों के लिए हँसी का कारण बन जाती है और महतो टोली वाले उपहास का पात्र बनते हैं। इस पंचलाइट को जलाने की कला जानता है केवल एक युवक - गोधन। किंतु महतो टोली ने उसे गाँव बिरादरी से बाहर कर रखा है, क्योंकि वह उसी गाँव की एक लड़की मुनरी से प्रेम करता है। गोधन इस गाँव में बाहर से आकर बसा है और कोई अन्य बाहरी युवक मुनरी से प्रेम करे ये उन्हें स्वीकार नहीं था। इसी कारण उसे अपमानित और बहिष्कृत कर दिया गया, परंतु परिस्थिति ऐसी आती है कि जब पंचलाइट जलाने का अवसर आता है, तो टोली को उसी गोधन की शरण में जाना पड़ता है, जिसे उन्होंने तिरस्कृत कर दिया था। मंच पर अभिनय करने वाले कलाकारों में अक्षत कुमार ने गोधन, राजन कुमार झा नें कथावाचक, श्रेयसी सिन्हा ने गुलरी काकी, अभिषेक विश्वकर्मा ने सरपंच की भूमिका बखूबी अदा की। प्रभात कुमार ग्रामवासी, आलोक कुमार गुप्ता बटेसर, आकाश पाण्डेय पंच ने भी प्रभावित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### उस्ताद शायर साबिर अहमद साबिर, जनवादी कवि अनिल दीक्षित को सम्मानित किया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** पहल साहित्य संस्था उत्तर प्रदेश हिन्दी साहित्य सभा के तत्वाधान में स्व. दादा नेम सिंह रमन जी की किताब का विमोचन मुख्य अतिथि बृजेश कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम बाबू प्रेम जी ने की संचालन सतीश मधुप ने किया। इस मौके पर उस्ताद शायर साबिर अहमद साबिर जनवादी कवि अनिल दीक्षित को सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ राजीव राज, महासचिव रौनक इटावी, कोषाध्यक्ष अनुराग असफल व संस्था के सभी सम्मानित सदस्यों ने अपने आये हुऐ मेहमानों का स्वागत किया और उन सब का शुक्रिया अदा किया।

### एसएसपी ने जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की गयी, जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी(पुलिस), थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

### एनटीपीसी विंध्याचल में ठेकेदारों को दिलाई गई स्वच्छता शपथ



**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** स्वच्छोत्सव के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 18 सितम्बर 2025 को उमंग भवन में ठेकेदारों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एनटीपीसी विंध्याचल तथा मयंक अग्रवाल, शाखा प्रबंधक, ईएसआईसी कार्यालय, सिंगरौली ने शपथ का संचालन किया और संविदा श्रमिकों को जीवन एवं कार्य के प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता, जागरूकता एवं समावेशिता को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# नारायण कॉलेज में हुआ एक राष्ट्र एक चुनाव का कार्यक्रम

वहाज अली निहाल




**इटावा।** नारायण कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव का कार्यक्रम किया गया, जिसमें एक राष्ट्र एक चुनाव के संवयक मोहन शर्मा मुख्य अतिथि अभिषेक ज्ञानार्थी कार्यक्रम संयोजक डॉ धर्मेंद्र शर्मा कार्यक्रम अध्यक्ष अनुरुद्ध गुप्ता जिला संयोजक एक राष्ट्र एक चुनाव अभिषेक सिंह राठौर सह जिला संयोजक एक राष्ट्र एक चुनाव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में गोपाल मोहन शर्मा ने कहा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत में निरंतर चलने वाली चुनावी प्रक्रिया की जगह एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार न केवल भारत के चुनावी तंत्र में सुधार का एक प्रयास है, बल्कि यह देश को विकास और समृद्धि की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम बनाता है। भारत में 1967 तक संसद और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव होते थे। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के एक फैसले ने एक राष्ट्र एक चुनाव प्रक्रिया को बाधित किया। कांग्रेस ने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करके राज्य विधानसभाओं को बर्खास्त कर दिया था और एक राष्ट्र एक चुनाव परंपरा को बदल दिया। जिला संयोजक अनुरुद्ध गुप्ता ने कहाएक राष्ट्र एक चुनाव प्रक्रिया से मतदाता लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान एक ही दिन, एक ही समय पर मतदान कर सकेंगे, इससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और भारतीय लोकतंत्र सुदृढ़ बनेगा। इस प्रक्रिया से क्षेत्रीय दलों का महत्व बरकरार रहेगा। चुनावी प्रक्रिया के दौरान स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करने का वातावरण तैयार किया जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक ज्ञानार्थी ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव से हर क्षेत्र की आवाज़ को राष्ट्रीय मंच मिलेगा और नए नेतृत्व को राष्ट्रीय स्तर पर उभरने का अवसर मिलेगा। एक राष्ट्र, एक चुनाव से भारत की सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक परिपक्वता की वैश्विक छवि को मजबूती मिलेगी। सह संयोजक अभिषेक सिंह राठौर ने कहा सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में यह खर्च 60, 000 करोड़ था, जो वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अनुमानित रूप से 1.35 लाख करोड़ तक पहुँच गया था।

2024 का लोकसभा चुनाव भारत के चुनावी इतिहास का सबसे महंगा चुनाव माना जा सकता है। एक वोट की औसतन लागत 1, 400 थी। विकसित भारत के निर्माण के लिए ÷एक राष्ट्र एक चुनाव÷ सिर्फ चुनावी सुधार नहीं है, बल्कि यह मॉडल देश के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक ढांचे में सुधार लाकर एक सशक्त, स्थिर और समृद्ध भारत का निर्माण करेगा। यह भारत को एक व्यवस्थित और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। धर्मेंद्र शर्मा ने कहा निरंतर चुनाव प्रक्रिया में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू होने से नीति निर्माण में बाधाएं उत्पन्न होती हैं और कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन पर भी असर पड़ता है। समकालिक चुनाव केंद्र और राज्य की नीतियों के बीच समन्वय को बढ़ावा देगा, जैसा कि विश्व स्तर पर समान चुनाव प्रणालियों में देखा गया है। इससे दीर्घकालीन विकास योजनाएं लागू करने में भी सहायता मिलेगी। साथ ही कार्यक्रम में उच्च शिक्षा प्रिंसिपल योगेश दुबे, फार्मेसी के प्रिंसिपल अभिषेक तिवारी अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ईएसआईसी पर जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा एजेंसियों/कॉन्ट्रैक्टर्स एवं श्रमिकों के लिए 18 सितम्बर 2025 को उमंग भवन में ईएसआईसी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिससे कर्मचारी कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया गया। सत्र में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के लाभों पर प्रकाश डाला गया, जो कर्मचारियों को बीमारी, मातृत्व तथा कार्य-सम्बन्धी चोटों की स्थिति में चिकित्सीय देखभाल एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। यह जागरूकता कार्यक्रम भारत सरकार की एसपीआरईई 2025 (Scheme for Promoting Registration of àßmployers and Employees) अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो 1 जुलाई से 31 दिसम्बर 2025 तक संचालित है। इसका उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना एवं अपंजीकृत नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों को ईएसआई अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत कराना है। इस अवसर पर मयंक अग्रवाल, शाखा प्रबंधक, तथा श्री दिव्यांश राय, एमटीएस, ईएसआईसी अस्पताल सह शाखा कार्यालय, सिंगरौली उपस्थित रहे। साथ ही एनटीपीसी विंध्याचल से प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), कुंदन किशोर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पंकज कुमार, उप प्रबंधक (मानव संसाधन) तथा नीरज कुमार झा, वरिष्ठ सहायक अधिकारी (मानव संसाधन) ने सत्र में भाग लिया। स्टेशन द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं ताकि संविदा श्रमिकों को उपलब्ध सामाजिक सुरक्षा लाभों के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाया जा सके।

# सीएम योगी ने की औद्योगिक विकास की समीक्षा



- 05 लाख करोड़ से अधिक निवेश परियोजनाओं की तैयारी, 60 लाख युवाओं को मिला रोजगार
- भूमि अधिग्रहण पर जोर - किसानों को उचित मुआवजा और समन्वय से समाधान के निर्देश
- नोएडा-ग्रेटर नोएडा में फिनटेक हब विकसित करने पर बल, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात को मिलेगी गति
- भूमि का उपयोग न करने वाली औद्योगिक इकाइयों का आवंटन 3 साल बाद होगा रद्द
- सभी जिलों में पटेल रोजगार ज़ोन विकसित करने की योजना-उद्योग और उद्यमिता का बनेगा मॉडल
- विनिर्माण क्षेत्र का 2025-26 में 5 लाख करोड़ का जीवीए लक्ष्य, श्रम सुधार तेज करने के निर्देश

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने 05 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवीं ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन की तैयारी करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ विगत साढ़े 08 वर्षों में अब तक चार ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी है। इसके माध्यम से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं तथा 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी एवं रोजगार की गारण्टी मिली है। उन्होंने निर्देश दिये कि आगामी नवम्बर माह में जी0बी0सी0-05 के आयोजन की तैयारी की जाए। सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रत्येक निवेश प्रस्ताव की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न निजी औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के प्रस्तावों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया सामंजस्य के साथ होनी चाहिए। अपनी भूमि के साथ हर किसी का एक भावनात्मक सम्बन्ध होता है। यह उसके जीवन भर की पूंजी है। यदि प्रदेश हित में उनकी भूमि का अधिग्रहण आवश्यक है, तो उन्हें अच्छा मुआवजा मिलना चाहिए। कहीं से भी उत्पीड़न की शिकायत नहीं आनी चाहिए। संवाद और समन्वय से यह काम बड़ी आसानी से हो सकता है। सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप भूमि अधिग्रहण के लिए वर्तमान मुआवजे की दर में बढ़ोतरी पर विचार करें। यह समय की मांग है, इसी में किसानों का हित है। मुख्यमंत्री ने निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों को बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब विकसित किया जाए। यहां बड़े बैंकिंग संस्थाओं के कार्यालय हों। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात को और बेहतर करने के लिए नियोजित प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि आवंटन के उपरान्त भूमि का समुचित उपयोग न करने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि आवंटन अधिकतम तीन वर्षों के उपरान्त रद्द कर दिया जाए। वह भूमि अन्य निवेशक को आवंटित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टलों को और अधिक सहज व सरल बनाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निवेशक छोटा हो या बड़ा, कार्यालयों के चक्कर किसी को भी न लगाना पड़े। आगामी 22 सितम्बर से प्रभावी होने जा रहे जी0एस0टी0 सुधारों का लाभ हर आम नागरिक को मिले। इससे आम आदमी को सीधा लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों में सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित विशेष रोजगार ज़ोन के विकास की कार्ययोजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध रूप से सभी जनपदों में कम से कम 100 एकड़ में रोजगार ज़ोन का विकास किये जाने हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यह क्षेत्र उद्योग, निवेश, उद्यमिता, नवाचार, कौशल विकास और रोजगार का हब होगा। यह कार्ययोजना पूरे देश में एक मॉडल बनेगी।

## नवरात्रि पर यूपी रोडवेज की सौगात

# 200 नई ए.सी. बसें होंगी शामिल

- यात्रियों को मिलेगी आरामदायक और सुरक्षित यात्रा सुविधा : दयाशंकर

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रदेशवासियों को विशेष उपहार देने जा रहा है। निगम द्वारा 200 नई ए.सी. बसों को सेवा में शामिल किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उक्त सभी बसें अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं द्य इन बसों की विशेषता यह है कि इनमें 2म2 सीटर आरामदायक रीक्लाइन सीटें उपलब्ध कराई गई हैं।जिससे यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में भी पूर्ण सुविधा और आराम मिलेगा।परिवहन मंत्री ने बताया कि बहुत जल्द ये सभी बसें प्रदेश की विभिन्न सड़कों पर दौड़ती नज़र आएंगी। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेश की जनता को यह सौगात दी जा रही है। प्रदेश सरकार की मंशा लोगों को बेहतर सरल आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा मुहैया कराना है। पांच हजार से अधिक बसें 2022 से अब तक निगम बेड़े में शामिल परिवहन मंत्री ने बताया कि 2022 से उनके कार्यभार ग्रहण करने से लेकर अब तक 5000 से अधिक बसें उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हो चुकी हैं।

# विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए अधिकारी टीम भावना से करें कार्य : केशव मौर्य

- सोशल सेक्टर की हर योजना का भरपूर लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को हर हाल मे दिया जाय
- हर कार्यालय में मासिक स्वच्छता अभियान, चलायें: लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाही



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को जनपद बहराइच के भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर एसडीएम, सीओ व विद्युत विभाग के अधिकारी प्रत्येक माह जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित कर स्थानीय समस्याओं का समाधान कराएं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा सीएमओ को निर्देश दिये गये कि अभियान चलाकर समस्त सीएचसी व पीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वच्छता अभियान संचालित किया जाय। स्वच्छता के प्रति लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये, साथ ही मासिक रूप से सभी कार्यालयों में एक दिन विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जाये, जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारी शामिल हों। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि सभी कार्डधारकों को मानक के अनुसार चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाय। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने निर्देश दिये कि मेडिकल कालेज में मानक के अनुसार सभी संसाधन मुहैय्या कराये जाएं ताकि मेडिकल कालेज आने वाले मरीज़ों एवं तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। बिजली आपूर्ति की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि स्थानीय फाल्ट व ट्रांसफार्मर की मरम्मत इत्यादि का कार्य समय से पूर्ण करते हुए शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति में यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाते हुए उनका सहयोग भी प्राप्त किया जाय। निर्देश दिये कि जो भी कार्य कराये जायें,उसमें मानक व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।

# राहुल के सवालों का जवाब देना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी

- वोट चोरी में भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत: प्रमोद
- ट्रम्प के भारत पर लगे आरोपों की प्रमोद तिवारी ने की आलोचना
- पीएम मोदी पर निशाना - जन्मदिन पर देश के सम्मान पर चोट का जवाब क्यों नहीं दिया
- ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेश मंत्री पर गैरजिम्मेदारी का आरोप, आतंकियों के बच निकलने पर उठाए सवाल

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने चुनाव आयोग से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वोट चोरी को लेकर उठाए सवालों के जवाब देने की मांग की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के उठाए सवालों के जवाब देना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चुनाव आयोग पर लगाए आरोपों का जवाब भाजपा के देने पर तंज करते हुए कहा कि क्या इससे साबित नहीं होता कि लोगों के वोट का अधिकार छीनने में भाजपा और चुनाव आयोग दोनों की मिलीभगत है। श्री तिवारी ने कहा कि जब राहुल गांधी निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची में धांधली को लेकर सवाल करते हैं तो भाजपा के पेट में दर्द क्यों बढ़ जाता है। चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत से वोटों को जबरिया घटाया और बढ़ाया जाना लोकतंत्र की हत्या का खतरनाक प्रयास है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प के अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और तस्करी को लेकर अफगानिस्तान, पाकिस्तान सहित तेईस बदनामशुदा देशों के साथ भारत पर लगाए आरोपों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि क्या ट्रम्प ने देश के मान-सम्मान पर छुरा घोंप पीएम मोदी को जन्मदिन का यही उपहार देना मुनासिब समझा। पीएम मोदी में दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव के चलते टैरिफ के बाद अब डोनल्ड ट्रम्प देश के सम्मान पर उंगली उठाने की हिमाकत कर रहे हैं। श्री तिवारी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान के मारे गये आंतकियों और उनके परिजनों के अंतिम संस्कार को लेकर महिमामण्डन पर तीखा आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि भारत की सेना और सरकार सबको पता है कि पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने संचालित हैं। देश की सेना ने बहादुरी के साथ पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सटीक निशानदेही के साथ हमला किया। दुर्भाग्य है कि ऑपरेशन से पहले देश के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को यह सूचना दी कि आतंकी ठिकानों पर हमला करने जा रहे हैं। विदेश मंत्री की इस अपरिपक्ता और गैरजिम्मेदारानापन की वजह से तमाम खूंखार आतंकी भारतीय सेना के सटीक निशाने से तबाह आतंकी शिविरों से जिंदा बच निकले।

### भारत में लोकतंत्र की हत्या हो रही: कांग्रेस मीडिया चेयरमैन

- डॉ. सी.पी. राय का आरोप - चुनाव आयोग की मदद से वोटों की हेराफेरी कर बनी सरकारें
- कांग्रेस नेता ने कहा - पाकिस्तान में चुनाव आयुक्त ने स्वीकार की बेईमानी, भारत में क्यों चुप्पी ?
- नैतिकता के आधार पर जापान में पीएम ने दिया इस्तीफा, भारत में कब जागेगी अंतरात्मा : डॉ. सी.पी. राय



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गुरुवार को हुई पत्रकार वार्ता को लेकर प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि अगर भारत की जगह कोई अन्य लोकतांत्रिक देश होता तो दो बार के ऐसे खुलासों के बाद जिससे साफ हो गया है कि भारत में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है तो अब तक इस्तीफे हो जाते। चुनाव आयुक्त की मदद से वोटों की हेराफेरी कर देश-प्रदेश में सरकारें बनाई जा रही हैं। ऐसे में चुनाव आयोग, केन्द्र सरकार और हेरा-फेरी से बनी प्रदेश सरकारों को एक पल भी सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। डॉ. राय ने कहा कि पकिस्तान जैसे देश में भी जहां पिछले चुनाव के बाद वहां के चुनाव आयुक्त ने प्रेस वार्ता कर स्वीकार किया कि उन्होंने बेईमानी की है, जीते हुए को हराया और हारे लोगों को जिता दिया। उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देते हुए अपने लिए और इस काम में भागीदार सभी के लिए फांसी की सजा की मांग की तो क्या भारत का चुनाव आयोग पाकिस्तान से भी गया-गुजरा हो गया है। डॉ. राय ने कहा कि इधर हाल ही में जापान सहित कुछ देश के प्रधानमंत्रियों ने नैतिकता के आधार पर सिर्फ इन बातों पर अपने पदों से इस्तीफा दे दिया कि वह देशहित और जनहित में काम नहीं कर पाए। आखिर वोटों की चोरी से बने हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री और चुनाव आयुक्त की अंतरात्मा कब जागेगी।

# सांप के काटने से 13 वर्षीय छात्र की मौत, परिवार में मातम

**अवधनामा ब्यूरो**



**पारा लखनऊ।** शनिवार देर रात एक दुखद घटना में, एक 13 वर्षीय छात्र की सांप के काटने से मौत हो गई। छात्र का नाम अनुराग रावत था, जो कक्षा 7 का छात्र था। घटना के बाद, अनुराग को इलाज के लिए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन बुधवार शाम उसकी मौत हो गई। यह घटना पारा थाना क्षेत्र के भरोसा गांव की है।

**रात में सोते समय हुआ हादसा-** अनुराग के पिता, रवि शंकर, जो मजदूरी का काम करते हैं, ने बताया कि शनिवार को देर रात करीब 2 बजे अनुराग अपने घर के कमरे में सो रहा था। उसी दौरान एक सांप ने उसके बाएं हाथ की उंगली पर काट लिया। सांप के काटने के तुरंत बाद, परिवार के सदस्य उसे आनन-फानन में लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा था।

**इलाज के दौरान तोड़ा दम-** अनुराग के माता-पिता, पूनम और रवि शंकर ने उम्मीद नहीं छोड़ी और लगातार उसके ठीक होने की प्रार्थना कर रहे थे। लेकिन बुधवार शाम लगभग 5 बजे इलाज के दौरान अनुराग की मौत हो गई। इस घटना से पूरे परिवार में मातम पसर गया है। अनुराग के भाई-बहन, अनुज, अनमोल और अनुराधा, इस दुखद घटना से सदमे में हैं। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

# दुबग्गा सब्जी मंडी से बाइक चोरी

- पुलिस के सीमा विवाद में उलझा पीड़ित
- इंसाफ की राह में बाधा बनी दो थानों की पुलिस, पीड़ित को करना पड़ा इंतजार

**अवधनामा ब्यूरो**

**दुबग्गा लखनऊ।** लखनऊ के दुबग्गा इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ दुबग्गा सब्जी मंडी से एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। युवक, जिसका नाम राहिल पुत्र इदरीस है, गुरुवार को अपनी काले रंग की स्प्लेंडर बाइक (नंबर UP 32NR3881) लेकर सब्जी खरीदने आया था। उसने अपनी बाइक मंडी के गेट नंबर चार के पास खड़ी की और सामान लेने अंदर चला गया।

जब वह लगभग एक घंटे बाद वापस लौटा, तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। इस घटना के बाद, नितिन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। लेकिन, मामला तब और पेचीदा हो गया जब दो थानों की पुलिस - दुबग्गा और ठाकुरगंज - के बीच सीमा विवाद शुरू हो गया। दोनों थानों के अधिकारी एक-दूसरे के क्षेत्र में घटना होने का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचते रहे। इस खींचतान में पीड़ित को घंटों इंतजार करना पड़ा और उसकी परेशानी बढ़ती गई। पुलिस के इस रवैये से परेशान होकर राहिल ने सोशल मीडिया का सहारा लिया।



जब यह मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में आया, तब उन्होंने तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। इसके बाद, दुबग्गा पुलिस ने नितिन द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि चोरों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि वे जल्द ही चोरों को पकड़ लेंगे, लेकिन इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ जहां अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पुलिस विभाग का आपसी सीमा विवाद आम जनता के लिए मुसीबत बन रहा है।

# मंत्री राकेश सचान ने किया एग्रीफूड 2025 का उद्घाटन

- कृषि एवं खाद्य क्षेत्र में उद्यमिता, नवाचार और सतत विकास पर बल

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ परिसर में एग्रीफूड 2025 कृषि एवं खाद्य विकास में प्रगति, सुधार और नवाचार का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने किया। यह आयोजन एमिटी खाद्य एवं कृषि फाउंडेशन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एक जनपद एक उत्पाद) विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार ÷एक जनपद एक उत्पाद÷ जैसी योजनाओं के माध्यम से कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्यमिता एवं नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नवउद्यम (स्टार्टअप) और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने एग्रीफूड 2025 जैसे आयोजनों को प्रदेश की कृषि और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उद्घाटन सत्र में एमिटी विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अशोक के. चौहान एवं कुलपति प्रो. (डॉ.) बलविंदर शुक्ला ने विचार साझा किए। प्रो. (डॉ.) अनिल वशिष्ठ, प्रो-उपकुलपति, ने उद्यमिता कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान संगोष्ठी की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। तकनीकी सत्रों में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, आचार्य मनीष जी, उद्योग एवं शिक्षाविदों ने खाद्य सुरक्षा, आयुर्वेद की भूमिका, कृषि अपशिष्ट प्रबंधन, सुपरफूड (जैसे मोरिंगा) और सतत विकास जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी का आयोजन निदेशक, एमिटी खाद्य एवं कृषि फाउंडेशन डॉ. शालिनी सिंह विसेन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## लखनऊ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

- कई जिलों में चोरियों को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**अवधनामा ब्यूरो**

**काकोरी लखनऊ।** पुलिस ने काकोरी पुलिस टीम के साथ मिलकर एक बड़े अंतरजनपदीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह लखनऊ और पड़ोसी जिलों में घरों में घुसकर चोरियों को अंजाम देता था। गिरफ्तार किए गए चोरों की पहचान विनोद वर्मा, इन्दल, धनेश पासी, रामखेलावन, मनोहर उर्फ दिनेश, नरेश और विमल के रूप में हुई है। ये सभी अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। इन चोरों के पास से चोरी के कई मोबाइल फोन और चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जैसे टार्च, प्लास, हथौड़ा, आरी के पत्ते, लोहे की रॉड और चाकू बरामद हुए हैं।पुलिस टीम को बुधवार देर रात ग्रामीणों की मदद से जानकारी मिली कि चोर कठिंगरा अंडरपास के पास एक ऑटो से चोरी करने जा रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो चोर पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन ग्रामीणों की सहायता से पुलिस ने पीछा कर उन्हें नहर के किनारे से पकड़ा।

पूछताछ में चोरों ने कबूल की वारदात- पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर गिरफ्तार किए गए चोरों ने कबूल किया कि उन्होंने बुधवार को काकोरी थाना क्षेत्र के सकरा गांव में चार घरों में चोरियां की थीं। इन चोरों ने केशन गौतम, वकीम, नीरज बाबा और पप्पू के घरों से पैसे, मोबाइल फोन और मंदिर की दान पेटी चुराए थे। इन चोरी की वारदातों को लेकर काकोरी थाने में चोरी के आरोप में चार मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह चोरी के लिए ऑटो का इस्तेमाल करता था और संगठित रूप से काम करता था।

गिरफ्तार किए गए सातों चोरों का लंबा आपराधिक इतिहास है। इन पर बाराबंकी, सीतापुर और लखनऊ के अलग-अलग थानों में चोरी और अन्य गंभीर अपराधों के कई मामले पहले से ही दर्ज हैं। इस सफलता के लिए पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर और अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

## लेखपाल डैशबोर्ड का हुआ शुभारंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार ने आज सरोजनी नगर तहसील में लेखपाल डैशबोर्ड का शुभारंभ करते हुए कहा कि लेखपाल द्वारा किए जाने वाले समस्त कार्य अब एक ही प्लेटफार्म पर दिखाई देंगे। लेखपालों द्वारा सिंगल लॉगइन के माध्यम से समस्त कार्यों का सुचारू निस्तारण किया जा सकेगा एवं कार्यों की उच्च स्तर से सतत मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष, राजस्व परिषद ने कहा कि प्रदेश के 22,000 से अधिक लेखपाल प्रतिदिन नागरिकों के सबसे निकट रहकर भूमि अभिलेख अद्यतन, प्रमाणपत्र सत्यापन और राजस्व संबंधी कार्यों का दायित्व निभाते हैं। अब ÷लेखपाल डैशबोर्ड÷ इन सभी कार्यों को ऑनलाइन और अधिक सुव्यवस्थित बनाएगा। अध्यक्ष अनिल कुमार ने विस्तार से बताया कि इस डैशबोर्ड के माध्यम से भूमि अभिलेख संशोधन, आय-जाति-निवास प्रमाणपत्रों की स्थिति, धारा 34, 80, 89 एवं 98 की कार्यवाहियाँ, हल्का मैपिंग और अवकाश स्वीकृति की प्रक्रियाएँ एकल लाग-इन पर उपलब्ध होंगी।

# दादा मियां की दरगाह पर समाजसेवियों और पत्रकारों ने पेश की अकीदत की चादर

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** माल एवेन्यू स्थित हजरत मोहम्मद नबी शाह रह. बाबा के 118 वा उर्स मुबारक बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस मुबारक मौक़े पर दरगाह पर समाजसेवियों और उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन की ओर से अकीदत की चादर पेश की और मुल्क में आपसी भाईचारा, अमन चैन, सुख शांति, प्रदेश की खुशहाली और बाढ़ में फंसे देश वासियों के लिए इज्तिमाई शक्ल में विशेष दुआएं की तथा समाज के सभी वर्गों और पत्रकारों की खुशहाली के लिए भी हुई दुआएं।

इस अवसर पर नवाब मसूद अब्दुल्ला, विधायक रविदास मेहरोत्रा, उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद, सचिव जुबैर अहमद, काशांन्न ए वारिस के अध्यक्ष अरशद मुर्तजा वारसी, फरहा रिज़वी, मुर्तुजा अली, कुदरत ख़ान, परवेज़ अख़्तर, मो अली साहिल, नजम एहसन, नुरैन आलम, सरदार जसबीर गांधी, गौसिया ख़ानम, निदा फातिमा, नूर आलम, अशफाक कुरैशी, शबाब नूर, मोहम्मद इकराम उर्फ गुड्डू, सरफ़रज़ जाहिद, आमिर मुख्तार, छायाकार अतहर रज़ा आरिफ़ मुकीम, सय्यद इक़बाल, मो आफाक, मो शकील, चौधरी शादाब, इत्यादि मौजूद रहे।इन सबकी मौजूदगी में दरगाह के सज्जादा नशीन व मुतवल्ली हज़रत ख़्वाजा सबाहत हसन शाह ने मजार शरीफ पर समाज के सभी वर्गों और पत्रकारों की खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी।इस मौके पर फरहत हसन ने बताया कि इस उर्स में देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए श्रद्धालु हज़रत ख़्वाजा मोहम्मद नबी रज़ा शाह अल मारूफ दादा मियां को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं, रात भर सूफ़ी कव्वाली होती है इसी के साथ लंगर का आयोजन व वितरण भी किया जाता है। इस अवसर पर कई समाजसेवी तथा दर्जनों पत्रकार लोग मौजूद रहे।

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने की जनसुनवाई

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने राजधानी स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों ने सीवर लाइन, सड़क निर्माण, विद्युत बिल सुधार, पोल शिफ्टिंग एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। जनसुनवाई में उपस्थित शिकायतकर्ताओं की बात ध्यानपूर्वक सुनने के बाद मंत्री शर्मा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों पर विशेष रूप से निर्देश देते हुए मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को कहा कि तार एवं पोल लगाने अथवा शिफ्टिंग से पूर्व आस-पास के जमीन मालिकों की सहमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पहले से सहमति ली जाए तो इस प्रकार की विवादित समस्याओं से बचा जा सकता है।